वर्ष 73 अंक 82 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 20 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

आजादी का कोई अर्थ नहीं है यदि इसमें गलतियां करने की आजादी शामिल न हों।
-महात्मा गांधी

## हादी की हत्या के बाद 4 शहरों में हिंसा, दो अखबारों के दफ्तर भी फूंके

# बांग्लादेश में फिर भड़की आग

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता के खिलाफ आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले और भारत के खिलाफ तीखी बयानबाजी करने वाले शरीफ उस्मान हादी की गुरुवार को सिंगापुर में मौत हो गई। इंकलाब मंच के संयोजक की मौत के बाद ढाका में गुरुवार देर रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे और हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रथम आलो (देश के सबसे बड़े बांग्ला अखबार) और डेली स्टार के दफ्तरों पर हमला कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने राजशाही में अवामी लीग के दफ्तर को आग के हवाले कर दिया। वहीं, देश में सुलगी हिंसा को लेकर अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाका में लेवल बैठक बुलाई है।

इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। हादी का शव शुक्रवार शाम को सिंगापुर से ढाका पहुंच गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। प्रदर्शनकारी भीड़ ने देश के प्रोथोम आलो और डेली स्टार अखबारों के ऑफिसों को आग के हवाले कर दिया। भीड़ ने सांस्कृतिक संस्था छायानट को भी नुकसान पहुंचाया और आग लगा दी। यह बांग्लादेश का एक प्रमुख और ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगठन है।


विद्रोहियों ने दैनिक अखबार के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया।

### हिंदू युवक की पीटकर हत्या पेड़ पर लटकाकर जलाया

उस्मान हादी की 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं।

### दावा-छात्र नेता का हत्यारा भारत भागा

शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की 12 दिसंबर को हत्या का मुख्य आरोपी फैसल करीम के भारत भागने का दावा किया जा रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, हत्यारों को ट्रांसपोर्टेशन में सपोर्ट करने वाले आरोपी सिबियन डियू व संजय चिसिम ने अदालत में इसका खुलासा किया है। सुरक्षा बलों के मुताबिक, आरोपी फैसल करीम हादी की हत्या से एक दिन पहले गर्लफ्रेंड के साथ रिजॉर्ट में गया था। वहां गर्लफ्रेंड को कहा था- कल कुछ ऐसा होगा, जिससे बांग्लादेश हिल जाएगा।

### भारत के खिलाफ नारेबाजी

इसके बाद प्रदर्शनकारी गुरुवार देर रात चटगांव में भारतीय उच्चायोग के कार्यालय के बाहर जमा हो गए और कार्यालय पर पत्थरबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने भारत-विरोधी और अवामी लीग-विरोधी नारे लगाए, जैसे भारतीय आक्रमण को ध्वस्त करो! और लीग वालों को पकड़ो और मारो!

### अमेरिकी दूतावास की चेतावनी, अशांति की आशंका

बांग्लादेश में अस्थिरता बढ़ने के बीच अमेरिकी दूतावास ढाका ने अपने नागरिकों के लिए देशव्यापी सुरक्षा चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी हिंसक हो सकते हैं, इसलिए बड़ी भीड़ और प्रदर्शन स्थलों से दूर रहें। यह चेतावनी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के पार्थिव शरीर के ढाका पहुंचने के साथ आई है। हादी की मौत के बाद शनिवार को बड़े प्रदर्शन और प्रार्थना सभाओं की योजना है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है। अमेरिकी नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय मीडिया पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

### हादी का शव ढाका पहुंचा, फिर आगजनी

बांग्लादेश के कट्टर भारत विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत से देशभर में भड़की हिंसा के बीच हादी का शव सिंगापुर से ढाका एयरपोर्ट पहुंच गया है। इस बीच फिर से विद्रोहियों ने आगजनी की है। हादी के शव को शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा लाया जाएगा, जहां जनाजे की नमाज अदा की जाएगी। इसे लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई है। लोगों से किसी भी तरह का बैग और भारी सामान नहीं लाने की सलाह दी गई है। कहा गया कि इस दौरान संसद भवन और उसके आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### इधर, बॉर्डर पर अलर्ट, पूर्वी कमांड प्रमुख ने लिया जायजा

भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने त्रिपुरा के बेलोनिया बॉर्डर आउटपोस्ट का दौरा कर भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा, निगरानी और तैयारी की समीक्षा की। बांग्लादेश की अस्थिर स्थिति के बीच यह दौरा महत्वपूर्ण है। सेना ने शांति बनाए रखने और किसी भी चुनौती से निपटने की पूरी तैयारी की पुष्टि की है। यह दौरा बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शेख हसीना सरकार के जाने के बाद वहां अल्पसंख्यकों पर हमले और अराजकता की खबरें आ रही हैं, जिससे भारतीय सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। पूर्वी कमान ने मिजोरम के परवा में भी असम राइफल्स, बीएसएफ के बेस का दौरा किया, जहां सैनिकों की ऑपरेशनल तैयारी,मनोबल की सराहना की गई।

## सरपंच बनते ही पत्नी ने पति को घर से निकाला

### मंदिर में रातें काट रहा पति कलेक्टर से लगाई गुहार

**जागरण, पन्ना।** पत्नी को रानजीति में आगे बढ़ाना पति के लिए भारी पड़ गया। सरपंच बनते ही पत्नी ने सबसे पहले उसे छोड़ा और अब घर से निकाल दिया। पत्नी को मान - सम्मान दिलवाने वाला पति अब मंदिर में रातें गुजार रहा है। पीड़ित पति ने कलेक्टर को आवेदन देकर पत्नी पर प्रताड़ना और पंचायत की राशि प्रेमी के साथ मौज-मस्ती में उड़ाने के आरोप लगाए हैं। अपनी घर वापसी की गुहार लगाई है। समाज, परिवार के बदलते माहौल का यह मामला पन्ना जिले की ग्राम पंचायत देवगांव का है। यहां रहने वाले मंगल कोंदरे ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि देवगांव में सरपंच पद महिला आरक्षित था, उसने अपनी पत्नी पुष्पा कोंदर को चुनाव लड़वाया और वह जीत गई। मगर चुनाव जीतते ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। पीड़ा बताते हुए पति ने बताया उनके पांच बेटियां और एक पांच साल का बेटा, इसके बावजूद उनकी पत्नी को न तो परिवार की चिंता है और न ही पंचायत के कामकाज की परवाह। सरपंच पत्नी ने मुझे घर से निकाल दिया है, जिसके कारण वह गांव के हनुमान मंदिर में रहने को मजबूर हैं।









## लक्ष्मणबाग के पुजारियों व कर्मचारियों को वितरित किये कंबल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग में पुजारियों एवं आचार्यों को कंबल वितरित किये। उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों को कंबल का वितरण किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी इकाई रीवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# रीवा से इंदौर के लिये नियमित विमान सेवा का 22 दिसंबर को होगा शुभारंभ

### उप मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा, बताया अब दिल्ली के लिए रविवार को भी जायेगी प्लेन

**जागरण, रीवा।** रीवा से इंदौर के लिये एटीआर 72 विमान 22 दिसंबर को उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलाइंस की इस नियमित सेवा में वायुयान दोपहर बाद 1.15 बजे रीवा आयेगा तदुपरांत 1.35 बजे इंदौर रवाना होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 22 दिसंबर को आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 से अधिक सदस्यीय दल के साथ इंदौर से रीवा आयेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वयं इस विमान से 70 से अधिक यात्रियों के साथ इंदौर रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा से नई दिल्ली विमान सेवा के बेहतर परिणाम सामने आये हैं। इसको देखते हुए एलायंस एयर अब रविवार को भी नई दिल्ली से रीवा व रीवा से नई दिल्ली के लिये विमान का संचालन करने की कार्यवाही कर रहा है। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, के.के. गर्ग, बालेन्द्र गौतम सहित इंडिगो के अधिकारी, रीवा एयरपोर्ट के अधिकारी शुभम शर्मा उपस्थित रहे।




## उप परियोजना संचालक ने 31 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

**जागरण, रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मप्र अर्बन डेव्हलपमेंट कंपनी के उप परियोजना संचालक तकनीकी शैलेन्द्र शुक्ला ने शहडोल के एसपीटी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थल का इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्यों के अंतर्गत खरीद और स्थापना का कार्य जो अंतिम चरण में है, का निरीक्षण किया। उन्होंने एसटीपी का कार्य 31 पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीपीडी (टी) ने 33 केवी विद्युत लाइन के कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने करने को कहा। पुनः उपयोग योजना जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल के साथ मिलकर सभी संबंधित स्थलोंका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को पर्याप्त बैरिकेड्स, जीआई सीट व उचित साइनेज लगाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।



## जागरण की खबर पर निगम प्रशासन ने लिया संज्ञान, ठेकेदार से दोबारा शुरू कराया कार्य

### नवनिर्मित पद्मधर पार्क के फिर से उखाड़े जा रहे टाइल्स
### पार्क के निर्माण में गड़बड़ी सामने आने के बाद किया जाएगा सुधार



**जागरण, रीवा।** नगर निगम कार्यालय के बगल में स्थित पद्मधर पार्क में 70 लख रुपए खर्च कर नव निर्माण किया गया लेकिन पार्क की हालत सुधारने की बजाय पहले और अधिक बिगड़ जाने के कारण पूरे पार्क में लगाये गये टाइल्स फिर से उखाड़े जा रहे हैं। इसके निर्माण में न केवल गड़बड़ी किये जाने के आरोप लगाये गये थे बल्कि निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग भी की गई थी। इस शिकायत का असर यह हुआ कि नवनिर्मित पार्क में एक बार फिर से निर्माण करने के लिए उसमें लगे टाइल्स निकाले जा रहे हैं। पूर्व महापौर प्रत्याशी जेपी कुशवाहा ने पार्क के घटिया निर्माण को लेकर नगर निगम के इंजीनियरों की योग्यता पर सवाल उठाया था और इसके लिए दोषी इंजीनियरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। उन्होंने कहा कि निगमायुक्त की कार्यवाही से साबित हो गया कि निर्माण में इंजीनियरों द्वारा व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई थी। उन्होंने कहा कि इसकी तकनीकी जांच की जानी चाहिए कि आखिर पार्क के निर्माण में वास्तविक रूप से कितनी लागत लगी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा मैदान को समतल तक नहीं बनाया जा सका है। यह निर्माण उनकी अनदेखी का जीता जागता उदाहरण है। अगर निर्माण के समय इसकी देखरेख की जाती तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। पार्क में केवल चबूतरा का निर्माण किया गया है और पूरे मैदान में पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं। इसके अलावा और कोई कार्य नहीं किया गया है।

## अटल पार्क में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**जागरण, रीवा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर शहर के सिविल लाइन स्थित नवनिर्मित अटल पार्क में 25 दिसंबर को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिमा का अनावरण केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों किया जाना प्रस्तावित है। अटल पार्क में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना हेतु चल रहे कार्यों का महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थल पर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्य के दौरान पार्क के साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात महापौर ने प्रतिमा निर्माण स्थल में चल रहे प्रतिमा निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान एमआईसी सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, जनप्रतिनिधि अशोक पटेल झब्बू, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एसके गर्ग, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



**प्रतिमा को लेकर सवाल भी उठाया :** महापौर ने कहा कि 25 दिसंबर तक धातु की प्रतिमा का बन पाना लगभग असंभव है, ऐसे में प्लास्टिक की प्रतिमा का अनावरण करना न सिर्फ जनता के साथ धोखा है बल्कि भारत रत्न के साथ एक बड़ा छलावा है। महापौर ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रतिमा अनावरण को लेकर आखिर इतनी जल्द बाजी क्यूं? महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की एमआईसी द्वारा ही अटल जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया था, जिसका बाकायदा 94 लाख 72 हजार की लागत 12 से 14 फीट की कुर्सी में विराजमान प्रतिमा बनाने का ऑर्डर भी दिया गया लेकिन उक्त धातु की प्रतिमा का अब तक निर्माण न होने के बावजूद भाजपा और उनके नेताओं द्वारा जल्दबाजी में प्लास्टिक की ही प्रतिमा का अनावरण करने की तैयारी की जा रही है। कहा कि यह जनता के पैसों का ना सिर्फ दुरुपयोग है बल्कि यह एक बड़ा छलावा भी है क्योंकि कांसे की प्रतिमा के निर्माण के लिए आर्डर दिया जा चुका है। यहां सवाल यह भी कि कोई जिम्मेदार यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि प्रतिमा बनी कितनी है। यदि 17 सितंबर को स्व. श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा तैयार हो गई थी तो पूर्व पीएम अटल बिहारी की प्रतिमा का श्री गणेश अब तक क्यों नहीं हुआ जबकि 25 दिसंबर श्री वाजपेयी की जयंती पर प्रतिमा लगने की भी चर्चा पूर्व से थी।

### ऐसे में स्वच्छता में कैसे नंबर एक बनेगा रीवा

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड को बना दिया कचरा डंप प्वॉइंट, शौचालयों की हालत बदतर

### स्टैंड के साथ ही होटल, टॉकीज का कचरा भी यहीं निपटाया जा रहा




**जागरण, रीवा।** शहर को स्वच्छ बनाने की कवायद नगर निगम कर रहा है,रीवा को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं, किन्तु शहर के जिम्मेदार ही शहर में गंदगी फैलाने पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे। जिसका एक उदाहरण शहर के नए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में देखा जा सकता है। बस स्टैंड में फैलने वाले कचरे के साथ ही अगल-बगल स्थित रेस्टोरेंट, टॉकीज का कचरा भी बड़ी संख्या में एकत्रित होता है, जिसे कचरा वाहन में भरवाने की बजाय बस स्टैंड के समीप स्थित समान पुलिस थाने के बगल से एकत्रित कर दिया जाता है, जिससे यहां गंदगी व बदबू फैलने के साथ ही चौबीसों घंटे आवारा मवेशियों का भी जमघट लगा रहता है, नए बस स्टैंड से प्रदेश सहित अन्य प्रदेश जाने वाली बसें संचालित होती हैं, जिनमें सफर करने बड़ी संख्या में यात्रियों का यहां आना-जाना होता है, किन्तु मारे गंदगी व दुर्गंध के यात्रियों का उनकी बस आने तक समय गुजारना मुश्किल हो जाता है। ठेका पद्धति पर संचालित बस स्टैंड में पहले से ही गंदगी के साथ ही कई अनियमितताएं बरकरार हैं, उपर से कचरा भी यहीं डंप कर दिए जाने से यहां असहनीय दुर्गंध भी फैल रही है। बस स्टैंड के दुकानदारों ने बताया कि बस स्टैंड की नियमित सफाई नहीं होती, कईबार व्यापारी खुद ही राशि एकत्रित कर यहां सफाई करवाते हैं, यहां डाला जाने वाला कचरा यदाकदा हटाया जाता है, नियमित नहीं उठता और पूरी तरह से साफ करके कभी कचरा डालने वाली जगह पर कीटनाशक दवा आदि का छिड़काव भी नहीं किया जाता है, सुबह-शाम के समय तो इस कचरे के कारण फैले मच्छर न तो यात्रियों को चैन से बैठने देते हैं न ही बस स्टैंड के दुकानदारों को, ऊपर से कचरे के कारण यहां विचरते आवारा मवेशी दुकानों में रखी खाद्य सामग्री पर झपटकर कई बार खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचा चुके हैं, आए दिन सांड लड़ते हैं, जो लड़ते-लड़ते दुकानों तक घुस आते हैं, जिससे दुकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त होता है, कई बार तो दुकानदारों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ता है। इस अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी भी कर चुके हैं, किन्तु यहां व्याप्त अनियमितताएं उन्हें दिखाई नहीं दीं, जिससे अभी तक इन अनियमितताओं को दुरुस्त नहीं किया गया।

## अतिक्रमण के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने नहीं किए जा रहे प्रयास




**जागरण, रीवा।** नेशनल हाईवे -30 पर कोहरे के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एनएचआईटी पेट्रोलिंग टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य जोर-शोर से शुरू किया गया है। यह कार्यवाही कटनी सहित समीपस्थ क्षेत्रों में की जा रही है, किन्तु रीवा संभाग के रायपुर, मनगवां, गंगेव, गढ़, कटरा, सोहागी, चाकघाट आदि क्षेत्रों में इस प्रकार की कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही। जबकि इन क्षेत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं घटती हैं, कोहरे के कारण पिछले दिनों एक वाहन दूसरे से जा टकराये, बात करें अतिक्रमण की तो इन क्षेत्रों में भी जगह-जगह अतिक्रमणकारियों की भरमार है, किन्तु एनएचआईटी पेट्रोलिंग टीम द्वारा संबंधित क्षेत्रों पर इस प्रकार की कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही, इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि इस प्रकार की कार्यवाही यहां पर भी आवश्यक है।

## विरोध के बाद मऊगंज कलेक्टर ने निज सहायक को हटाया

**रीवा।** लंबे समय से चल रहे विरोध के बाद मऊगंज कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत निज सहायक पंकज श्रीवास्तव को उनके मूल विभाग उच्च शिक्षा के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। पंकज श्रीवास्तव अब शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि कई सामाजिक संगठनों द्वारा काफी समय से विरोध किया जा रहा था। गुरुवार को अर्धनग्न प्रदर्शन दौरान जेल भी भेजा गया था। कलेक्टर ने उक्त कदम उठाकर मामले का पटाक्षेप कर दिया।

## मैदानी में चलाया गया आप का मप्र जोड़ो अभियान

**जागरण,** रीवा। मैदानी बायपास में आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम और जनसभा का आयोजन रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर दीपक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की। इं. दीपक सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने की जरूरत है, एसआईआर के माध्यम से कई लोगो के नाम काटे और जोड़े जा रहे हैं, इस सब पर ध्यान देने की जरूरत है। इं. दीपक ने कहा कि मैदानी एक तरह से ग्राम पंचायत नहीं अपितु शहर का एक हिस्सा हो गया फिर भी गर्मियों में यहां प्रमुख रूप से पानी की समस्या व्याप्त है ,लोग के बीच पानी को लेकर हाहाकार मचा है। वही धान खरीदी केंद्रों में किसानों से मनमानी बट्टा बसूला जा रहा है, किसान काफी परेशान हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुष्पेंद्र सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, महेश बंसल, लखन कोल, प्रकाश सिंह, रोहित पटेल, नईम अंसारी, दीपू बंसल, गुड्डू बंसल,विमल सोधिया, उमेश यादव, भूपेंद्र पटेल गणेश चौधरी, मोहम्मद फारुख, संदीप पटेल, रवि कुमार, अजय पटेल, अंकित सोधिया सहित अन्य सम्मिलित रहे।




# बायपास सड़क के चौड़ीकरण में किटवरिया के पास जमींदोज कर दी गई नहर

### जेरुका सब माइनर नहर से खेतों में पलेवा के लिए पानी नहीं पहुंचने से किसान चिंतित

**जागरण, रीवा।** चोरहटा से रतहरा तक फोरलेन बायपास सड़क का निर्माण कर रही हरियाणा की केसीसी कंपनी द्वारा इस कदर मनमानी की जा रही है कि उसके द्वारा निर्माण की जद में आने वाली नहर को ही जमींदोज कर दिया गया है लेकिन इसके लिए न तो निर्माण कर रही कंपनी को कोई परवाह है और न ही जल संसाधन के नहर संभाग के अधिकारियों को ही कोई चिंता है। बायपास निर्माता कंपनी की इस लापरवाही के कारण किटवरिया में सैकड़ों एकड़ की जमीन पर सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किटवरिया में अभी तक जहां से नहर का निर्माण किया गया था वहां पर सड़क निर्माण के लिए मिट्टी एवं मुरुम से फिलिंग कर दी गई है जिससे नहर का पानी आगे जाने की संभावना ही समाप्त हो गई है। स्थानीय किसानों द्वारा इसकी सूचना नहर संभाग के अधिकारियों को दी गई लेकिन वे मानने को ही तैयार ही नही है कि उनकी बनाई नहर को भी पाटा भी जा सकता है। दूसरी तरफ रबी फसल की बोनी का निर्धारित समय समाप्त हो चुका है लेकिन अभी तक बायपास सड़क के पार नहर का पानी नहीं पहुंचा है। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए अपने संसाधन है उन्होंने तो अपने खेतों की सिंचाई करके पलेवा लगा लिया है और शेष किसानों के खेत अभी तक पड़े है उनमें पलेवा नहीं लग पाया है।



### गैर जिम्मेदार हैं अधिकारी

नहर संभाग के अधिकारी इतने गैर जिम्मेदार है कि अभी तक नहर के ऊपर सड़क का निर्माण किये जाने की सूचना पाने के बाद भी उन्होंने जेरुका सब माइनर नहर का मौका मुआयना तक नहीं किया है। यह नहर जेरुका से प्रारंभ होकर अटरिया, मढ़ी और किटवरिया होते हुए बायपाास पार कर बीहर नदी में जाकर समाप्त होती है। दूसरी तरफ नहर के ऊपर सड़क का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। अगर जल्द ही इस बारे में कुछ नहीं किया गया तो नहर का पानी जाने की संभावना ही समाप्त हो जाएगी। ऐसा लगता है कि बायपास सड़क निर्माण की देखरेख और मॉनिटरिंग बिल्कुल भी नहीं की जा रही है।

### आंदोलन की रणनीति बना रहे प्रभावित किसान

बायपास निर्माण कर रही केसीसी कंपनी की मनमानी के खिलाफ सिंचाई से वंचित किसान अब आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। स्थानीय किसानों ने बताया कि नहर को पाटकर उसके ऊपर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। किटवरिया के तालाब के पास से नहर सड़क को पार करती थी। पिछले साल तक तालाब के पास सड़क पर पड़े मोटे पाइप के माध्यम से नहर का पानी पार हो जाता था लेकिन इस साल नहर का निर्माण प्रारंभ होने के कारण नहर को पाट दिया गया है, जिससे आगे पानी जाने का रास्ता ही बंद हो गया है।

# धान बिक्री न होने से किसान नाराज विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

### 6 हजार किसानों का रजिस्ट्रेशन रद्द कराने और 6 खरीदी केन्द्रों को बंद कराने का आरोप

**जागरण, रीवा।** जिले के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में धान की बिक्री को लेकर किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। यहां किसान पर्याप्त संख्या में खरीदी केन्द्र न होने से धान बिक्री को लेकर न सिर्फ किसान परेशान हैं बल्कि रजिस्ट्रेशन रद्द करने से किसान धान की बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सेमरिया के पश्चिम क्षेत्र में धान की पर्याप्त खेती होती है लेकिन 40 गांव के किसानों के लिये एक भी खरीदी केन्द्र नहीं है, जिसके चलते किसान धान की बिक्री को लेकर भटकने पर मजबूर हैं। आक्रोशित किसान अपनी समस्याओं को लेकर ना सिर्फ सेमरिया में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि स्थानीय सेमरिया विधायक पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। दरअसल विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप है कि सेमरिया विधायक ने यह कहकर किसानों का रजिस्ट्रेशन रद्द करा दिया कि क्षेत्र के किसान फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं, जबकि यहां ज्यादातर किसान धान की खेती नहीं करते हैं। इतना ही नहीं, आरोप है कि सेमरिया क्षेत्र के 8 खरीदी केन्द्रों में 6 खरीदी केन्द्रों को विधायक की शिकायत पर बंद कर दिया गया है, ऐसे में सिर्फ 2 खरीदी केन्द्र होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल किसान आंदोलनरत है और वह अपनी समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल दुआरी निवासी किसान राकेश सिंह ने विधायक पर सीधे तौर पर आरोप लगाते हुये कहा कि विधायक द्वारा किसानों का ना सिर्फ रजिस्ट्रेशन रद्द कराया या है बल्कि खरीदी केन्द्रों को भी बंद करा दिया गया है, जिससे अब क्षेत्र में सिर्फ2 खरीदी केन्द्र होने से धान बिक्री करने पहुंच रहे किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एक किसान नें कहा कि विधायक द्वारा किसानों को फर्जी बताया जा रहा है और फर्जी रजिस्ट्रेशन कराने का हवाला देकर उनके रजिस्ट्रेशन को ही निरस्त करा दिया गया है। फिलहाल विरोध कर रहे किसान तत्काल बंद किए गए खरीदी केन्द्रों को पुनः चालू कराने और किसानों के रद्द किये गए रजिस्ट्रेशन को बहाल करने की मांग कर रहे हैं।



### ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन आज

**रीवा।** पंचायतों के उप चुनाव तथा नगरीय निकाय के उप चुनाव में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा। मतदान के लिए तैयार की जा रही ईव्हीएम का 20 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रीवा में रेण्डमाईजेशन किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन के बाद संबंधित रिटर्निंग आफीसर दोपहर 3 बजे ईव्हीएम प्राप्त करके उसे स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित कराएंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि रेण्डमाईजेशन तथा मशीनों के सुरक्षित भण्डारण की वीडियोग्राफी की जाएगी।

महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
• मीनोपाज
• परिवार नियोजन
• यूरिन संक्रमण
• गर्भधारण संबंधी समस्या
• किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9074442005

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 अंक 82 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 20 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए







# आज से भोपाल में भी दौड़ेगी मेट्रो

## मिंटो हॉल में 2.30 बजे मुख्यमंत्री और खट्टर करेंगे शुभारंभ, पीएम मोदी भी जुड़ेंगे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आठ साल पहले शुरू हुए मेट्रो फेस-1 प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर का शुभारंभ शनिवार दोपहर 2.30 बजे होगा। मिंटो हॉल में लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद भोपाल, महापौर और भोपाल के सभी विधायक मौजूद रहेंगे। एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कार्यक्रम में शामिल करने के लिए न्यौता भेजा है। 45 मिनट के कार्यक्रम में पीएम मोदी मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे और शहरवासियों को मेट्रो सुविधा शुरू होने पर शुभकामनाएं देंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पीएम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडेंगे या फिर उनका वीडियो संदेश प्रसारित किया जाएगा। 45 मिनट के कार्यक्रम के बाद सभी अतिथि सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के लिए रवाना होंगे। शाम 5.10 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से पहली बार भोपाल शहर में मेट्रो शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाई जाएगी। केंद्र मंत्री खट्टर और सीएम डॉ. मोहन यादव हरी झंडी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे। शाम 5.15 बजे मेट्रो सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रवाना होगी और आधे घंटे बाद 5.45 मिनट पर एम्स स्टेशन पर पहुंचेगी। शाम 6 बजे एम्स स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री खट्टर और सीएम डॉ. यादव आम लोगों को संबोधित करेंगे।





# 25 मिनट का सफर, हर 3 मिनट में स्टापेज

**खास बातें**

- एम्स से सुभाष नगर तक 25 मिनट में पहुंचेगी ट्रेन ट्रेन
- 3 से 4 मिनट के बीच तय होगी एक मेट्रो स्टेशन से दूसरे मेट्रो स्टेशन के बीच की दूरी, इसी समय सीमा में स्टॉपेज भी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेट्रो का लोकार्पण शनिवार को होगा, लेकिन शहरवासी मेट्रो में रविवार से सफर कर सकेंगे। ८ साल की मेहनत के बाद तैयार हुए 7.5 किमी के मेट्रो कॉरिडोर में मेट्रो ट्रेन ८ स्टेशनों पर रुकेगी। एक से दूसरे स्टेशन का सफर 3 से 4 मिनट में तय होगा। खास बात यह है कि ट्रेन स्टापेज भी इसी समय सीमा में होगा। दोपहिया या चार पहिया में इन स्थानों की दूरी तय करने में 4 से 6 मिनट लगते हैं। मेट्रो में तेज गति से कम दाम में सफर हो सकेगा। शहर में रोजाना पहली मेट्रो की शुरुआत सुबह 9 बजे एम्स स्टेशन से होगी। यह ट्रेन 25 मिनट बाद 9.25 पर सुभाष नगर पहुंचेगी।

### केवल एक रैक से होगा संचालन

शुरुआत में दोनों ओर से सिर्फ एक ही रैक आम लोगों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी टाइमिंग तय कर दी गई हैं। जैसे ही यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। रैक की संख्या बढ़ा दी जाएगी। खास बात यह है कि भोपाल में मेट्रो स्टेशनों के नाम शहरी क्षेत्रों के नाम पर रखे गए हैं। इंदौर में पहले महापुरुषों के नाम पर स्टेशनों के नाम रख गए थे, जिससे आमजन को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। शुरुआत में एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो 9 फेरे लगाएगी, सुभाष नगर से एम्स तक 8 फेरे लगाएगी।

## दिल्ली में धुंध-कोहरे से 152 फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में शुक्रवार को लगातार छठे दिन हवा बेहद खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे दिल्ली में एक्यूआई 387 दर्ज किया गया। शहर में हवा की गुणवत्ता और भी बिगड़ गई है। कल शाम 4 बजे एक्यूआई 373 था। प्रदूषण के साथ शहर के ज्यादातर हिस्से जहरीले धुंध (स्मॉग) की चपेट में हैं। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दिनभर के लिए 152 फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कैंसिल होने वाली फ्लाइट्स में 79 दिल्ली से जाने और 73 आने वाली फ्लाइट्स हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी शामिल हैं। कई उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी कई एयरलाइनों ने उड़ानें प्रभावित होने की आशंका को लेकर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इससे पहले गुरुवार को धुंध से एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रह गई। इसके चलते 27 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। 100 से अधिक विमान देरी से उड़े। 80 से अधिक ट्रेन लेट हो गईं। दिल्ली में गुरुवार से ग्रैप-4 फेज लागू हो गया। इसके तहत दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। बीएस-6 मानक से पुराने बाहरी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है। दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम भी लागू हो गया है, जिसके तहत पीसीबी सर्टिफिकेट के बिना गाड़ियों को पेट्रोल, डीजल या सीएनजी नहीं दिया जाएगा। इसके तहत गुरुवार को 3,700 गाड़ियों के चालान काटे। 570 वाहन बॉर्डर से वापस भेजे। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने एंट्री पॉइंट्स पर पांच हजार वाहनों की जांच की।

**1 बेट एप सट्टेबाजी केसः** बॉलीवुड एक्टरों और खिलाड़ियों पर सख्ती

# युवराज-सूद सहित सेलेब्स की 1000 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सट्टेबाजी केस में पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद, एक्ट्रेस नेहा शर्मा समेत कई सेलेब्स की संपत्तियां जब्त की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस केस में मॉडल-एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की मां, बंगाली एक्टर अंकुश हाजरा, पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के अलावा पूर्व टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती की संपत्तियों को भी ईडी ने जब्त कर लिया है। जब्त संपत्तियों की अनुमानित कीमत 1,000 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। इसमें सोनू सूद की लगभग 1 करोड़ रुपए, मिमी चक्रवर्ती की 59 लाख रुपए, युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपए, नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ रुपए, उथप्पा की 8.26 लाख रुपए, अंकुश हाजरा की 47 लाख और उर्वशी रौतेला की मां की 2.02 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है।



सूत्रों के अनुसार, फेडरल प्रॉब एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद एक्शन लिया है। इन सभी सेलेब्स पर आरोप है कि इन्होंने 1×बेट नाम के सट्टेबाजी ऐप का प्रमोशन किया। प्रमोशन के बदले मिलने वाली रकम को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए लिया। बता दें कि इन सभी सेलेब्स से इस मामले में पहले ईडी द्वारा पूछताछ की गई थी। एजेंसी ने कुछ समय पहले पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी।

### 18 साल पुराना बेटिंग प्लेटफॉर्म, भारत में बैन

1×बेट साइप्रस की ऑनलाइन बेटिंग कंपनी (2007) है। यह दुनिया भर में खेल आयोजनों पर सट्टा लगाने की सुविधा देती है। कंपनी खुद को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी बताती है। इसका एप और वेबसाइट 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। भारत में यह प्लेटफॉर्म प्रतिबंधित है। यह जांच अवैध बेटिंग एप से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। कंपनी का दावा है कि 1×बेट एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट और एप 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। 1×बेट चांस बेस्ड गेम्स एप है।

### इधर, देशभर के 30 ठिकानों पर रेड, ड्रीम-11 भी जांच के घेरे में

देश के बहुचर्चित 2,434 करोड़ के धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का असर छत्तीसगढ़ तक पहुंच गया है। जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े इस मामले में ईडी ने रायपुर समेत देश के कई बड़े शहरों में एक साथ छापेमारी की है। रायपुर में कंपनी और उससे जुड़े व्यक्तियों के ठिकानों पर ईडी की विशेष टीम ने दबिश दी, जहां से अहम दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हुई यह कार्रवाई इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि जांच एजेंसी को राज्य के जरिए हुए संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के संकेत मिले हैं।

रायपुर कनेक्शन की जांचः ईडी को संदेह है कि रायपुर और आसपास के इलाकों में रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाई गई रकम को आगे विदेशी कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। एजेंसी को कुछ ऐसे ट्रांजेक्शन मिले हैं, जिनका सीधा संबंध ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों से बताया जा रहा है। जांच एजेंसी रायपुर में बैंकिंग ट्रांजेक्शन, प्रॉपर्टी डील, कंपनियों के डायरेक्टर्स और पार्टनर्स से जुड़े रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि छत्तीसगढ़ से जुड़े कुछ कारोबारी समूह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं, जिससे आने वाले दिनों में राच्य में ईडी की कार्रवाई और बढ़ सकती है। सीबीआई ने आनंद जयकुमार जैन, उनकी कंपनी जय कॉर्प लिमिटेड, कारोबारी पराग शांतिलाल पारेख और कई अन्य कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आनंद जैन मशहूर गेमिंग कंपनी ड्रीम11 के को-फाउंडर हर्ष जैन के पिता हैं, जिससे यह केस और भी हाई-प्रोफाइल बन गया है।

## महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई केस पर रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेशनल हेराल्ड केस में विशेष अदालत ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के इस फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी को नेशनल हेराल्ड केस को राजनीति से प्रेरित बता सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का मौका मिल गया था। अब विपक्ष को सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का एक और मौका मिल गया है। कैश फॉर क्वैरी मामले में पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई के चार्जशीट दायर करने से जुड़ा केस भी धराशायी हो गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ को बड़ी राहत देते हुए लोकपाल के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की अनुमति दी गई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल व जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने लोकपाल को मामले में महुआ मोइत्रा की दलीलों पर ठीक से विचार कर एक महीने में फैसला लेने के लिए कहा है। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले में मोइत्रा के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की मंजूरी दे दी थी।

वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम में सीएम बोले

# तेजी से बदल रहा है मप्र का औद्योगिक परिदृश्य



### निवेशको को दिया न्यौता

सीएम ने कहा, ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष के समापन पर अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट' का आयोजन होगा। उन्होंने निवेशको को इस समिट में शामिल होने आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के सफल समापन का साक्षी बनेगा।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हरसंभव मदद करने को तत्पर है। निवेशकों को साथ सरकार हर पल है। सीएम शुक्रवार को मुम्बई में वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, निवेशक, उद्योगपति, निवेशक मिलकर मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थनीति, वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व व भविष्य की दिशा तय करती है। बीता दशक पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# भारत ने जीती लगातार 8वीं टी-20 सीरीज




## अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराया

**अहमदाबाद, जेएनएन।** भारत ने पांच मैचों की सीरीज के अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज 3-1 से अपने नाम की और टी-20 विश्व कप 2024 के बाद से भारत अब तक इस प्रारूप में एक भी सीरीज नहीं हारा है। टीम इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए अंतिम मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ५ विकेट पर 231 रन बनाए। हार्दिक ने 25 गेंद में 63 और तिलक ने 42 गेंद में 73 रन बनाए। जवाब में द.अफ्रीका की टीम 20 ओवर में ८ विकेट खोकर 201 रन बना पाई। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज वरुण ने ४ विकेट लिए, बुमराह को दो विकेट मिले। ( **विस्तृत पेज-11 पर** )

### अंडर-19 एशिया कपः 11 साल बाद फाइनल में भिड़ेंगे भारत-पाक

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय टीम ने एशिया कप अंडर-19 के सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। दोनों टीमें इस टूर्नामेंट में 11 साल बाद फाइनल में खेलेंगी। आखिरी बार भारत अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को 2014 में एशिया कप फाइनल में हराया था, जब भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, संजू सैमसन और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी थे।

**एपस्टीन सेक्स स्कैंडल** अमेरिका में सामने आ रहीं अरबपतियों की निजी तस्वीरें

# बिल गेट्स, बैनन समेत पांच हस्तियों के खुले 'राज'

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के कुख्यात एपस्टीन सेक्स स्कैंडल के खुलासे के बाद अमेरिका सहित दुनिया में कई अरबपतियों के राज उजागर हो गए हैं। गुरुवार देर रात स्कैंडल से जुड़ी 68 नई तस्वीरें सामने आई। इनको अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया था। इसमें अरबपति बिल गेट्स, गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रंप के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन जैसी 5 बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं।

### पूर्व ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू

- **1. फोटो में प्रिंस एंड्रयू 17 वर्षीयः** वर्जीनिया गिफ्रे की कमर पर हाथ रखे हुए हैं। फोटो 10 मार्च 2001 को लंदन के एक घर पर ली गई थी।
- **2. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपः** तस्वीर में ट्रंप 6 महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं, जिनके चेहरे छिपाए गए हैं।
- **3. पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटनः** इस तस्वीर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन (बीच में), जेफ्री एपस्टीन (दाएं), उसकी प्रेमिका गिस्लेन मैक्सवेल (दाएं से दूसरी) हैं।



### और भी दस्तावेज होंगे जारी

कुख्यात एपस्टीन सेक्स स्कैंडल के तहत दूसरे दिन भी कई दस्तावेज जारी किए जाएंगे। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग कई लाख दस्तावेज जारी करेगा। माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख बिजनेसमैन और नेताओं के नाम इन फाइलों में दर्ज हैं। फाइलों में हजारों पेज के दस्तावेज, 95 हजार तस्वीरें और बैंक रिकॉर्ड्स शामिल हैं।

### अब तक क्या-क्या?

एपस्टीन मामले से जुड़े बहुत सारे दस्तावेज पहले ही सामने आ चुके हैं। इनमें मैक्सवेल का 2021 का आपराधिक ट्रायल, जस्टिस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट और कई दीवानी मुकदमों के कागजात शामिल हैं। साल की शुरुआत में जस्टिस डिपार्टमेंट और एफबीआई में ट्रंप के नियुक्त अधिकारियों ने एपस्टीन से जुड़ी सीक्रेट फाइलें जारी की थीं, लेकिन उनमें ज्यादातर पहले से ही सार्वजनिक थी।

### एपस्टीन केस की शुरुआत

इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया। जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है। धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए। पाम बीच पुलिस डिपार्टमेंट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कई महीनों तक छानबीन की। इसके बाद एपस्टीन के खिलाफ क्रिमिनल जांच शुरू हुई।

### फाइलों में क्या-क्या सामने आएगा

फाइलें जारी करने के बाद सरकार को जनता को कुछ बातें साफ-साफ बतानी होंगी। जैसे यह बताना होगा कि दस्तावेजों में कौन-कौन से हिस्से काले किए गए हैं और ऐसा क्यों किया गया। साथ ही यह भी बताना होगा कि किस तरह की सामग्री जनता के सामने रखी गई और किस तरह की सामग्री को जारी नहीं किया गया। इसके अलावा सरकार को उन सभी सरकारी अधिकारियों और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों की पूरी सूची भी देनी होगी, जिनका नाम या किसी भी तरह का जिक्र इन फाइलों में आता है। यह सारी जानकारियां फाइलें जारी होने के 15 दिनों के अंदर सार्वजनिक करना जरूरी होगा। यह अभी साफ नहीं है कि वास्तव में कौन-कौन से दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएंगे और उनमें से कितना नया होगा। पिछले करीब 20 सालों में एपस्टीन के यौन अपराधों से जुड़े हजारों दस्तावेज पहले ही दीवानी मुकदमों और सूचना के अधिकार जैसी मांगों के जरिए सामने आ चुके हैं।

कंपनी के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# अनाज के नाम पर 22.88 करोड़ रुपए की चपत

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर की आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए लाभांशी मल्टीट्रेड प्रालि के संचालकों पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर बैंक में 22.88 करोड़ के गबन का गंभीर आरोप है। खास बात यह है कि आरोपियों ने बैंक के पास बंधक रखे अनाज (सोयाबीन और चना) को चोरी-छिपे ठिकाने लगा दिया। जांच में खुलासा हुआ कि धार निवासी आयुष अग्रवाल और उनके परिवार ने दि कॉसमोस को-ऑपरेटिव बैंक लि. से वर्ष 2019 में मशीनरी खरीदने के नाम पर 2.50 करोड़ का टर्म लोन और 2.50 करोड़ की कैश क्रेडिट लिमिट ली थी। इसके बाद बैंक ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### कागजों पर स्टॉक दिखाकर 6.87 करोड़ की हेराफेरी

ईओडब्ल्यू ने ही धोखाधड़ी के मामले में केशव प्रोटीन्स एंड ऑर्गेनिक एलएलपी नाम की एक कंपनी के संचालकों पर केस दर्ज किया है। कंपनी ने फर्जी तरीके से एचडीएफसी बैंक से करोड़ों का कर्ज लेकर रकम हड़प ली। फर्म के पार्टनर्स ने लोन लेने के बैंक के दस्तावेजों में स्टॉक को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। कागजों पर इस स्टॉक के दम पर बैंक से पहले 7.41 करोड़ का लोन लिया और फिर उसे बढ़वाकर 8.72 करोड़ करवा लिया। जांच में खुलासा हुआ कि लोन की रकम जिस काम के लिए ली गई थी, उसमें इस्तेमाल नहीं हुई। दो साल तक कंपनी थोड़ी रकम जमा भी करती रही। बाद में कंपनी ने लोन के 6.87 करोड़ जमा नहीं किए और बैंक ने खाते को एनपीए घोषित कर शिकायत की।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## घातक हो सकती है मशीन पर इंसान की निर्भरता

*ऑनलाइन गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन अब कुछ मामलों में एआइ से संवाद को हत्या तक के लिए जिम्मेदार बताया जाने लगा है।*

*कोई भी तकनीक अगर मनुष्य के लिए सहयोगी की भूमिका में है, तो वह बेशक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन वह अगर निर्भरता का मामला बनता है तो उसके घातक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। इस लिहाज से देखें तो समूची दुनिया में इंटरनेट के तेजी से विस्तार के साथ मनुष्य को अपने जीवन के विविध पक्षों के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके नए स्वरूप ने कुछ ऐसी स्थितियां भी पैदा की हैं, जिससे पार पाना अब एक अहम चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ के अलग-अलग मंचों ने आज हरेक विषय पर जानकारी हासिल करने से लेकर कई स्तर पर अपनी उपयोगिता की वजह से व्यापक जगह बना ली है।*

*इसी क्रम में एक पहलू इस तकनीक के साथ संवाद भी है, जहां किसी व्यक्ति के अमूमन हर तरह के सवाल का जवाब मिल सकता है। यह अलग बात है कि उसके सही या गलत होने की परख के लिए इंसान को अपने विवेक को सजग रखना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस खासियत का प्रचार-प्रसार तो बहुत हुआ, लेकिन इसकी सीमाओं के बारे में ज्यादातर लोगों के पास ठोस जानकारी और उसके उपयोग के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार लोग और खासतौर पर बच्चे एआइ के साथ संवाद के क्रम में उलझ जाते हैं या फिर भ्रम का शिकार होकर कोई प्रतिगामी कदम भी उठा लेते हैं।*

*गौरतलब है कि अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के कनेक्टिकट में एक तिरासी वर्ष की बुजुर्ग महिला के परिजनों ने हत्या और आत्महत्या के मामले में चैटजीपीटी की भूमिका को लेकर ओपन एआइ और माइक्रोसाफ्ट के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एआइ वाले चैटबॉट ने बेटे के मन में अपनी मां के बारे में भ्रम और संदेह को इतना बढ़ाया कि उसने मां की हत्या करके आत्महत्या कर ली।*

*अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस एआइ ने हत्या करने वाले व्यक्ति के मन में सबके साथ-साथ अपनी मां के प्रति भी केवल शक और आशंका भर दी। उसे चैटजीपीटी को छोड़ कर अन्य किसी की भी बात पर विश्वास नहीं रहा। इस तरह की अनेक घटनाएं यही दर्शाती हैं कि हर बात या काम के लिए एआइ या आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता कैसे इंसान की संवेदना, उसके आत्मविश्वास और यहां तक कि विवेक को निष्क्रिय कर दे सकती है, जिसके बाद व्यक्ति अपनी सोच-समझ से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकने में अक्षम हो जाता है। आज अपने आसपास देखा जा सकता है कि लोग आधुनिक तकनीक को जरूरत से ज्यादा अहमियत देने, उसमें लीन रहने के क्रम में कैसे मानवीयता और संवेदना के मूल्यों को कोई पिछड़ा या दोयम दर्जे का मूल्य मानने लगे हैं।*

*ऐसी स्थिति में कई बार एक शख्स किसी अन्य व्यक्ति की बातों को संदेह की नजर से देखता है या फिर उसे अधूरा मानता है, लेकिन समान संदर्भ में वह एआइ की बातों को अधिक विश्वसनीय और शक से परे मानता है। जबकि एआइ की सीमा उसका मशीनी होना है, जिसकी तुलना मनुष्य की चेतना और उसके विवेक के साथ नहीं की जा सकती। एक बड़े दायरे में एआइ की भूमिका जरूर बढ़ रही है, लेकिन अभी यह जिस अवस्था में है, उसमें इस पर पूरी तरह निर्भरता के अपने खतरे हैं।*

# क्या आइसिस भारत में अपने स्लीपर सेल चला रहा है?

आतंकवादी हमला

**पुष्परंजन**

सीरिया के शासन प्रमुख अपने देशवासियों के साथ गर्व महसूस कर रहे हैं। वजह, अहमद अल-अहमद हैं। सीरियाई मूल का अहमद अल-अहमद, सिडनी के सदरलैंड शायर में एक दुकान चलाता है। बौंडी बीच पर उसके कारनामों ने उसे दुनियाभर में एक शांत दुकानदार से बहादुरी के प्रतीक में बदल दिया। हथियारबंद हमलावरों का सामना करने की कोशिश में अल-अहमद को दो गोलियां लगीं। उन्हें सिडनी के एक अस्पताल में तत्काल ले जाया गया, वहां उनकी सर्जरी हुई, और अब वो ठीक हैं। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर, क्रिस मिन्स ने उनसे मिलने के बाद फेसबुक पर लिखा— 'अल-अहमद की अविश्वसनीय बहादुरी ने निस्संदेह अनगिनत जानें बचाईं, जब उन्होंने अपनी जान का रिस्क लेकर एक आतंकवादी को निहत्था किया। ये है असली हीरो।' इस हमले की विश्वव्यापी निंदा की गई है। अल-अहमद ने सीरिया का सिर ऊंचा किया। लेकिन भारत शर्मिंदा, और सन्नाटे में है। वजह हमलावरों का हैदराबाद कनेक्शन है।

बौंडी बीच हमले में मृतकों की संख्या 16 हो गई है, जिसमें ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वालों में से एक बंदूकधारी भी शामिल है, जिसकी पहचान पुलिस ने 50 वर्षीय साजिद अकरम के रूप में की है। उस शख्स का 24 वर्षीय बेटा नवीद अकरम, गोली लगने के बाद अस्पताल में गंभीर हालत में बताया जा रहा है। साजिद अकरम हैदराबाद का था, और उसका बेटा नवीद अकरम ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट धारक था। बौंडी बीच शूटर साजिद अकरम 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। उसके रिश्तेदारों ने बताया, 'साजिद अकरम 2001 में अपनी यूरोपीय मूल की पत्नी को एक निकाह समारोह के लिए हैदराबाद लाया था, और अपने बेटे नवीद अकरम को 2004-05 में अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए लाया था।'

हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस हमले की निंदा हुई है और आस्ट्रेलिया की सरकार से लेकर मुस्लिम-अरब देशों की ओर से भी आतंकवाद और हिंसा के सभी रूपों को खारिज किया गया है। मगर यह भी सच है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना और विरोध के बावजूद किसी समुदाय से नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना एक मुश्किल चुनौती है। गौरतलब है कि इससे पहले इजराइल में लगभग इसी तरह के एक जमावड़े में हमास के आतंकवादियों ने यहूदी समुदाय के लोगों पर हमला किया था और उसमें बारह सौ से ज्यादा की मौत हो गई थी। उसका अंजाम आज भी हमास और इजराइल के युद्ध और उससे उपजी त्रासदी के रूप में दुनिया के सामने है। इसी प्रकृति के एक अन्य हमले में भारत में कश्मीर के पहलगाम में हमलावरों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर कई लोगों को मार डाला था। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने जानकारी दी, कि दोनों लोग पिछले महीने फिलीपींस गए थे, पिता भारतीय पासपोर्ट पर, और बेटा ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट पर। फिलीपींस के अधिकारियों ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद जांच के दायरे में है, और यह कहना पक्का नहीं है कि वे किसी आतंकवादी समूह से जुड़े थे, या उन्हें उस देश में ट्रेनिंग मिली थी। मंगलवार को अपने बयान में, तेलंगाना पुलिस ने कहा कि 1998 में ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद से साजिद अकरम छह बार भारत आया था, मुख्य रूप से पारिवारिक कारणों से। बयान में यह भी कहा गया, कि भारत छोड़ने से पहले उसका कोई 'बुरा रिकॉर्ड' नहीं था।



> बौंडी बीच हत्याकांड में हैदराबाद के साजिद अकरम का शामिल होना सवाल खड़ा करता है कि क्या आइसिस, भारत में अपने स्लीपर सेल चला रहा है? 2020 में एनआईए ने दक्षिणी राज्यो में आइसिस की मौजूदगी से जुड़े 17 मामले दर्ज कर, 122 लोगों को गिरफ्तार किया था। इन दिनों केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में ऑनलाइन कट्टरपंथ ने विस्तार लिया है। इससे जुड़े हुए लोगों का नया मॉड्यूल दुनिया के दुर्दांत अतिवादी नेताओं के संपर्क में है।

हमलावरों ने बोंडी बीच पर हाहाकारी हमले से पहले फिलीपींस में एक महीना बिताया था। फिलीपींस में ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने कन्फर्म किया है, कि बाप-बेटे नरसंहार से पहले उनके देश में 28 दिन रुके थे। इमिग्रेशन प्रवक्ता डाना सैंडोवल ने बुधवार को कहा, कि 50 साल का साजिद अकरम और उसका बेटा 24 साल का नवीद अकरम 1 नवंबर, 2025 को निनॉय एक्विनो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, जिसके बाद उन्होंने दावो इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट ली थी। 28 नवंबर को बाप-बेटे, दावो सिटी से मनीला के लिए निकले, और फिलीपीन एयरलाइंस की फ्लाइट 'पीआर 212' से वापस सिडनी चले गए।

फिलीपींस का दावो, मिंडानाओ के दक्षिणी द्वीप का सबसे बड़ा शहर है, जहां मुस्लिम विद्रोही लंबे समय से एक स्वतंत्र राज्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वर्ष 2017 में, आइसिस लड़ाकों ने मिंडानाओ में मारावी शहर को पांच महीने तक घेरे रखा, जिससे फिलीपींस सरकार को एक पूर्ण युद्ध शुरू करना पड़ा, जिसमें आइसिस के प्रमुख नेताओं को मार गिराया गया, और लड़ाकों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया।

विशेषज्ञों के अनुसार, कैथोलिक बहुल देश फिलीपींस में सैकड़ों इस्लामिक स्टेट के लड़ाके अभी भी मौजूद हैं। आतंकियों के अंतर्राष्ट्रीय आका मिंडानाओ में गरीबी, अंतर्विरोध व सरकारी दमनचक्र का फायदा उठाकर भर्ती अभियान जारी रखे हुए हैं। विशेषज्ञ बताते हैं, दहशतगर्दों के ऑपरेटर्स ने अपनी रणनीति बदल ली है। वे छोटे-छोटे गुटों में बंट गए हैं, लेकिन फिर भी इस्लामिक स्टेट के प्रति वफादार हैं। उन्होंने पुलिस बलों और ईसाई पूजा स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। 2023 में, इस्लामिक आतंकवादियों ने मारावी में मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में एक कैथोलिक मास के दौरान एक विस्फोटक डिवाइस से धमाका किया, जिसमें चार लोग मारे गए, और दर्जनों घायल हो गए। फिलीपींस में आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ रोमेल बानलाओई ने कहा, कि मारावी घेराबंदी के बाद इस क्षेत्र में उग्रवाद आंदोलनों में बदलाव आया है। बानलाओई ने कहा, 'पहले, इनका ध्यान एक इस्लामिक राज्य बनाने पर था। अब यह मध्यपूर्व हिंसा से विस्थापित मुसलमानों, फलस्तीनियों की तथाकथित मदद करने में बदल गया है।' हाल के वर्षों में, फिलीपींस सरकार ने इनमें से कुछ लड़ाकों को शांतिपूर्ण ढंग से जीवनयापन का अवसर देने की कोशिश की है। फिलीपींस ने मुस्लिम मिंडानाओ में बंगसामोरो स्वायत्त क्षेत्र भी स्थापित किया, ताकि निवासियों को अधिक राजनीतिक स्वायत्तता का अहसास हो। साथ ही चरमपंथी समूहों से उनके समर्थन आधार को छीना जा सके। इस शांति प्रक्रिया के कारण पहले से निर्धारित स्थानीय चुनाव में बार-बार देरी हुई है।

आतंकवाद विशेषज्ञ एक बात तो मानते हैं, कि आइसिस की जड़ें समाप्त नहीं हो पाई हैं, वो दुनिया के मुख्तलिफ हिस्सों में पनप रही हैं, जो इनका मुख्य ब्रीडिंग ग्राउंड रहा है, वहां भी ये जड़ से समाप्त नहीं हो पाए। सीरियाई सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसकी सेना ने आइसिस से जुड़े एक सेल के लीडर को मार गिराया है, और उसके आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने शनिवार 13 दिसंबर को दो अमेरिकी सैनिक, सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवर और सार्जेंट विलियम नथानिएल हॉवर्ड, और एक सिविलियन इंटरप्रेटर को सीरिया के पल्मायरा के पास मारा था। इसके अगले दिन रविवार को उत्तर-पश्चिम इदलिब प्रांत में मारेत अल-नुमान सड़क पर गश्त कर रहे चार सीरियाई सुरक्षाकर्मी भी मारे गए थे।

बौंडी बीच हत्याकांड में हैदराबाद के साजिद अकरम और उसके बेटे का शामिल होना नया सवाल खड़ा करता है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूह, भारत में अपने स्लीपर सेल को विस्तार दे रहे हैं? 2020 में गृह राज्यमंत्री ने राज्यसभा को बताया था कि एनआईए ने दक्षिणी राज्यों, जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल है, में आइसिस की मौजूदगी से जुड़े 17 मामले दर्ज किए थे, और 122 लोगों को गिरफ्तार किया था। इन दिनों केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में ऑनलाइन कट्टरपंथ ने विस्तार लिया है। इससे जुड़े हुए लोगों का नया मॉड्यूल दुनिया के दुर्दांत अतिवादी नेताओं के संपर्क में है। इनके उन्मूलन के वास्ते सीरिया समेत पूर्वी व मध्यपूर्व एशियाई देशों से 'को-ऑर्डिनेटेड इंटेलिजेंस शेयरिंग' की जरूरत आन पड़ी है। आस्ट्रेलिया के बोंडी समुद्र तट पर हुए आतंकी हमले का एक पहलू बेहद अहम है कि जहां बंदूकधारी हमलावरों की पहचान मुस्लिम बताई गई है, वहीं अपनी जान हथेली पर रख कर उनसे भिड़ने और एक हमलावर को रोकने में कामयाब रहा व्यक्ति भी मुस्लिम समुदाय से ही है। इसे आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वतः स्फूर्त इंसानी प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा सकता है, जिसकी जरूरत समूची दुनिया में महसूस की जा रही है।

# एसआईआर के बाद मताधिकार खो सकते हैं कई करोड़ लोग

विशेष सघन पुनरीक्षण

**चंद्र भूषण**

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पिछली बार, 2003 में हुई थी, क्या आपको उसकी याद है? शायद ही किसी को इसकी याद हो। इसका कारण यह है कि एसआईआर पर अभी जैसी अफरातफरी या ध्रुवीकरण पहले कभी नहीं जुड़ा। इस बार वाली एसआईआर का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले संपन्न हुआ और जनहित से जुड़े सारे मुद्दों को पीछे छोड़ वहां चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा यही बना।

सुप्रीम कोर्ट और आयोग पर बने दबाव की वजह से बिहार में मतदाता सूचियों से कटने वाले नामों की तादाद समाज में इससे जुड़े भय की तुलना में काफी कम रही। लेकिन अभी, एसआईआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खारिज वोटरों का प्रतिशत काफी ज्यादा है। कुछ राज्यों से आधिकारिक आंकड़े आने बाकी हैं, लेकिन वहां भी जिलों से आ रही सूचनाएं डराने वाली हैं। कई करोड़ लोग मतदान का अधिकार खो सकते हैं।

चुनाव आयोग ने चार आधारों पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का फैसला किया है। ये हैं- 1. अनुपस्थित (यानी मतदाता के पते पर गए कर्मचारियों को वह नहीं मिला और उसके बारे में कोई सूचना भी नहीं मिली), 2. स्थानांतरित (यानी मतदाता के कहीं और रहने की सूचना प्राप्त हुई), 3. मृत, और 4. डुप्लीकेट (यानी एक ही व्यक्ति का नाम एकाधिक जगह दर्ज पाया गया)। ऐसे सारे नाम हटाने के बाद नई सूची को जिले की चुनाव साइट पर सार्वजनिक किया जा रहा है। किसी को आपत्ति हो तो वह जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करके कटा नाम जुड़वा ले।

एसआईआर का सबसे विवादित मामला- अनमैप्ड वोटरों का किस्सा यहां से आगे शुरू हो रहा है। यानी अभी आप अपने ठिकाने पर जीती-जागती हालत में मौजूद हैं, मतदाता सूची में नाम भी पड़ गया है, लेकिन आपका या आपके किसी निकट संबंधी का अता-पता 2003 के एसआईआर में नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आपको साबित करना होगा कि आप भारत के ही नागरिक हैं, लेकिन मूलतः कहीं और के रहने वाले हैं और वहां की मतदाता सूची से अपना नाम कटाने के बाद यहां की सूची का हिस्सा बने हैं।

अलग-अलग तरह के 'कागजात' बनवाने की जटिल प्रक्रिया जारी है जिनमें एक एसआईआर यानी वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण भी है। नागरिक जटिलताओं में फंसे हैं और बार-बार साबित करने को मजबूर हैं कि हम कौन हैं। आधुनिक राज्य हमारे मूलभूत इंसानी गुणों को बायोमेट्रिक्स और दस्तावेज़ों तक सीमित कर देता है।



> विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में कई राज्यों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से कट रहे हैं। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट पाए जाने वाले नामों को हटाया जा रहा है। इससे कई करोड़ लोग मतदान का अधिकार खो सकते हैं। उत्तर प्रदेश और गुजरात में यह समस्या अधिक गंभीर हो सकती है।

एक खास राजनीतिक पक्ष अनमैप्ड वाली श्रेणी को मास्टरस्ट्रोक बताता रहा है- यूं कि यह सारे विदेशी घुसपैठियों को छानकर एक तरफ कर देगा। लेकिन अभी तक ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। बिहार में बड़ी तादाद में घुसपैठियों के वोटर बनने की आशंका राजनीतिक मंचों से जताई गई थी, लेकिन वहां एसआईआर हुए महीनों गुजर गए, पकड़ में आए घुसपैठियों की संख्या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक नहीं उजागर की जा सकी है।

दरअसल, आयोग के इस उपाय से कहीं ज्यादा बड़ी समस्या दूसरे राज्यों में नौकरी करने गए लोगों को, साथ में उस मध्यवर्गीय तबके को भी हो रही है, जो एक अर्से से शहरों में रह रहा है, लेकिन उसका नाम गांव की चुनाव सूची में भी बना हुआ है। एसआईआर में लगे लोगों का कहना कि दोनों में से एक ही चुनना हो तो पैतृक संपत्ति से अपना संबंध बनाए रखने के ख्याल से ऐसे मतदाता शहर के बजाय गांव में अपना वोट रखना बेहतर मानते हैं। शहरी वोटों पर सबसे बड़ा दावा बीजेपी का ही रहता आया है, सो यहां अपने संभावित वोटों पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पार्टी मशीनरी से अतिरिक्त सजगता बरतने का आग्रह किया है।

एसआईआर का मुद्दा अभी सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में गरम है। इन विपक्ष शासित राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के मतदाता सूची से बाहर होने का खौफ तब से छाया हुआ है, जब एसआईआर की कहीं कोई चर्चा भी नहीं थी। कमाल की बात है कि अनमैप्ड वोटर अभी सबसे कम, सिर्फ 4 फीसद पश्चिम बंगाल में नजर आ रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में ऐसे वोटरों का हिस्सा 27.1 फीसद और गुजरात में 16 फीसद होने की चर्चा है। आगे, दस्तावेज दिखाने के बाद यह प्रतिशत निश्चित रूप से गिरेगा। लेकिन काम के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले लोग सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में हैं और दूसरे राज्यों से काम के लिए आए लोगों का काफी बड़ा हिस्सा गुजरात पहुंचता है, लिहाजा खतरा यही है कि इन दोनों राज्यों की मतदाता सूचियों से कुछ करोड़ नाम अंततः कट ही जाएंगे।

ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग जिस ढंग से मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण करवा रहा है, उसमें जरूरी नहीं सब कुछ ठीक हो। आम नागरिक या शांति से रहने वाले लोग इस बात को लेकर बहुत परेशान हैं कि उन्हें किस तरह के दस्तावेज़ दिखाने होंगे ताकि उनका नाम संशोधित सूची से कटने न पाए। विरोधी पार्टियां आरोप लगा रही हैं, इस डर से अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। क्या ऐसा है कि विशेष सघन पुनरीक्षण कानून के ज़रिए सरकार हमसे यह साबित करने के लिए कह रही है कि हम भारतीय हैं, हमारे माता-पिता भारतीय हैं, और हम गैर-कानूनी अप्रवासी नहीं हैं? और खासकर पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों में, यह अभियान एक नया रूप धर चुका है।

उलटबांसी

## वाकई 'धुरंधर' निकले डांसर आफ दि ईयर

**आलोक पुराणिक**

वक्त क्या-क्या दिखाता है। अक्षय खन्ना ने जो डांस दिखाया है 'धुरंधर' फिल्म में, वह डांस परम सुपरहिट हो गया है। यही अक्षय खन्ना कुछ समय पहले आयी फिल्म 'छावा' में औरंगजेब बने थे। औरंगजेब डांस, गाने का कड़ा विरोधी था। आज औरंगजेब की आत्मा बहुत उदास होगी यह देखकर कि उसके किरदार को निभाने वाले कलाकार को नाच से प्रसिद्धि मिल रही है। अक्षय खन्ना उस छोटे से डांस सीक्वेंस के लिए 'डांसर आफ दि इयर' घोषित किये जा सकते हैं। यूं इस फिल्म में कुछ नृत्यांगनाओं ने भी डांस करके एक गीत गाया था, पर उस गीत की कहीं चर्चा नहीं है। अकेले अक्षय खन्ना कई नृत्यांगनाओं पर भारी पड़ लिये जी, डांसर आफ दि इयर।

अक्षय खन्ना की नई फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी ने साबित कर दिया कि अगर एक्टिंग में दम हो, तो दर्शक टिकट खिड़की पर उसी तरह टूट पड़ते हैं जैसे कोलकाता में साल्ट लेक स्टेडियम में लोग फुटबाल स्टार मैसी को देखने के लिए टूट पड़े थे। फर्क बस इतना था कि सिनेमाघर में सीटें फिक्स थीं, साल्ट लेक स्टेडियम में सीटें जनता के सपनों की तरह हवा में उड़ रही थीं।

मैसी जब साल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे तो लगा कि फुटबॉल का भगवान धरती पर उतर आया है। लेकिन भगवान भी इंसानों से ही मिलता है— और वो इंसान थे। जनता को लगा कि वो खतरों के खिलाड़ी के सेट पर आ गयी है। तोड़ फोड़ मच रही थी। लोगों ने टिकट खरीदा था फुटबॉल देखने के लिए, लेकिन असल में उन्हें मिला था 'सरवाइवल आफ दि फिटेस्ट' का लाइव शो। किसी की चप्पल गायब, किसी का मोबाइल खो गया, और किसी का तो होश ही उड़ गया।

> ट्रंप परेशान हैं कि इतनी भीड़ या तो मैसी ला सकते हैं या अक्षय खन्ना। बहुत संभव है कि ट्रंप अपनी रैलियों में मैसी या अक्षय खन्ना को बुलवा लें....!

ऐसे नजारे देखकर ट्रंप परेशान हैं कि इतनी भीड़ या तो मैसी ला सकते हैं या अक्षय खन्ना। बहुत संभव है कि ट्रंप अपनी रैलियों में मैसी या अक्षय खन्ना को बुलवा लें। वोट के लिए भीड़ चाहिए होती है, वह फुटबाल स्टार या फिल्म स्टार लाते हैं। वैसे मैसी के प्रशंसकों की भीड़ देखकर विराट कोहली या रोहित शर्मा भी फुटबाल की तरफ का रुख कर सकते हैं। फुटबाल खेलने का एक फायदा यह है कि इसमें हारो या जीतो, किसी को फर्क नहीं पड़ता। क्रिकेट में हार या जीत पर अपार गालियों और तालियों का 'प्रावधान' है।


धुरंधर के सिनेमा हाल और मैसी वाले साल्ट लेक स्टेडियम में कुछ फर्क रहे...।

- धुरंधर फिल्म- दर्शक आराम से बैठे, पॉपकॉर्न खाया, तालियां बजाईं।
- साल्ट लेक स्टेडियम - दर्शकों ने धक्का खाया, पसीना बहाया, और अंत में बोले— 'मैसी तो दूर, पानी की बोतल भी नहीं मिली।'
- अक्षय खन्ना की एक्टिंग ने दर्शकों को सीट से चिपकाए रखा।
- साल्ट की अव्यवस्था ने दर्शकों को सीट से खदेड़ दिया।
- धुरंधर के दर्शकों ने कहा- अक्षय को देखने दोबारा आ सकते हैं।
- साल्ट लेक के दर्शकों ने कहा, 'मैसी ने तो बस आंखों से वीआईपी लोगों को देखा, हमें तो सिक्योरिटी ने आंखें दिखाईं।'





## ।।गीता।।



**श्लोक**

**तस्मात्त्वमिन्द्रियाण्यादौ**
**नियम्य भरतर्षभ।**
**पाप्मान प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम।।**

**भावार्थ**

इसलिए हे अर्जुन ! तू पहले इन्द्रियों को वश में करके इस ज्ञान और विज्ञान का नाश करने वाले महान पापी काम को अवश्य ही बलपूर्वक मार डाल।

जीवन दर्शन

# अपने मन के पहरेदार खुद बनें

यदि आप किसी नकारात्मक टिप्पणी को अपने दिल में जगह देंगे, तो वह आपके कदमों को बेड़ियों में बांधने का काम करेगी। केवल उन्हीं विचारों को अपने भीतर जगह दें, जो आपको ऊंचा उठाएं, न कि गिराएं।

दूसरों के विचार या शब्द आपके जीवन के केंद्र में नहीं होने चाहिए। किसी और की राय को अपनी सच्चाई बना लेना सबसे घातक भूल है, जो आपको कभी अपनी वास्तविक ऊंचाइयों तक नहीं पहुंचने देगी। जब तक आप स्वयं को दूसरों की अपेक्षाओं की जंजीरों में जकड़े रखेंगे, आपके सपने कभी उड़ान नहीं भर पाएंगे। दुनिया तो हमेशा कुछ न कुछ कहती ही रहेगी, लोग हर कदम पर आपको अपेक्षाओं के तराजू में तौलेंगे भी, लेकिन अपने भीतर का अनमोल प्रकाश केवल आप ही पहचान सकते हैं। इसलिए खुद को अपनी आंखों से देखें, न कि दूसरों के शब्दों के विकृत दर्पण में। आपकी कीमत कभी किसी की निंदा, आलोचना या ठुकराहट से कम नहीं होती। अक्सर लोग अपनी सीमित दृष्टि से आपकी क्षमताओं का आकलन करते हैं और वे उतना ही देख पाते हैं, जितनी उनकी समझ होती है। लेकिन आपके सपनों का आकाश उनकी कल्पना से कहीं अधिक विस्तृत है।

यदि आप किसी नकारात्मक टिप्पणी को अपने दिल में जगह देंगे, तो वह आपके कदमों को बेड़ियों में बांधने का काम करेगी। इसलिए, अपने मन के द्वार का पहरेदार खुद बनें और केवल उन्हीं विचारों को अपने भीतर जगह दें, जो आपको ऊंचा उठाएं, न कि गिराएं। अपनी ऊर्जा अपने सपनों, उद्देश्यों और उन्नति की दिशा में लगाएं। जब आप भीतर से अडिग हो जाएंगे, तो बाहरी शोर अपने-आप खो जाएगा।

हर व्यक्ति अपनी अनूठी यात्रा पर आगे बढ़ता है। जो आपकी आलोचना करते हैं, वे प्रायः अपनी असुरक्षा, डर और अपूर्णता को आप पर थोपते हैं। उन उत्तेजनाओं का प्रतिकार करने के बजाय शांति से उनका सामना करें, क्योंकि आपका मूल्य उनके वाक्यों से परिभाषित नहीं होता। खुद को इतना सशक्त बनाएं कि कोई अप्रिय राय आपके मन को डिगा न सके। यह सीखें कि किसी की बात को अनसुना करना कब जरूरी है और कब अपने मन की पुकार को सुनना, क्योंकि आपकी अंतरात्मा ही आपका सच्चा गुरु है। स्वयं पर विश्वास होने पर बाहरी मान्यताओं या उपलब्धियों की भूख मिट जाती है। खुद से प्रेम करें, खुद को स्वीकार करें, अपनी शक्तियों पर भरोसा रखें। ये तीन स्तंभ आपको हर नकारात्मक आंधी से सुरक्षित रखेंगे।

हर दिन खुद से कहिए कि आप पर्याप्त हैं, योग्य और अद्वितीय हैं। संसार में आपका कोई सानी नहीं, और यही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। अपना पथ दूसरों की निंदा से भटकने न दें, बल्कि अपने उद्देश्य की ज्योति से उसे प्रकाशित करें। आपका समय सीमित है, इसे दूसरों की अपेक्षाओं में न गंवाएं। वही बनें, जो बनना चाहते हैं, वही करें, जो आपके आंतरिक प्रकाश को और प्रज्वलित करे। जब आप स्वयं को स्वीकारेंगे, सम्मान देंगे और अपनी यात्रा को निष्ठा से निभाएंगे, तो दुनिया की राय मात्र एक क्षीण ध्वनि बनकर रह जाएगी। याद रखें, आप स्वतंत्र हैं, उज्ज्वल हैं, और आपकी उड़ान असीमित है।

नकारात्मक शब्द आपके कदम रोकते हैं, इसलिए सकारात्मक विचारों के साथ वही सोच अपनाइए, जो आपको ऊंचा उठाए। अपनी राह को दूसरों की आलोचना से नहीं, बल्कि अपने उद्देश्य की रोशनी से प्रकाशित कीजिए। जब आप सत्य पर अडिग रहते हैं, तो आलोचनाओं का शोर धुंधला पड़ जाता है।

**रॉय टी. बेनेट**

## सॉफ्ट बाल में रीवा के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**रीवा।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित सॉफ्टबॉल (14 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग) में उमादत्त स्मृति विद्यालय, दुआरी के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का मध्य प्रदेश टीम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ समूचे रीवा संभाग के लिए गौरव का विषय है। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से शिव पांडे एवं बालिका वर्ग से दिव्या मिश्रा का नाम शामिल है। दोनों खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विपिन शुक्ला, प्राचार्य अमरेन्द्र मिश्रा, क्रीड़ा प्रभारी शिवम मिश्रा, योगा एवं खेल शिक्षिका पूनम मिश्रा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त चयनकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि दोनों खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय, जिला एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## दीक्षांत समारोह में शिवांगी स्वर्ण पदक से सम्मानित



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह मे मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हाथों एम एस सी (पर्यावरण विज्ञान) में सर्वोच्च अंक अर्जित करने पर शिवांगी पाण्डेय को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दीक्षित व सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि शिवांगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोदाबाग के प्रभारी एड. शशि कुमार पाण्डेय की सुपुत्री हैं। शिवांगी की उपलब्धि पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, हर्षलाल शुक्ला, प्रदीप अवस्थी, सुरेश वर्मा, आसिम अंसारी, आसिफ खान, यज्ञरूप पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय, सलिल पाण्डेय, स्नेहिल पाण्डेय, शिवानी पाण्डेय, तनुजा तिवारी, उत्सव तिवारी, सूरज पाण्डेय सहित पारिवारिक मित्रों, गुरुजनों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सांदीपनि विद्यालय मनगवां के छात्र-छात्राओं का केवीके में भ्रमण



**रीवा।** कृषि विज्ञान केन्द्र में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक सांदीपनि विद्यालय मनगवां के व्यावसायिक शिक्षा कृषि ट्रेड के छात्रों ने भ्रमण किया। केंद्र की वैज्ञानिक मंजू शुक्ला एवं डॉ सीजे सिंह ने छात्रों को विषयवार तकनीकी जानकारी प्रदान की। प्राचार्य के सी अवधिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षक कृषि आदर्श सिंह पटेल भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर का सख्त आदेश

# ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज न करने वाले शिक्षकों पर करो कार्यवाही

### परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



जागरण, रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सभी शिक्षक ई-अटेंडेंस से उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। जो शिक्षक ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज न करें उनके विरुद्ध संकुल प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यवाही करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास करें। सभी प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि बोर्ड परीक्षाओं तथा अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में बेहतर हों। परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दें। रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करें। बीईओ तथा संकुल प्राचार्य इन कक्षाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करें। प्राचार्यों और शिक्षकों ने दो माह बच्चों पर विशेष ध्यान दे दिया तो कई बच्चों का भविष्य सुधर जाएगा।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। डीपीसी, संकुल प्राचार्य, बीईओ, बीआरसी तथा जिला स्तरीय अधिकारी मध्यान्ह भोजन का सप्ताह में कम से कम चार दिन भ्रमण करके निरीक्षण करें। निरीक्षण के बाद प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। मध्यान्ह भोजन में लापरवाही बरतने वाले रसोईयाँ तथा स्वसहायता समूहों के विरुद्ध कार्यवाही उपखण्ड स्तरीय समिति से कराएं। सभी स्कूलों की रंगाई-पोताई तथा सफाई एक माह में पूरी कराएं। जवा तथा त्योंथर विकासखण्ड के संकुल प्राचार्य परीक्षा परिणाम बेहतर करने पर विशेष ध्यान दें। छात्रवृत्ति के लिए पात्र सभी विद्यार्थियों के आवेदन एक सप्ताह में एमपी टॉस पोर्टल पर दर्ज करा दें। विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेशन का कार्य भी एक सप्ताह में पूरा कराएं। अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा दसवीं में 54.91 प्रतिशत तथा 12वीं में 62.73 प्रतिशत परिणाम रहा। इसे बेहतर करने के लिए सभी प्राचार्य प्रयास करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी भी स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। शिक्षकों के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों की भी उपस्थिति भी ई-अटेंडेंस से दर्ज कराएं। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए तैनात 20 मेंटर के शालाओं में भ्रमण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मेंटर के कार्यों की 24 दिसम्बर को समीक्षा की जाएगी। शालाओं में प्रवेश से वंचित सभी विद्यार्थियों का प्रवेश कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इनके सर्वेक्षण में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर भी कार्यवाही प्रस्तावित करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि ई-अटेंडेंस में लगातार सुधार हो रहा है। जिले में आठ सांदीपनि विद्यालय भवन निर्माणाधीन हैं। इस वर्ष विद्यार्थियों को 2441 लैपटाप वितरित किए गए हैं। जिले में 45 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा दी गई है। छूटे हुए 1046 बच्चों का शाला में प्रवेश कराया गया है। कमजोर बच्चों के लिए रेमेडियल क्लास लगातार संचालित की जा रही हैं। बैठक में डीपीसी राजेश तिवारी, सभी बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य तथा प्राचार्य उपस्थित रहे।

## 10वीं-12वीं की परीक्षा में पूछेंगे छोटे उत्तर वाले प्रश्न

### दो माह पहले मंडल ने जारी किया प्रश्न-पत्रों का फॉर्मेट




**जागरण, रीवा।** दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में छोटे उत्तर वाले प्रश्न अधिक पूछे जाएंगे। परीक्षा के दो माह पहले मंडल ने प्रश्नपत्रों का फॉर्मेट जारी किया है। स्कूलों में परीक्षा तैयारी इसके आधार पर कराई जाना है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा 7 फरवरी से शुरू हो रही है। प्रदेश भर से करीब 18 लाख स्टूडेंट इसमें शामिल होंगे। स्कूलों बच्चों की परीक्षा तैयारी बेहतर कराने के लिए मंडल ने सभी विषयों के सैंपल पेपर जारी किए है। यह पेपर भी दसवी-बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा होने के बाद जारी किए हैं। माशिमं के जारी आदेश में कहा गया है कि हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025-26 के लिए परीक्षा पैटर्न के आधार पर प्रश्न-पत्रों के पैटर्न की जानकारी के लिए मुख्य विषयों के अभ्यास के लिए सैंपल पेपर मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इन प्रश्न-पत्रों का मुख्य परीक्षा में उपयोग होने वाले प्रश्न-पत्रों से कोई संबंध नहीं है।

**यह रहेगा पैटर्न :** माशिमं के जारी बारहवीं कक्षा में हिंदी के सैंपल पेपर में एक से पांच तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। हर एक पर एक नंबर होगा। 6 से 15 तक 10 प्रश्न जो दो-दो अंकों के होंगे। इसके बाद चार प्रश्न 75 शब्द सीमा के होंगे। आगे के चार 120 शब्द के उत्तर की सीमा के होंगे। बारहवीं उच्च गणित में इसमें बदलाव होगा। सभी विषयों के सैंपल पेपर मंडल ने वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां से विद्यार्थी सैंपल पेपर के आधार पर वार्षिक परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

## बुजुर्गों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया जाएगा सम्मान

### वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन कल




**जागरण, रीवा।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा प्रदेशाध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले में निवासरत वैश्य समाज के विभिन्न घटकों को एक मंच पर लाने तथा उनके बीच में आपसी प्रेम व्यवहार सामाजिक एवं व्यापारिक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का एक दिवसीय सम्मेलन 21 दिसंबर को स्थानीय वृन्दावन गार्डेन में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन मप्र के संरक्षक एवं पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, पूर्व विधायक कोतमा सुनील सर्राफ, सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल एवं सतना महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, तथा युवा इकाई के संभागीय प्रभारी सुमित गुप्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गुप्ता करेंगे। साथ ही वैश्य घटकों के पदाधिकारीगण एवं वैश्य बन्धु विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। उक्त आशय की जानकारी रीवा मार्केट में आयोजित पत्रकार वार्ता में देते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन एवं जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गुप्ता, महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, युवा इकाई के संभागीय पदाधिकारी सुमित गुप्ता ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी छात्रों, 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के वरिष्ठ जनों व समाजसेवा तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैश्य बन्धुओं तथा जिले में निवासरत वैश्य घटक दलों के अध्यक्षों का सम्मान किया जायेगा।

## तुलसी पूजन दिवस 25 को: घर-घर में मनाये जाने का आग्रह

**रीवा।** श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने बताया कि एवं 25 दिसम्बर गुरुवार को सुबह 10 बजे से सिंधी धर्मशाला शास्त्री नगर में तुलसी पूजन दिवस मनाया जायेगा। श्री आहूजा ने कहा कि तुलसी का स्थान भारतीय संस्कृति में पवित्र और महत्वपूर्ण है। तुलसी पूजन, सेवन व रोपण के आरोग्य-लाभ आर्थिक लाभ के साथ ही आध्यात्मिक लाभ भी हो हैं। पर्यावरण को षुद्ध व पवित्र बनाने में भी तुलसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। 25 दिसम्बर को भारत सहित विश्व के कई देशों में तुलसी पूजन दिवस मनाना प्रारंभ हुआ। तुलसी पूजन से बुद्धि, बल, मनोबल, चरित्रबल व आरोग्यबल बढ़ेगा। जिस घर में तुलसी का बगीचा होता है उसमें यमदूत प्रवेश नहीं करते हैं। तुलसी की उपस्थिति मात्र से हल्के स्पंदनों, नकारात्मक शक्तियों से रक्षा होती है। विन्ध्य क्षेत्र के सभी शहरों में तुलसी पूजन पर्व सतना, जबलपुर, कटनी, हनुमना आदि स्थानों में मनाया जायेगा। तुलसी दिवस के पुण्य अवसर पर घर-घर में तुलसी माता का पूजन करने का आग्रह भजनलाल सचदेव, कैलाश आहूजा, बंशीधर वाधवानी, अभिमन्यु गुप्ता, महेश साहू, अशोक सर्राफ विनोद पटेल, श्रीकान्त श्रीवास्तव, महिला समिति की सचिव दिशा लालवानी, अध्यक्ष मधु शिवनानी, काशी खिलवानी, सुधा वर्मा, वंशिका तुलसानी आदि ने की है।

## खेलों से धैर्य और संजीदगी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है : उप मुख्यमंत्री







### उप मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिक इंटरक्लास खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेलों से धैर्य और संजीदगी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। खेल के मैदान की खेल भावना जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। श्री शुक्ल ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 18वीं वार्षिक इंटरक्लास खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर तथा मशाल प्रज्ज्वलित का प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें अंतरिक शक्ति देते हैं तथा खेल के मैदान से मिली सीख हमारे व्यक्तित्व को निखारती है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागी हारने वाले को भी बधाई देकर आगे बढ़ने की कामना करता है। खेल के मैदान में मानव के अवगुण जैसे ईर्ष्या, द्वेष व जलन खेल भावना के कारण दूर हो जाती है और सभी खिलाड़ी आपस में भाईचारे के साथ खेलों में भाग लेते हैं। उप मुख्ममंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन पशुधन के बिना अधूरा है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं यह प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह हर क्षेत्र में आगे बढ़े और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

इससे पूर्व पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलगुरु मनदीप शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही रीवा ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें अनुशासन और टीम भावना की सीख मिलती है। खेलों में भाग लेना जरूरी है हार और जीत खेल के हिस्से हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी घुड़सवार छात्रों ने घुड़सवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद डॉ. रघुराज तिवारी, पूर्व डीन एसपी शुक्ल, प्राचार्य डॉ. अजीत सिंह, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. मानसी शुक्ला, रामकिंकर मिश्रा, एस.के. पाण्डेय, सहित प्राध्यापकगण, विद्यार्थी तथा आमजन उपस्थित रहे।

## कॉलेजों में खुलेंगे विद्यार्थियों के डिजिटल स्वास्थ्य खाते

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बनेगी हेल्थ आईडी



**जागरण,रीवा।** अब कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का पूरा ब्योरा डिजिटल रूप में सुरक्षित किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेज प्राचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विद्यार्थियों की डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जाए। इससे छात्रों के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहेंगी। डिजिटल हेल्थ आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों के डॉक्टरों की प्रिस्क्रिप्शन, लैब जांच रिपोर्ट, दवाइयों का विवरण सहित पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। जरूरत पड़ने पर छात्र देश के किसी भी हिस्से में इस रिकॉर्ड को आसानी से साझा कर सकेंगे, जिससे इलाज में सहूलियत मिलेगी। डिजिटल स्वास्थ्य अभियान को गति देने के लिए कॉलेजों के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों को 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन चैंपियन के रूप में नामित किया जाएगा। ये छात्र अपने सहपाठियों को हेल्थ आईडी के फायदे बताएंगे और पंजीयन में सहयोग करेंगे।

**कॉलेज स्तर पर होगी व्यवस्था**

उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार, प्रत्येक कॉलेज में हेल्थ आईडी बनाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। यह अधिकारी छात्रों का पंजीयन कराकर उनकी डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी कराएगा और मिशन से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी करेगा।

**भविष्य की डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता**

विभाग का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों को भविष्य में टेलीमेडिसिन, ई-प्रिस्क्रिप्शन और अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उच्च शिक्षा विभाग का यह कदम कॉलेज विद्यार्थियों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सुरक्षा कवच साबित होगा, जिससे इलाज आसान, तेज और भरोसेमंद बन सकेगा।

## फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट में रोजगार पर कार्यशाला का आयोजन



**रीवा।** फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसलिंग एवं पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य बी.एस. मुंडे के मार्गदर्शन में व शा.बालक उ.मा. सांदीपनि विद्यालय मनगवां के प्राचार्य कैलाश चंद्र अवधिया के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सहायक व्याख्याता कात्यादयन पाण्डेय एवं मास्टर शेफ सत्यभान जायसवाल आदर्श सिंह पटेल व सत्या सिंह कर्चुली की विशेष उपस्थिति रही। सांदीपनि विद्यालय मनगवां के विद्यार्थियों को पर्यटन, होटल एवं फूड इंडस्ट्री में करियर की संभावनाओं, कौशल आधारित शिक्षा तथा रोजगार के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग, बेकरी, कैफे एवं फूड स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्र युवाओं के लिएरोजगार एवं स्वरोजगार के प्रभावी अवसर उपलब्ध कराते हैं। सही प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव से कम समय में आत्मनिर्भर बना जा सकता है तथा कक्षा 12 वीं उपरांत बढ़ते पर्यटन के साथ रोजगार की उपलब्धता का लाभ क्षेत्र के युवक अल्प अवधि प्रशिक्षण से प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों के लिए पास्ता एवं पिज्जा का लाइव कुकिंग डेमोमास्टर शेफ सत्यभान जयसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक खाद्य उद्योग की कार्यप्रणाली एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण को समझने का अवसर मिला। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॅरियर के पर्यटन कैरियर के प्रति जागरूक करना तथा पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र को एक सशक्त करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना रहा।

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 21 दिसंबर रविवार को रीवा में**



रीवा:- राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 21 दिसंबर 2025 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीढ़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कमाता मेडिकल में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, श्वष्टल, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.

## महामंडलेश्वर के बयान पर एनएसयूआई का विरोध



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर अतिथि पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के महामंडलेश्वर के दिए गए बयान पर एनएसयूआई ने विरोध दर्ज कराया है। उक्त संबंध में ज्ञापन संभागायुक्त को सौंपा गया है। एनएसयूआई ने महामंडलेश्वर के बयान को उन्माद फैलाने वाला बयान बताते हुए संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया है। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि विगत दिनों विवि में आए अतिथि ने कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अपनी बातें रखते हुए किसी विशेष विचारधारा से प्रेरित होकर सीधे तौर पर कहा कि मैं महात्मा गांधी जी की विचारधारा को नहीं मानता। इतना ही नहीं, महामंडलेश्वर के दिए गए बयान में कहा गया कि एक गाल के बाद दूसरे गाल पर तमाचा लगा तो तीसरा गाल कहां से लाओगे। उक्त बयान को लेकर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह बयान कांग्रेस और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को अपमानित करने वाला था, जो कि निश्चित रूप से हिंसात्मक शब्द है।

## स्कूल के बच्चों में दिखी कॉलेज में पढ़ने जाने की ललक

### मॉडल साइंस कॉलेज के छात्रों का स्कूलों में शैक्षणिक भ्रमण व जागरुकता कार्यक्रम




**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने एवं विद्यालय से महाविद्यालय की ओर सुगम प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र नाथ तिवारी के मार्गदर्शन मे शैक्षणिक भ्रमण एवं छात्र जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ. बालमहेन्द्र प्रजापति के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. शिवनाथ शर्मा एवं डॉ. प्रदीप पटेल द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान टीम द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शा.मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक 02, शा. पी.के. सांदीपनि कन्या विद्यालय , पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय तथा शासकीय आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय का दौरा किया गया। भ्रमण के दौरान कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राध्यापकों द्वारा उच्च शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि उच्च शिक्षा न केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम है, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता तथा बेहतर कॅरियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, विषय चयन की प्रक्रिया, प्रवेश नियमों, आरक्षण व्यवस्था एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई।

**कॅरियर अवसरों के बारे में दी जानकारी :** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। प्राध्यापकों द्वारा विज्ञान विषयों के साथ-साथ अन्य विषयों में उपलब्ध कॅरियर अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं, अनुसंधान, उच्च अध्ययन एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि सही विषय चयन एवं समय पर प्रवेश लेकर वे अपने भविष्य को सुदृढ़ बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को बहुविषयक सुविधाएँ प्रदान करती है, जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

**भविष्य की संभावनाओं पर पूछे प्रश्न :** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति विशेष उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, छात्रावास, भविष्य की संभावनाओं जैसे विषयों पर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का प्राध्यापकों द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने 5 खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार भी कर रहे निगरानी



**जागरण, रीवा।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके उपार्जन की व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इस क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 5 धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। श्री गुर्जर ने उपार्जन केन्द्र मटियारा, चाकघाट कृषि उपज मण्डी, ढखरा नम्बर दो, अमिलिया, मांगी एवं रायपुर सोनौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे। श्री गुर्जर ने खरीदी केन्द्र में किसानों से उपार्जन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने उपार्जन केन्द्र जवा और चौखण्डी का निरीक्षण किया। अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी खरीदी केन्द्र उमरी, रायपुर, अमवा, पड़री, व्यौहरा, गुढ़ तथा करहिया मण्डी का निरीक्षण किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुर्जर ने धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान लें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। खरीदी केन्द्रों में छाया, पानी के साथ-साथ अलाव की भी व्यवस्था कराएं। समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें। उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें। उपार्जित धान को गोदाम में पहुंचाकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं जिससे किसान को समय पर भुगतान हो सके।

# जमीनी विवाद में घर में घुसकर मारपीट, महिला गंभीर

### गढ़ थाना क्षेत्र में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस



**जागरण,रीवा।** जिले की बेलगाम कानून व्यवस्था के चलते अब अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों की लापरवाही आम जन को भुगतनी पड़ रही है। हालात यह हैं कि अब प्रदेश सरकार की लाड़ली बहनों के साथ घर में घुसकर मारपीट की जा रही है। रीवा के गढ़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते जेठ ने बहू पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोप है कि जेठ ने घर में घुसकर बहू के लोहे की रॉड और लकड़ी के टुकड़ों से साथ मारपीट की है। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आने से उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायल महिला का उपचार अभी जारी है। दरअसल मारपीट की यह घटना गुरुवार की शाम जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में हुई है। घायल महिला मइकी कुशवाहा के पति इंद्रकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका बड़े भाई राजमणि कुशवाहा से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई ने घर में घुसकर छोटे भाई की पत्नी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। घायल महिला ने बताया कि जेठ ने लोहे की रॉड से उस पर हमला किया है, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। फिलहाल घायल महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# सड़क पार कर रहे बच्चे को टक्कर मारने के बाद दूर तक घसीटा

### चाकघाट के गौरा रोड मार्केट की घटना



**जागरण,रीवा।** जिले के चाकघाट गौरा रोड मार्केट में एक बाइक सवार द्वारा अत्यंत लापरवाही पूर्वक बाइक चलाए जाने का मामला सामने आया है। बाइक सवार द्वारा कि गई गंभीर लापरवाही का घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जानकारी के मुताबिक गौरा रोड मार्केट में किराए के मकान में रह रहा 12 वर्षीय आयुष तिवारी सड़क पार कर कोचिंग क्लास जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद आयुष बाइक में फंस गया और चालक ने भागने की कोशिश में उसे काफी दूर तक घसीट लिया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने सूझबूझ दिखाते हुए आगे बाइक को बल पूर्वक रोकने की कोशिश की, जिससे संतुलन बिगड़ने पर बच्चा बाइक से अलग हो गया, गनीमत रही कि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की स्पीड इतनी तेज थी कि चालक को पकड़ना संभव नहीं हो सका। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को दी, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए तस्वीरों के आधार पर पुलिस बाइक सवार की तलाश में जुटी गई है। बताया गया कि गुरुवार शाम यह घटनाक्रम देखने को मिला है।

# अघोषित कटौती से फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे किसान

### कभी भी काट दी जाती है बिजली, कभी हो जाता है वोल्टेज कम

**जागरण, रीवा।** पिछले कुछ वर्षों से लगातार किसान कभी मौसम की मार से तो कभी मिल रहे नाममात्र दाम से परेशान हैं, इस वर्ष खरीफ फसल को जहां बारिश ने धो दिया जिसके चलते कई किसान आज भी रबी फसल की बोवनी नहीं कर पाए वहीं जिन किसानों ने बोवनी कर दी है उन्हें फसलों की सिंचाई करने पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं हो रही। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात यह है कि महज 5-6 घंटे बामुश्किल बिजली मिल रही है, बार-बार बिजली बंद होने से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे, कई बार बिजली आती भी है तो वोल्टेज कम रहता है, जिससे मोटर पम्प चालू नहीं हो पाते। किसान मोचन तिवारी, शिवम द्विवेदी, रामलाल साकेत, विकास तिवारी, संतोष मिश्रा, सुनील कुशवाहा आदि ने बताया कि शहर में तो बिजली मिल रही है, किन्तु शहर से सटे ग्राम इटौरा, दुआरी, जेरुका, बनकुइयां आदि क्षेत्रों में नाममात्र बिजली दी जा रही है, दुआरी ग्राम में ही शुक्रवार को सुबह से दोपहर तब दर्जनों बार बिजली गुल हुई, बिजली आई भी तो थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बाकी समय बंद ही रही, यही हाल अन्य अंचलों का भी है, ऐसे में किसान कब मोटर चालू करे और कब फसलों की सिंचाई करे, कई बार बिजली रहती भी है तो वोल्टेज कम रहता है, जिससे मोटरें उठ ही नहीं पाती, इसका कारण अधिक लोड होता है या कुछ और ये कहना मुश्किल है, किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहे हैं। हर चुनाव के समय जनप्रतिनिधि किसानों के हित में बड़े-बड़े दावे करते हैं, किन्तु किसानों की क्या हालत हो रही ये देखने वाला कोई नहीं। किसानों ने बताया कि नहरों की स्थिति यह है कि हर जगह पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए बिजली पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है, लेकिन अघोषित कटौती ने किसानों की परेशानी बढ़ा रखी है।

# तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र का किया गया आयोजन

### पुलिस विभाग की पहल, परेड ग्राउंड में दो दिन और चलेगा कार्यक्रम



**जागरण, रीवा।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य, आंतरिक संतुलन एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के अंतर्गत मध्य प्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस परेड ग्राउंड रीवा में 'तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस कर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त, तनावमुक्त एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से युक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण, दबावपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण होती है। निरंतर ड्यूटी, कानून-व्यवस्था की चुनौतियाँ, आपातकालीन परिस्थितियाँ एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के कारण पुलिस कर्मियों पर मानसिक एवं भावनात्मक दबाव बना रहता है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा यह प्रयास किया गया है कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ध्यान, योग एवं मानसिक एकाग्रता के माध्यम से तनाव से मुक्ति प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का मूल संदेश 'हर दिल ध्यान-हर दिन ध्यान' है, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमित ध्यान एवं मानसिक अभ्यास को जीवनशैली में अपनाकर न केवल व्यक्तिगत जीवन को संतुलित किया जा सकता है, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन में भी और अधिक एकाग्रता, धैर्य एवं संवेदनशीलता लाई जा सकती है। बताया गया कि यह ध्यान एवं तनावमुक्ति कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड रीवा में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम आज और कल भी आयोजित किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक रहेगा। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा ध्यान, श्वसन तकनीक, मानसिक शांति एवं आत्मनियंत्रण से संबंधित व्यवहारिक सत्र संचालित किए जाएंगे। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, हार्टफुलनेस संस्था के सदस्य, शहरी थानों के थाना प्रभारी, पुलिस लाइन रीवा का पुलिस बल एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक



**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री तिवारी का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए अपूर्णनीय क्षति है। वे कांग्रेस के प्रति समर्पित नेताओं में से एक थे संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान सराहनीय रहा है। श्री शर्मा ने दिवंगत की आत्मा की शांति के परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि वह उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। तथा उनके शोकाकुल परिवार को यह गहनतम् दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। शोक व्यक्त करने वालो में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कविता पाण्डेय, विद्यावती पटेल, डॉ शीला त्यागी, विमलेन्द्र तिवारी, डॉ अरूणा तिवारी, बबिता सकेत, रमाशंकर सिंह पटेल, कपिध्वज सिंह, रामगरीब बनवासी, सरदार प्रहलाद सिंह, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, बृजभूषण शुक्ला, गिरीश सिंह, शिव प्रसाद प्रधान, गुरूमीत सिंह मंगू, सत्यनारायण तिवारी, लखनलाल खण्डेलवाल, शहीद मिस्त्री,चक्रधर सिंह, हर्षलाल शुक्ला, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, सुरेश वर्मा, जी पी त्रिपाठी, रामकीर्ति शर्मा, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, अखिलेश द्विवेदी काकू, महेन्द्र उपाध्याय, मुस्तहाक खान, वसीम राजा,चंचल द्विवेदी, पार्षद धनेन्द्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, रामप्रकाश तिवारी डैडू आदि रहे।

# कांग्रेस नेता राकेश तिवारी का निधन अपूर्णनीय क्षतिः प्रधान

कांग्रेस के पूर्व महामंत्री राकेश तिवारी के निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी शिवप्रसाद प्रधान ने अत्यन्त दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आकस्मिक निधन समाज एवं राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। वे सदैव जनसेवा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता के प्रतीक रहे। उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से जो स्थन रिक्त हुआ है, न उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुखद घड़ी में सहन शक्ति दें।

# एसडीएम, आरआई सहित पटवारी की लोकायुक्त से शिकायत

### आर्थिक लाभ के लिए पद के दुरुपयोग का आरोप, एफआईआर कर कार्यवाही की मांग

**जागरण,रीवा।** राजस्व अधिकारियों की मनमानी से किसान सबसे अधिक परेशान हैं, अपने किसी आवश्यकता को लेकर यदि वह भूमि विक्रय करता है तो भू-माफिया उसे पूरी तरह से अपना शिकार बना लेते हैं। इस मामले में भू-माफिया का पूरा सहयोग राजस्व अधिकारी कर रहे हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। एक और मामले को लेकर शिकायत तो हुई लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। तत्कालीन सिरमौर एसडीएम राजेश सिन्हा, आरआई सुनई प्रजापति व वर्तमान पटवारी पुष्पेन्द्र मिश्रा पर मनमानी और फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त एसपी से की गई है। इस संबंध में गरीब किसान कुसुम सिंह, सुग्रीव सिंह, कमलभान सिंह, बैंकराज सिंह, शांति सिंह, शिविराज सिंह व भूपेंद सिंह ने बताया कि खसरा नम्बर 864 कुल रकवा लगभग 4.30 एकड़ है जिसमे बड़े भाई बलिराज सिह को 1.90 एकड़ व 6 भाइयों को 40 डि. जमीन हिस्से में मिली थी जिस पर सभी भाई अपने-अपने हिस्से की स्वत्वधारी हैं। मौके से काबिज भी हैं, राजस्व अभिलेखो में सभी भाइयों के नाम दर्ज हैं। इसी भूमि के एक हिस्सेदार प्रेमा सिंह व उनकी पुत्री रीनू सिंह ने अपने हिस्से की भूमि को 2 अलग-अलग विक्रय पत्रों के माध्यम से शत्रुघ्न सिंह पिता सूर्य प्रताप सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी लक्ष्मणपुर जिला रीवा को 1200 वर्गफिट जो रीवा सिरमौर मेन रोड पर थी व अपने हिस्से की शेष 37 डि. भूमि रीवा सिरमौर मेन रोड से 100 मीटर अन्दर पूर्व दिशा में स्थित भूमि को संध्या सिंह पुत्री स्व. रावेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष ग्राम सलैया पोस्ट मझिगवां जिला रीवा को विक्रय किया था। विक्रय के बाद क्रेता ने अपनी वह भूमि जो मेन रोड से 100 मीटर अन्दर थी, के स्थान पर अपने 1200 वर्गफिट अपने विक्रय पत्र के साथ करने के आशय से कब्जा करने का प्रयास करने लगे जिस पर उनके नामांतरण पर तहसील न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई थी। तहसीलदार न्यायालय ने भूमि नक्शा तरमीम के आवेदन पत्र संबंधित राजस्व निरीक्षक से मौके में जाकर नियमानुसार अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया, तहसीलदार के निर्देश पर संबंधित राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचकर सभी हितबद्ध किसानों की उपस्थित में उनके बताये अनुसार नक्शा मौके पर तैयार किया गया। जिस प्रतिवेदन पर सभी हितबद्ध कृषकों की सहमति थी। उस पर क्रेतागण शत्रुघ्न सिंह पिता सूर्य प्रताप सिह, संध्या सिंह पुत्री स्व.रावेन्द्र सिंह ने राजस्व निरीक्षक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन पर असहमति जाहिर की थी। जिस पर तहसीलदार न्यायालय ने जाँच कमिश्नर टीम गठित कर राजस्व निरीक्षक सुनई प्रजापति व दो पटवारियों के साथ सूचना पत्र जारी कर सभी हितबद्ध कृषकों को दिनांक 28/07/2023 को मौके पर उपस्थित रहने के लिए सूचित किया। सुनई प्रजापति द्वारा तैयार प्रस्ताव पर गलत स्थान पर प्रेमा सिंह वगैरह एवं कुसुम सिंह लिखा गया, तत्कालिक राजस्व निरीक्षक सुनई प्रजापति व दल द्वारा सही स्थित की जानकारी होने पर प्रेमा सिंह वगैरह का नाम सब की सहमति से काट दिया गया लेकिन बाद में आर्थिक लाभ प्राप्त कर तैयार पंचनामा में पुनः से जिस स्थान पर सभी कृषकों को आपत्ति थी, प्रेमा सिंह का नाम दर्ज कर दिया गया। राजस्व निरीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से कूटरचना कर पद का दुरुपयोग कर हम हितबद्ध कृषकों को अपूर्णीय क्षति पहुंचाई है। तहसीलदार न्यायालय ने प्रस्तुत दस्तावेजों साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में आये तथ्यों से प्रकरण में स्वत्व संबंधी विवाद एवं सिविल न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण अपने स्तर पर 26/11/2024 प्रकरण को निरस्त कर निराकृत कर दिया गया। तहसीलदार ने अपने आदेश में राजस्व निरीक्षक द्वारा कूटरचित तरीके से तैयार किये हुए प्रस्ताव क्रंमाक 02 का कोई लेख नहीं किया है। तहसीलदार न्यायालय सिरमौर के आदेश के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी सिरमौर के न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। प्रकरण में तत्कालिक अनुविभागीय अधिकारी सिरमौर राजेश कुमार सिन्हा ने विक्रेतागणों के द्वारा अपील में दिए गए झूठे मनगढ़ंत दस्तावेज को आधार मानकर सम्बधित हितबंध कृषकों को बिना किसी सूचना दिये और सुने बगैर राजस्व निरीक्षक द्वारा कूटरचित तरीके से तैयार प्रस्ताव को स्वीकार कर दिया। अनुविभागीय अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने जान बूझ कर लोभ लालच में आकर क्रेतागणों से अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त कर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नजर अंदाज कर नियम विरुद्ध आदेश जारी किया है। इसी आदेश के कारण संम्बधित हितबंध गरीब कृषकों एवं क्रेतागणों के बीच स्वत्व को लेकर गंभीर विवाद की स्थिति निर्मित है। प्रकरण की जांच कराकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है।

सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना गलतः कल्चुरी

**जागरण, रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी बयान में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किसानों एवं मजदूरों से सीधे जुड़ी महत्वपूर्ण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना भाजपा सरकार की ओछी और संकीर्ण राजनीति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नाथूराम गोडसे को महिमा मंडित करना तो वहीं महात्मा गांधी को नीचा दिखाना मकसद है। कल्चुरी ने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने मुस्लिम महिला डॉक्टर को नियुक्ति पत्र देते समय उसका हिज़ाब खीचना इस बात का द्योतक है कि भाजपा एवं भाजपा के सहयोगी दल के डिक्शनरी में महिला सम्मान नहीं है, इसके लिये बिहार के मुख्यमंत्री को मुस्लिम डॉक्टर महिला से सार्वजनिक माफी मांगना चाहिए।

# संतोष मिश्र को मातृ शोक

**रीवा।** महासचिव शासकीय शिक्षक संगठन के संतोष कुमार मिश्रा की माताजी स्व. ऊषा मिश्र पति स्व. रोहणी प्रसाद मिश्र का गत 12 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत आत्मा की आत्मशांति के लिए रविवार को दशगात्र संस्कार, सोमवार एकादशाह संस्कार पचमठा व 24 दिसंबर को त्रयोदशाह संस्कार व ब्राह्मण भोज का आयोजन उनके निज निवास ढेकहा में रखा गया है।

# पुष्पराज नगर वासी किरण सोधिया का निधन

**रीवा।** पुष्पराज नगर वासी किरण सोधिया का निधन शुक्रवार को हो गया। उनके आकस्मिक निधन से मोहल्ले में शोक की लहर है। बताया गया कि किरण सोधिया की मृत्य ह्दयाघात से हुई। किरण मोहल्ले की अत्यंत कर्तव्य परयाण काम वाली बाई के रूप में सर्वप्रिय थीं। सभी के घरों से उनका मृदल व स्नेहिल स्वभाव का पारिवारिक नाता था। किरण का अंतिम संस्कार बड़ी पुल स्थिति श्मसान में विधि-विधान के साथ उनके पुत्र द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शोकाकुल जनसमूह मौजूद रहा।

# शोक सभा का आयोजन 21 को

**रीवा।** जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर स्थित बांस मोड़ भठवा में ब्रम्हलीन ब्रम्हर्षि रामविलास वेदांती को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु 21 दिसंबर को शोक सभा का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि ब्रम्हलीन ब्रम्हर्षि रामविलास वेदांती महराज के व्यक्तित्व और कृतित्व को कहने के लिए संसार के शब्द बौने से हैं। गुरुदेव भगवान श्री वेदांती जी महराज सदैव सनातनी हिन्दूओं के ज़हन में थे हैं और रहेंगे। उक्त शोक सभा में सभी क्षेत्रवासियों से भावुक अपील कि गयी है कि 21 दिसंबर को दोपहर 2.30 पर बांस मोड़ भठवा में उपस्थित होकर गुरुदेव भगवान ब्रम्हलीन वेदांती जी महराज को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

ESB म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, फोन : 0755-2578801-02
पत्र क्र./ई.एस.बी./पी.आर.ओ/9837/2025 भोपाल, दिनांक : 19.12.2025

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा **समूह-1 उपसमूह-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025** का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा बिना किसी विवाद के संचालित हो सके इस संबंध में मण्डल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर, खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा इस संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता (01) श्री तबरेज शेख अधिवक्ता-693 तिलक वार्ड, फुटताल रोड, जबलपुर (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 बी ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 वाय.एन. रोड, इन्दौर एवं (3) श्री प्रवीण नेवास्कर अधिवक्ता-303 साई संकल्प अपार्टमेन्ट, किल्कारी अस्पताल के पास, साई सड़क, लश्कर, ग्वालियर म.प्र.-474001 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
म.प्र. माध्यम/123583/2025 संचालक

कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला-रीवा (म॰प्र॰)
Email ID- cmosirmor@mpurban.gov.in
क्रमांक/2329/NULM/न.प./2025 सिरमौर, दिनांक 19.12.2025

अभिरूचि का प्रदर्शन (Expression of interest)

भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश (SOP) अनुसार अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्वसहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में संलग्नकर अमृत 2.0 अंतर्गत रानी तालाब एवं देमान तालाब वार्ड क्रमांक 05 में निकाय के पार्क में निर्मित ग्रीन स्पेस का संचालन एवं रखरखाव (O&M) कार्य (गैर तकनीकी कार्य) कराये जाने हेतु राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के अंतर्गत नगर परिषद सिरमौर में पंजीकृत एवं सक्रिय समूह से सीलबंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 31.12.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त आवेदन दिनांक 01.01.2026 को सायं 3:00 बजे खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र नगर परिषद सिरमौर के डे-एनयूएलएम शाखा में दिनांक 30.12.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात प्राप्त प्रस्ताव / आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। विस्तृत विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर परिषद सिरमौर के शहरी आजीविका मिशन प्रकोष्ठ में देखी जा सकती है।

नोट :-
1. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव/आवेदन निर्धारित फार्म में ही जमा करनें होगें।
2. कोई भी प्रस्ताव/आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जायेगा।
3. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव/आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला – रीवा (म.प्र.)

शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना म.प्र.
कमांक 8797/ स्टोर / निविदा/ 25-26 सतना, दिनाक 19.12.25

खुली निविदा आमंत्रण सूचना

सूचित किया जाता है कि शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना की वर्ष 2025.26 के लिये निम्नानुसार सामग्री क्रय/कार्य/मरम्मत / रख.रखाव इत्यादि कार्य करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 09.01.2026 को सायं 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। आवेदन के साथ निविदा फर्म के निर्धारित मूल्य की क्यू आर कोड स्कैनर रसीद संबंधित फर्म के नाम ट स्टोर शाखा में जमा करते हुए निविदा फर्म, सामग्री की सूची सहित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जावेगा।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | स्टेशनरी/ स्वच्छता सामग्री/ क्रॉकरी सामग्री एवं अन्य आपूर्ति | 10,000.00 |
| 2 | मुद्रण प्रिंटिंग कार्य एवं बाइंडिंग | 10,000.00 |
| 3 | प्लम्बिंग मटेरियल/ पेंट/ कारपेन्टर आइटम/ एल्यूमिनियम पार्टीशन / हार्डवेयर आयटम | 5,000.00 |
| 4 | इलेक्ट्रिकल सामग्री / इन्वर्टर/ वॉटर कूलर रिपेयरिंग कार्य | 10,000.00 |
| 5 | कम्प्यूटर/ प्रिंटर/ फोटोफापी/ सी.सी.टी.व्ही कैमरा/ वॉटर कूलर/ आरो प्यूरिफयर/ ए.सी. / इन्वर्अर बैटरी / इलेक्ट्रिानिक सामग्री / फोटोकॉपी (फाजमा) एवं रिपेयरिंग कार्य | 10,000.00 |
| 6 | फर्नीचर सामग्री एवं रिपेयरिंग कार्य | 5,000.00 |
| 7 | स्वाल्पाहार | 5,000.00 |
| 8 | टेंट संबंधी समस्त सामग्री (फ्लावर डेकोरेशन, टूवे प्रसारण,कूलर, एल.सी.सी. साउण्ड बाक्स कम्प्लीट वटर प्रूफ टेंट, फूलमाला इत्यादित | 5,000.00 |
| 9 | आर.ओ. प्लांट / जनरेटर न्यू एवं रिपेयरिंग / रख.रखाव अन्य इत्यादि कार्य | 5,000.00 |
| 10 | रद्दी विक्रय | 5,000.00 |

नोटः- 1. निविदा फर्म का मूल्य रू 500.00 का भुगतान महाविद्यालय के बैंक खाते में क्यूआर कोड या यू.पी.आई. आई. की pgcollegsatna@sbi में ऑनलाइन किया जावेगा। जो महाविद्यालय के स्टोर कक्ष में स्वैकेनर उपलब्ध है तथा फार्म शुल्क जमा रसीद क साथ अपने लेटर हेड में आवेदन पत्र जमा कर महाविद्यालय के स्टोर से निविदा प्राप्त कर सकते है। 2. पंजीकृत ढाक द्वारा प्राप्त निविदाएँ दिनांक 01.10.2026 को दोपहर 01: 00 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य एवं महाविद्यालयीन क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी। 3. अमानत राशि की बैंक डी.डी. principalgovt.pg.college satna के नाम से संबंधित फर्म के खाते से बनवाई जायेगी। 4. प्राचार्य का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। 5. निविदा महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcsatna.com/website पर देखी जा सकती है।

स्टोर कीपर, शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)
प्रभारी प्राध्यापक (स्टोर), शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)
प्राचार्य, शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, रीवा जिला रीवा (म.प्र.)
क्रमांक/मण्डी/स्टोर/2025-26/1905 रीवा दिनांक 17/12/25

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति/ठेकेदार/संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के चिन्हित स्थानों पर पूर्व से स्थापित 29 नग नग सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य (ए.एम.सी.) हेतु 03 वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र दिनांक 08.01.2026 सायं 05.00 बजे तक कृषि उपज मण्डी रीवा से राशि रू. 500.00 जमा कर प्राप्त कर सकते है। सीलबंद निविदाये दिनांक 12.01.2026 को कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से मण्डी कार्यालय रीवा में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त सीलबंद निविदाये दिनांक 13.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्रानुसार रहेगी। निविदा में भाग लेने हेतु राशि 5000.00 रू. दिनांक 12.01.2026 तक निविदा धरोहर के रूप में नगद/डी. डी. जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के नाम से देय हो निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति, रीवा (म.प्र.)
सहायक संचालक/सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, रीवा (म.प्र.)

## हाईकोर्ट ने अजय के ईएनसी पद पर लगी रोक हटाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने एक अहम फैसला सुनाते हुए भवन विकास निगम के प्रमुख अभियंता (ईएनसी) पद को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में अजय श्रीवास्तव के पक्ष में फैसला दिया है। कोर्ट ने 8 दिसंबर 2025 को लगाए गए स्थगन आदेश को हटाते हुए अजय श्रीवास्तव को ईएनसी के पद पर यथावत कार्य करने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह निर्णय न केवल अजय श्रीवास्तव के लिए व्यक्तिगत राहत है, बल्कि इसे राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था और चयन प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता की जीत के रूप में भी देखा जा रहा है।

## नियमित नहीं करने पर सड़कों पर उतरेंगे नवनियुक्त शिक्षक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूरी हो चुकी है, लेकिन उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। इसके विरोध में राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग को 25 दिसंबर तक तक की मौहलत दी है। उक्त तिथि तक नियमित करने के आदेश जारी नहीं किए जाते हैं, तो एक जनवरी से लोक शिक्षण संचालनालय के सामने शिक्षकों द्वारा आंदोलन शुरू किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा पद रिक्त हैं। पिछले कुछ सालों में विभाग में शिक्षक के पद पर भर्ती जरूर हुई है, लेकिन वर्ष 2021 में भर्ती होकर आमद दर्ज कराने वाले करीब 13 हजार शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि वर्ष 2024 में पूरी हो गई है। उक्त तिथि बीते हुए भी सवा साल से ज्यादा हो चुके हैं। नियमित होने के लिए उक्त शिक्षक डीईओ से लोक शिक्षण संचालालय के चक्कर काटे जा रहे हैं। हालांकि विभाग द्वारा कुछ नवनियुक्त शिक्षकों के पृथक-पृथक आदेश जारी कर नियमित किया गया है। अभी तक संपूर्ण सूची जारी नहीं हो सकी है। परिवीक्षा अवधि से नियमित करने कुछ जिलों में वसूली भी की जा रही है। इसे लेकर नवनियुक्त शिक्षक स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को पत्र भी लिख चुके हैं। इसमें उन्होंने कहा कि हमें कब तक नियमित किया जाएगा। सवा चार साल का समय बीतने के बाद भी परिवीक्षा अवधि खत्म नहीं हो रही है। शिक्षकों का कहना है कि नियमित नहीं होने से आर्थिक नुकसान के साथ अन्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करते हुए जल्द आदेश जारी करने की गुहार लगाई है। नवनियुक्त शिक्षकों के नियोक्ता अधिकारी पृथक-पृथक होते हैं। शिक्षक संवर्ग वर्ग एक का नियोक्ता अधिकारी आयुक्त लोक शिक्षण, वर्ग दो का संभागीय संयुक्त संचालक और वर्ग तीन का जिला शिक्षा अधिकारी होता है। परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बाद नियोक्ता अधिकारी नियमित होने के आदेश जारी करता है।

**कर्मचारी संघ ने दी 25 तक की मौहलत**

## एक हफ्ते में 1.72 करोड़ की अवैध शराब व ड्रग्स जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पिछले सात दिनों के भीतर एंमपी पुलिस ने एक दर्जन से च्यादा तस्करों को हिरासत में लेकर 1 करोड़ 72 लाख रुपए से अधिक की अवैध शराब, अफीम, एमडी ड्रग्स और गांजा जब्त किया है। पुलिस ने तस्करों द्वारा स्मगलिंग के नए तरीकों को बेनकाब कर ये कार्रवाई की है। खरगोन पुलिस ने एक ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा। इसमें तस्करों ने पशु आहार के बोरों के नीचे 4,365 लीटर शराब छिपाई थी। पुलिस ने इस कार्रवाई में तस्कर को हिरासत में लेकर 41.70 लाख का माल जब्त किया है। इसी तरह मुरैना की रिठोरा पुलिस ने एक गोदाम पर दबिश देकर 25 लाख रुपए कीमत की 14,520 लीटर स्प्रिट) बरामद की। इसके जरिए ही अवैध शराब बनाई जाती है। इसके अलावा इंदौर के विजय नगर में 90 पेटी अंग्रेजी शराब एवं नर्मदापुरम में कार से शराब तस्करी का भी भंडाफोड़ किया गया है।

# आईएएस में होती है खुद को दांव पर लगाने की क्षमता : सीएम

## प्रशासन अकादमी में तीन दिवसीय मध्यप्रदेश आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों का देश-दुनिया में अनुसरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आप को दांव पर लगाकर कार्य करने की क्षमता अगर किसी में है, तो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में है। डॉ. यादव शुक्रवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित मप्र आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों में ऐसा गुण है कि वे चेहरे देख कर समझ जाते हैं कि सामने वाला क्या कहने वाले है। इसके बाद अधिकारियों द्वारा ए प्लान, बी प्लान, सी प्लान और डी प्लान ऐसे सुनाई देते हैं कि कोई न कोई मान ही लिया जाएगा। भगवान करे, ऐसे प्लान आते रहें और वह सही परिणाम भी देते रहें। सीएम ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भूमिका के आधार पर ही भारत आज दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। हमारे प्रशासनिक अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भारत की अनेक विविधताओं के बीच आज देश में यह सेवा क्षेत्र मजबूती और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था में संघीय प्रणाली है और इस बीच प्रदेश के अधिकारियों ने केंद्र-राज्यों के साथ समन्वय करते हुए राज्य की बेहतर छवि बनाई है। मध्यप्रदेश एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों का देश-दुनिया में अनुसरण किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सेवा निवृत्त अधिकारी उपस्थित रहे।



### सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का शासन को मिल रहा लाभ

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग्यता और अनुभव के महत्व को पहचानते हैं। इसी का परिणाम है कि सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का लाभ शासन व्यवस्था को मिल रहा है। प्रदेश के सभी प्रशासनिक अधिकारी सम्मान के हकदार हैं। प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के आधार हैं। इस मौके पर मध्यप्रदेश आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष एसीएस मनु श्रीवास्तव ने कहा कि सर्विस मीट में नए वेंचर्स की सफलता पर विमर्श किया जाएगा। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जो सभी को अपना लेता है। प्रदेश के आईएएस अफसर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। मध्यप्रदेश आईएएस एसोसिएशन एक परिवार की तरह है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पी. नरहरि ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य में सेवा का कार्य पूर्ण गरिमा के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित मध्यप्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

# एसआईआर में 40 लाख नाम कटने की संभावना, बढ़ी सियासी हलचल

## 23 को जारी होगी प्रारंभिक मतदाता सूची, दावे-आपत्तियों का मिलेगा अवसर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र में एसआईआर अभियान के तहत 40 लाख से ज्यादा नाम हटने की संभावना जताई जा रही है, जिससे सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि आयोग का कहना है कि 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद दावे और आपत्तियों का अवसर दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश भर में अभियान के दौरान कुल 5 करोड़ 74 लाख से अधिक गणना पत्रक जमा किए गए हैं। इन गणना पत्रकों के विस्तृत विश्लेषण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आयोग के मुताबिक बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता पाए गए हैं, जिनकी जानकारी या तो अधूरी है या फिर वे तय मानकों पर खरे नहीं उतरे है। आयोग का कहना है कि जिन लोगों को नाम प्राथमिक सूची में नहीं आते हैं, तो उन्हें दावे और आपत्तियों के दौरान बात रखने का मौका मिलेगा। पात्र मतदाताओं का नाम किसी भी सूरत में नहीं कटेगा, लेकिन अपात्र, मृत, डुप्लिकेट और अधूरी जानकारी वाले नामों को हटाकर मतदाता सूची को पूरी तरह साफ किया जाएगा। मध्यप्रदेश में एसआईआर को लेकर सामने आए आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की यह कवायद अपने



निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है। चुनाव आयोग जहां इसे शुद्ध और पारदर्शी चुनाव की बुनियाद बता रहा है, तो वहीं राजनीतिक दल अपने-अपने नजरिए से इसे देख रहे हैं। एक ओर कांग्रेस इसे प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि वोट चोरी के स्पष्ट प्रमाण बता रही है। तो दूसरी ओर बीजेपी इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रक्रिया करार दे रही है। जानकारों का कहना है कि इस मामले पर 23 दिसम्बर को ही प्राथमिक मतदाता सूची जारी होने के बाद ही यह तय होगा कि आखिर वास्तविक स्थिति क्या है। इधर 40 लाख नाम कटने की खबर लगते ही प्रदेश में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोले बैठी कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने की संभावना पर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि इससे साफ हो गया कि राहुल गांधी जो वोट चोरी की बात कह रहे थे, वो सही साबित हो रही है इस पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया है।

### निर्वाचन आयोग में नवाचार वीसी के जरिए की सुनवाई

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नवाचार करते हुए निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सुनवाई की। इस व्यवस्था से अब अभ्यार्थियों को सुनवाई में भोपाल नहीं आना पड़ेगा। गौरतलब है कि राज्य आयोग महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में सप्ताह में एक बार सुनवाई करता है। जिसके लिए अभ्यार्थियों को भोपाल आना होता है,लेकिन अब इस नवाचार से अभ्यार्थियों को भोपाल नहीं आना पड़ेगा। वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई का नवाचार किया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव द्वारा फरवरी 2025 से अब तक व्ही.सी. के माध्यम से 411 अभ्यर्थियों की सुनवाई की जा चुकी है।

## आशुतोष राय स्पेशल डीजी और प्रमोद वर्मा बनेंगे एडीजी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजी), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), पुलिस महानिरीक्षक 9 आईजी), उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और सिलेक्शन ग्रेड में आईपीएस अफसरों के प्रमोशन के लिए शुक्रवार को डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की बैठक हुई। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना व अपर मुख्य सचिव गृह विभाग शिवशेखर शुक्ला मौजूद रहे। इस दौरान जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा को एडीजी और एडीजी एजेके आशुतोष राय को स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोट करने पर सहमति बनी। इधर डीआईजी रैंक पर जो अफसर एक जनवरी को पदोन्नत होंगे उसमें 2010 बैच के आईपीएस राकेश कुमार सगर, आरएस बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, मनोज कुमार राय वर्ष 2011 बैच के रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढा, सिमाला प्रसाद, असित यादव, वर्ष 2012 बैच के विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, डॉ शिवदयाल. मयंक अवस्थी और शैलेंद्र सिंह चौहान के नाम शामिल हैं। इनके बाद आलोक कुमार सिंह, रघुवंश सिंह और विकास पाठक अगले साल में डीआईजी के पदों पर रिटायरमेंट के बाद प्रमोट होंगे।

## पांच प्रदेशों के मंत्री विकास के लिए बनाएंगे समन्वय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के उत्तरी एवं मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्री शनिवार को भोपाल में एकत्र होंगे। इस दौरान केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में शहरी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के केन्द्र और राज्यों के मध्य समन्वय को लेकर चर्चा की जाएगी। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होनी वाली इस क्षेत्रीय बैठक में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं राच्यो के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह बैठक राच्यों को योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने, क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को साझा करने, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा मंत्रालय से नीतिगत एवं रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा। आयुक्त भोंडवे ने बताया कि बैठक के दौरान पांच सत्रों में शहरी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इन सत्रों के माध्यम से केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकेगा। अमृत योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता से संबंधित विषयों पर विचार किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर भी मंथन होगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डंप स्थलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निपटान तथा स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों पर मंथन होगा। स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**क्षेत्रीय बैठक आज, सीएम और केंद्रीय मंत्री रहेंगे मौजूद**

# विजय शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस उतरी सड़क पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के लाड़ली बहनों को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ शुक्रवार को महिला कांग्रेस सड़क पर उतरी और मंत्री के बंगले का घेराव करने की कोशिश की। जिससे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के बयान को महिलाओं के सम्मान से जोड़ते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस दफ्तर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री के बंगले की ओर रुख किया,लेकिन पुलिस ने उन्हें रेडक्रास चौराहे से पहले ही बैरिकेडिंग कर रोक लिया। जिससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक विवाद और झड़प जैसी स्थिति निर्मित रही। कुछ देर तक तो पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की जैसी स्थिति देखने को मिली। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन को खत्म किया और बाद में सभी कार्यकर्ताओं को पीसीसी दफ्तर के सामने लाकर छोड़ दिया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा महिलाओं के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर आपत्तिजनक भाषा बोली जा रही है, लेकिन इसके बाद भी राज्य सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे उनका हौसला बढ़ा हुआ है। मंत्री शाह के खिलाफ प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और उनके पुतले दहन किए जा रहे हैं। इसके बाद भी मंत्री पर न तो कार्रवाई हुई और न ही जवाबदेही तय की गई। प्रदेशाध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब पहले एक राजनीतिक नेता की पत्नी के अपमान पर मंत्री को पद से हटाया जा सकता है, तो फिर देश की बेटियों और लाड़ली बहनों के सम्मान पर सरकार क्यों चुप है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मंत्री सार्वजनिक माफी नहीं मांगते या पद से हटाए नहीं जाते, तब तक महिला कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

**पुलिस से हुई झूमा-झटकी, हिरासत में लेकर छोड़ा**



## मांगों को लेकर नाबार्ड के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** देशभर में 3500 से अधिक सदस्यों वाली ऑल इंडिया नाबार्ड रिटायर्ड एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ एवं अति वरिष्ठ पेंशनर्स तथा अष्ठाध्यायी परिवार पेंशनर्स नीचे दिए गए मुद्दों के समाधान में भारत सरकार एवं नाबार्ड प्रबंधन की उदासीनता और अनुचित विलंब के विरोध में शुक्रवार को आंदोलन किया। उनकी मांग है कि एक नवंबर 2017 तक सेवानिवृत नाबार्ड भर्ती पेंशनर्स की पेशन संशोधन, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित परिवार पेंशन का संशोधन तथा पारिवारिक पेंशन पर निर्धारित अधिकतम सीमा का हटाना, बीस वर्ष की सेवा के बाद पूर्ण पेशन का अनुदान और पेंशन का निर्धारण अंतिम वेतन या पिछले 10 माह के औसत वेतन जो भी लाभकारी हो के आधार पर किया जाए। नाबार्ड में दो अलग-अलग श्रेणियों के पेंशनर्स बना दिए, जबकि पिछले 43 वर्षों से सभी पेंशनर्स को समान रूप से और बिना किसी भेदभाव के संभाला जाता रहा है।

**उपलब्धियां**

## दो मंत्रियों ने दिया दो साल के कार्यकाल का ब्यौरा, गिनाईं अपनी उपलब्धियां

# राष्ट्रीय मॉडल बनेगा मध्यप्रदेश का ग्रामीण विकास: प्रहलाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आने वाले दो वर्षो में किसी भी ग्राम पंचायत के सीवर का पानी किसी भी नदी में नहीं मिलेगा। इसी तरह 100 घर की आबादी वाली बसाहटों तक सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षो में हमारे गांवों का विकास राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरेगा।

मंत्री पटेल शुक्रवार को अपने विभाग में पिछले दो वर्षो में हुए कार्यो को लेकर पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सेमी अर्बन डवलपमेंट की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न योजनाओं में 1250 किमी से अधिक सड़कों और 322 पुलों का निर्माण किया गया है। नई योजनाओं के तहत 20,600 से अधिक बसाहटों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने का कार्य जारी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 99 प्रतिशत से अधिक ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। पटेल ने कहा कि आने वाले दो वर्षो में राज्य की किसी भी नदी में ग्राम पंचायतों का दूषित पानी नहीं मिलेगा। पटेल ने बताया कि हमने बसाहटों की नई परिभाषा बनाई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के चौथे चरण में अब 500 की आबादी वाले गांवों में दो साल में सड़कें बना दी जाएगी। अगर 250 की आबादी वाले जनजातीय गांव है,तो वहां भी इसी चरण में सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत भी ऐसे गांवों में सड़कों



का निर्माण कराया जाएगा जिसकी आबादी 100 है। इनमें नक्सल प्रभावित गांव भी शामिल होंगे। चौथे चरण हेतु 10602 बस हटे चिन्ह अंकित की गई है जिनके लिए 1849 किलोमीटर की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। पंचायत मंत्री ने हमने तय किया है कि प्रदेश का कोई भी गांव या ग्राम पंचायत मुख्यालय श्मसान की भूमि बिना न रहे। इसके लिए हमने तय किया है कि ऐसे चिन्हित गांवों में श्मसान भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वहां पर फिंसिंग के उपरांत उनमें पौधरोपण करना तथा उन्हें मुख्य सड़क से एप्रोच रोड बनाकर जोड़ने का कार्य दिसंबर, 2026 तक पूरा कराया जाएगा। तीनों स्तर की पंचायतों के कार्यालय भवनों के लिए स्वीकृतियां प्रदान कीं तथा उनकी डिजाइन में परिवर्तन भी किया ताकि भविष्य में उनके ऊपरी मंजिलों का भी निर्माण किया जा सके। 2472 अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण के लिए 922.20 करोड़ की राशि स्वीकृत की।

## किसानों को एमएसपी दिलाने में मप्र में बेहतर कामः कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि दो सालों में सरकार ने किसानों को एमएसपी दिलाने में बेहतर काम किया है। प्रदेश कृषि के क्षेत्र में प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है और मध्यप्रदेश देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल है। सोयाबीन एवं मक्का के उत्पादन में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है तथा गेहूं, उड़द, मसूर, चना, सरसों, कुल तिलहन, कुल दलहन, कुल अनाज और मोटा अनाज में राज्य का देश में दूसरे स्थान पर है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। नजातीय अंचलों में श्रीअन्न को बढ़ावा देने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है, जिससे कोदो-कुटकी जैसी पारंपरिक फसलों का उत्पादन, विपणन की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। किसानों की सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की सहायता राशि सीधे किसानों तक पहुँची है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत राशि का त्वरित वितरण किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा किसान भाइयों की मेहनत को प्रतिफल प्रदाय करने सोयाबीन की फसल के लिये भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति होने पर किसानों को सहायता के लिये



गत 2 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा सत्तर लाख कृषक आवेदनों पर बारह सौ सेंतीस करोड़ चौवन हजार राशि रुपये का दावा भुगतान किया गया है। कंषाना ने इस बात से इंकार किया कि मध्यप्रदेश में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में सवालों को जवाब देते हुए विभाग के सचिव निशांत बरवड़े ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष खाद के ऊपर दो लाख करोड़ की सब्सिडी प्रदाय की जाती है। सरकार द्वारा गत दो वर्षों में अभी तक बहत्तर लाख मेट्रिक टन यूरिया एवं बयालीस लाख मेट्रिक टन डीएपी + एनपीके वितरण किया गया है। इसी अवधि में यूरिया तीन लाख दस हजार मेट्रिक टन अधिक किसानों द्वारा खरीदा गया,उन्होंने कहा कि खाद की कमी नहीं है,यदि यूरिया की बात करें तो वर्तमान में ढाई लाख मेट्रिक टन स्टॉक में है।

## पृष्ठ तीन के शेष

### तेजी से बदल रहा है ...

अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। डॉ. यादव ने कहा, मप्र में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और वॉटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मप्र में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे बढ़ने का आहवान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में कभी भी औद्योगिक बाधाओं (इंडस्ट्रियल अनरेस्ट) की शिकायत नहीं रही। सरकार की निवेशकों के अनुकूल 18 नई औद्योगिक नीतियों, पारदर्शी शासन-प्रशासन और मजबूत बुनियादी ढांचे के कारण मप्र आज निवेशकों और नव उद्यमियों के लिए एक आकर्षक और भरोसेमंद केंद्र बन गया है। हम निवेशकों को हर जरूरी प्रोत्साहन, न्यूनतम दर पर भूमि, मदद और मार्गदर्शन भी मुहैया करा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों को आईटी पार्क से लिंक किया जा रहा है। प्रदेश में साइंस सिटी, डीप-फेक रिसर्च सेंटर, एआई सिटी भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मप्र बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन के साथ फिल्म फ्रेंडली स्टेट भी बन रहा है। फिल्मों की शूटिंग को राज्य में गति मिल रही है। मध्यप्रदेश भारत का फूड बॉस्केट है। गेहूं, सोयाबीन, तिलहन, मक्का और मिलेट्स का उत्पादन हमें वैश्विक खाद्य उद्योग का केंद्र बना रहा है। प्रदेश में जैविक कपास उत्पादन में मप्र देश में अग्रणी है। कपास के उत्पादन के कारण राज्य में अनेक हैंडलूम कारखाने संचालित हैं स्थानीय स्तर पर लोग रोजगार-स्वरोजगार से जुड़े हैं। रीवा के सोलर पार्क की बिजली से दिल्ली की मेट्रो तक दौड़ रही है। देश का पहला फ्लोटिंग सोलर एनर्जी पार्क ओंकारेश्वर में स्थापित है।

### अनाज के नाम पर ...

से उन्होंने 2022 तक कैश क्रेडिट लिमिट बढ़ाकर 21.50 करोड़ करवा लिया गया। नियम के मुताबिक, लोन के बदले आरोपियों ने अपना स्टॉक (चना, सोयाबीन आदि) बैंक के पास गिरवी रखा था। इसे बिना बैंक की अनुमति के बेचा नहीं जा सकता था, लेकिन जब बैंक ने जांच की तो पता चला स्टॉक गायब है। संचालकों ने बैंक को बिना बताए सारा अनाज बाजार में खपाकर उससे मिली राशि रख ली। ईओडब्ल्यू ने मामले में धार के प्रकाश नगर में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्यों को नामजद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इन्वेस्टमेंट टिप्स देती दिखूं तो मत कीजिए विश्वास:सुधा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने हाल ही में एआई जनरेटेड और डीपफेक विडियोज को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने इस तरह के वीडियो को बड़ा खतरा बताते हुए लोगों को इससे सावधान रहने को कहा है। सुधा मूर्ति ने वायरल हुए डीपफेक विडियोज के प्रति लोगों को आगाह करते हुए कहा कि वे निवेश से जुड़ी सलाह नहीं देती हैं और सोशल मीडिया पर अगर लोगों को इस तरह के वीडियो नजर आए, तो उन पर भरोसा ना करें। सुधा मूर्ति के नाम पर इन्वेस्टमेंट स्कैम की खबरें सामने आईं थीं। वायरल हो रहे एक डीपफेक वीडियो में, सुधा मूर्ति को एक इन्वेस्टमेंट स्कीम के बारे में बात करते हुए और 20-30 गुना बड़े रिटर्न का वादा करते हुए देखा गया था।

### राम पर टीएमसी विधायक की विवादित टिप्पणी



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक मदन मित्रा ने भगवान राम को लेकर विवादित बयान देकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। वायरल वीडियो में विधायक मित्रा को सार्वजनिक सभा में कहते सुना जा सकता है कि भगवान राम मुसलमान थे, हिंदू नहीं और उनका कोई उपनाम (सरनेम) नहीं था। उन्होंने यह टिप्पणी भाजपा की हिंदू धर्म की समझ को सतही बताते हुए की। मित्रा ने दावा किया कि उन्होंने एक वरिष्ठ भआजपा नेता से राम के हिंदू होने का प्रमाण मांगा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान की कड़ी निंदा की है। पश्चिम बंगाल भाजपा ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि टीएमसी नेता हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने से बाज नहीं आते।

### अमेरिका में जेट क्रैश रेसर समेत पूरे परिवार की मौत



**नॉर्थ कैरोलिना, जेएनएन।** एक बिजनेस जेट नॉर्थ कैरोलिना में टेकऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गया। इस भयानक क्रैश में जेट में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें पूर्व नेसकार ड्राइवर ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी क्रिस्टिना, और उनके बच्चे राइडर (5) और एम्मा (14) शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, जेट स्टेट्सविल रीजनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद लौटने की कोशिश कर रहा था, तभी यह जमीन से टकराकर आग की लपटों में घिर गया। यह बिजनेस जेट केसना सी-550था, जो कि एक बेहद ही लोकप्रिय मिड-साइज बिजनेस जेट है और दुनियाभर में इस्तेमाल किया जाता है।



**चीन में काम टिन जियाओ त्योहार**

2025 में काम टिन जियाओ त्योहार हांगकांग और चीन में काम टिन जियाओ त्योहार 18 दिसंबर तक मनाया जाता है। यह दस साल में एक बार होने वाला एक दुर्लभ और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम है, जो हांगकांग की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस त्योहार की परंपरा 1685 से चली आ रही है। यह तांग वंश के निवासियों द्वारा दो अधिकारियों, झोउ यूडे और वांग लाइरेन को धन्यवाद देने के लिए स्थापित किया गया था, जिन्होंने किंग राजवंश के शुरुआती वर्षों के दौरान विस्थापित हुए ग्रामीणों को अपनी मातृभूमि पर लौटने की अनुमति दी थी। यह त्योहार कई दिनों तक चलता है, जिसमें आमतौर पर दिसंबर महीने में अनुष्ठान और उत्सव होते हैं। हांगकांग, चीन में ताओवादी रस्म, जो हर 10 साल में एक बार होती है, देवताओं को धन्यवाद देने, दुर्भाग्य को दूर करने और समुदाय में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए की जाती है। इस काम टिन के जियाओ त्योहार के दौरान लोग प्रार्थना करते समय अगरबत्ती जलाते हैं।

**नेशनल हेराल्ड केस:** मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

## ईडी ने की अपील, सोनिया और राहुल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने दिल्ली की ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दाखिल शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। बता दें कि 16 दिसंबर 2025 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट को गैर-कानूनी ठहराते हुए कहा कि यह निजी शिकायत पर आधारित थी, न कि किसी प्रीडिकेट ऑफेंस की एफआईआर पर। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पीएमएलए के तहत जांच के लिए एफआईआर अनिवार्य है। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के निष्कर्षों पर सवाल उठाते हुए अपील में कहा कि फैसला गलत है और शिकायत पर आगे बढ़ने की जरूरत है। एजेंसी दिल्ली पुलिस की हालिया एफआईआर को आधार बनाकर नई चार्जशीट दाखिल करने की भी तैयारी कर रही है। इस मामले में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्तियों के कथित दुरुपयोग के आरोप हैं। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है, जबकि ईडी आर्थिक अपराध मान रही है। मामला अब हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए जाएगा।


### कोर्ट के फैसले में ये थे अहम पॉइंट्स

- एफआईआर के अभाव में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच और उसके आधार पर दायर अभियोजन शिकायत (प्रोसिक्यूशन कम्प्लेंट) कायम नहीं रह सकती।
- ऐसी शिकायत पर मनी लॉन्ड्रिंग की कार्यवाही भी बनाए रखने योग्य नहीं है।
- निजी व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अनुमेय नहीं है।
- इस मामले के गुण-दोष (मेरिट्स) आदि से जुड़े अन्य तर्कों पर विचार/निर्णय की आवश्यकता नहीं है।

# संसद का शीतकालीन सत्र: हंगामा, विरोध धरना और अंत में चाय पर चर्चा के साथ खत्म

### 12 बिल हुए पेश, 8 बिल हुए पास, सरकार का दावा: प्रोडक्टिव, कांग्रेस ने कहा: प्रदूषणकालीन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद का शीतकालीन सत्र खत्म हो गया है। शुक्रवार को सत्र का आखिरी दिन था। आखिरी दिन ज्यादा कुछ नहीं हुआ और दोनों सदन- लोकसभा और राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही 19 दिन का सत्र खत्म हो गया। इस सत्र के दौरान कई अहम बिल पास हुए। कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक और आरोप-प्रत्यारोप भी देखने को मिला। हालांकि, आखिरी दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी पार्टियों के नेताओं को चाय पर बुलाया, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष साथ दिखा। 1 दिसंबर से शुरू हुआ सत्र 19 दिसंबर तक चला। केंद्र सरकार ने 14 बिल लाने की बात कही थी। विपक्ष का आरोप है कि 12 बिल ही पेश किए गए। दोनों सदनों से 8 बिल पास किए गए। 2 बिल कमेटी को भेजे गए। सरकार ने कुछ बिल पेश ही नहीं किए।




**रात भर चला विपक्ष का धरना**

लोकसभा और फिर राज्यसभा से बिल पास होने के बाद विपक्षी सांसदों ने खूब हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि इस बिल को स्क्रूटनी के लिए संसदीय समिति के पास भेजा जाए। इस बिल के विरोध में टीएमसी सांसदों ने संसद परिसर में संविधान सदन के बाहर धरना दिया। यह धरना रात 12 बजे से शुरू हुआ था और दोपहर 12 बजे तक चला।



**चाय पर चर्चा: मोदी-प्रियंका हुए शामिल**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र के खत्म होने पर संसद भवन में अपने चैंबर में पार्टियों के नेताओं और लोकसभा सांसदों के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे।

**शुरूआत में टैगोर और अंत में गांधी का अपमान -जयराम नरेश**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया- सत्र की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर के अपमान से हुई और अंत महात्मा गांधी के अपमान के साथ हुआ। पीएम मोदी की रणनीति साफ थी, जो आधुनिक भारत बनाने वाले तीन लोगों (टैगोर, महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू) का अपमान करना था। रमेश ने कहा- वंदे मातरम् पर बहस सरकार की नेहरू को बदनाम करने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने पर थी। 1937 में टैगोर की सिफारिश पर ही सीडब्ल्यूसी ने फैसला किया था कि वंदे मातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रगान के रूप में गाया जाएगा। मनरेगा की जगह वीबीजी रामजी बिल लाना महात्मा गांधी का अपमान है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शीतकालीन सत्र को प्रदूषणकालीन सत्र करार दिया।

### प्रियंका बोलीं- आखिरी 2 दिन में 4-5 बिल लाते हैं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीबीजी रामजी बिल 2025 पर कहा- संसद का सत्र इतने दिनों से चल रहा है लेकिन आप आखिरी दिनों में कुछ बिल लेकर आते हैं और उसके लिए कम समय रखते हैं। उसे हड़बड़ी में पास करते हैं। ये अपने आप में संदिग्ध बात है। उन्होंने कहा- प्रदूषण पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? चर्चा होनी चाहिए, सबकी बात सुननी चाहिए।

### भाजपा नाम बदलने में तेज

सपा सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने वीबीजी रामजी बिल 2025 पर कहा, भाजपा नाम बदलने में बहुत तेज है लेकिन नाम बदलने से कुछ होने वाला नहीं है। मनरेगा का नाम महात्मा गांधी के नाम से था और तमाम गरीब इस योजना का लाभ ले रहे थे। देश में महात्मा गांधी को मानने वाले लोग बड़ी संख्या में है। हम सभी लोग भगवान राम को भी मानते हैं लेकिन कहीं न कहीं भाजपा वोटों की राजनीति करने के लिए नाम बदल रही है। राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी 121 प्रतिशत और लोकसभा की 111 प्रतिशत रही संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चला।

**पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन का समापन**

## पीएम मोदी बोले- योग ने विश्व को दिखाया सामंजस्य का मार्ग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित दूसरे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ग्लोबल समिट ऑन ट्रैडिशनल मेडिसिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने हिस्सा लिया और प्रमुख हस्तियों का सम्मान किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी और डब्ल्यूएचओ के डीजी ने नई डब्ल्यूएचओ-साउथ ईस्ट एशियाई क्षेत्रीय कार्यालय कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन भी किया, जो दिल्ली में स्थित है। यह कार्यालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य पहलों और सहयोग को और मजबूत करेगा। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने समिट की सफलता को वैश्विक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में योग भी शामिल है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का मार्ग दिखाया है।




### पीएम योग पुरस्कार विजेता सम्मानित

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2021-2025 के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इन पुरस्कारों के माध्यम से योग के प्रचार और विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को उनकी सतत निष्ठा और प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर योग और पारंपरिक चिकित्सा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ये दोनों हमारे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### योग में योगदान के लिए लोगों की सराहना की

अपने संबोध में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के प्रयासों और 175 से अधिक देशों के समर्थन के चलते संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उन्होंने उन सभी व्यक्तियों की सराहना की जिन्होंने योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डंकी रूट केस: दिल्ली के ट्रैवल एजेंट पर ईडी ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की जांच में डंकी रूट मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि हरियाणा का एक प्रमुख एजेंट लोगों को मेक्सिको के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका भेजने के बदले उनसे मोटी रकम लेता था और भुगतान की गारंटी के तौर पर उनके मकान और जमीन के कागज अपने पास रखता था। ईडी की जालंधर ज़ोनल यूनिट ने 18 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के 13 ठिकानों पर छापेमारी की।


इस दौरान दिल्ली स्थित एक ट्रैवल एजेंट के परिसर से 4.62 करोड़ रुपये नकद, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने की ईंटें बरामद की गईं। जिनकी कुल कीमत करीब 19.13 करोड़ रुपये बताई गई है। छापेमारी में डंकी नेटवर्क से जुड़े लोगों की आपसी बातचीत, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज़ भी मिले हैं। ईडी अधिकारियों के अनुसार, हरियाणा में एक प्रमुख डंकी ऑपरेटर के यहां से ऐसे रिकॉर्ड और दस्तावेज बरामद हुए हैं। जिनसे पता चला है कि वह उम्मीदवारों को अमेरिका भेजने के लिए उनकी प्रॉपर्टी के दस्तावेज बतौर ज़मानत रखता था। जांच में यह भी सामने आया है कि यह पूरा नेटवर्क कई स्तरों में काम करता था, जिसमें ट्रैवल एजेंट, बिचौलिए, डंकी ऑपरेटर, विदेशों में मौजूद सहयोगी, हवाला नेटवर्क और यात्रा व ठहरने की व्यवस्था करने वाले लोग शामिल थे।



**4.62 करोड़ कैश, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोना मिला**

## यूक्रेन नाटो में शामिल होने की जिद छोड़े तभी शांति आएगी, बोले पुतिन

### 22वें सालाना संवाद में सवालों के दिए जवाब



**मास्को, जेएनएन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 22वे सालाना ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब देते हुए कहा है कि रूस शांति के रास्ते से युद्ध खत्म करने को तैयार है, लेकिन यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की जिद छोड़नी होगी तभी शांति आएगी। वहीं, यूरोपीय संघ के रूस की संपत्ति जब्त करने के सवाल पर पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ चोरी नहीं, डकैती कर रहा है। चोरी तो छिपकर होती है, ये सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन रूस अपनी संपत्ति वापस लेकर रहेगा। यह पुतिन का 22वां सालाना संवाद है। इस दौरान वह आम लोगों और मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे हैं। साथ ही साल 2025 में सरकार के कामकाज और देश से जुड़े बड़े मुद्दों पर अपनी बात रख रहे हैं।

**हर साल आयोजित होती है प्रेस कांफ्रेंस**

पुतिन की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस हर साल आयोजित होती है। बीते दो हफ्तों में इस कार्यक्रम के लिए बनाए गए कॉल सेंटर्स में 24.9 लाख से ज्यादा सवाल पहुंचे हैं। रूस की राजधानी मॉस्को में एक इमारत के सामने लगी डिजिटल स्क्रीन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साल के अंत में होने वाले वार्षिक कार्यक्रम का प्रचार किया गया।

# कर्मचारी और उपकरण की कमी वाले सरकारी ब्लड सेंटर होंगे बंद



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** सतना में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित व्यक्ति का खून चढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब हरकत में आया है। इस मामले की जांच के लिए यहां जांच समिति का गठन किया गया है, वहीं शुक्रवार को आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं तरुण राठी द्वारा प्रदेश के सभी ब्लड सेंटर्स की समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के ऐसे समस्त ब्लड सेंटर्स जहां स्टाफ नहीं है और न उपकरण हैं इसी के साथ मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो ऐसे सभी सरकारी ब्लड सेंटर को तत्काल बंद किया जाए और इन क्षेत्रों में निजी ब्लड बैंक से कांट्रेक्ट कर ब्लड की जरूरत को पूरा किया जाए।

### गाइडलाइन और एसओपी का पालन कराएं

समीक्षा बैठक में कमिश्नर हेल्थ राठी ने निर्देश दिए हैं कि ब्लड सेंटर और ब्लड बैंक को एनबीटीसी गाइडलाइन, डीजीएचएस एसओपी का पालन सख्ती से कराएं। समीक्षा बैठक में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं दिनेश श्रीवास्तव, एमडी मिशन संचालक मप्र सलोनी सिडाना, रक्ताधान परिषद के संचालक योगेश भरसट मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयुक्त राठी ने राज्य में ब्लड सेंटर्स के संचालन, रक्त संग्रहण, परीक्षण, लाइसेंसिंग, भंडारण एवं वितरण की विस्तृत समीक्षा की। जिलों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर भविष्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की पुनरावृत्ति रोकने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मानकों के अनुरूप आवश्यक स्टाफ, उपकरण एवं रिकॉर्ड उपलब्ध न होने वाले शासकीय ब्लड सेंटर्स को तत्काल बंद कर निजी ब्लड सेंटर्स से एमओयू के माध्यम से सेवाएं ली जाएं। किसी भी स्थिति में ब्लड रिप्लेसमेंट प्रतिबंधित रहेगा। रक्त संग्रहण केवल स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्तदान शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एनजीओ, शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, पुलिस एवं सैन्य इकाइयों को जोड़ा जाएगा। सभी रक्तदाताओं से निर्धारित प्रारूप में स्व-सत्यापित शपथ पत्र लेना अनिवार्य होगा।

### पारंपरिक तरीकों से किया जाए टेस्ट

आयुक्त स्वास्थ्य ने निर्देश दिए हैं कि रक्त परीक्षण हेतु प्राथमिकता से नाट/एलिसा/ सीएलआईए तकनीक का उपयोग किया जाए। अत्यावश्यक स्थिति में ही सीमित रूप से फोर्थ जनरेशन किट्स का उपयोग किया जाए। जिलों में सभी शासकीय एवं निजी ब्लड सेंटर्स का ऑडिट कराकर रिपोर्ट 5 दिवस के भीतर ड्रग कंट्रोलर को भेजें। ब्लड सेंटर्स के लाइसेंस नवीनीकरण अथवा नवीन लाइसेंस के लिए आवेदन ओएनडीएलएस पोर्टल से अनिवार्य रूप से प्रेषित किए जाएं। आयुक्त स्वास्थ्य ने निर्देश दिए कि तकनीकी कर्मचारियों की अर्हताएं संबंधित अधिनियम एवं मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप हों। थैलेसीमिया मरीजों हेतु आवश्यक औषधियां, ब्लड कम्पोनेंट्स एवं रक्ताधान में उपयोग होने वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ब्लड सेंटर्स में प्रयुक्त सभी जांच किट्स, आपातकालीन औषधियां एवं मेडिकल ऑक्सीजन (फार्मास्यूटिकल ग्रेड) की उपलब्धता एवं वैधता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी वैधानिक रिकॉर्ड शेड्यूल एफ (एल) के अनुसार संधारित किए जाएँ।

## आंखों में छिपे हैं डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल के लक्षण!

**हेल्थ-वॉच**

डायबिटीज-हाई कोलेस्ट्रॉल उन बीमारियों में से हैं जो किसी भी उम्र में हो सकती हैं। इन्हें मुख्यत: लाइफस्टाइल डिजीज माना जाता है। अक्सर लोगों को इन बीमारियों के लक्षण जब तक नजर नहीं आते वो लोग उनकी जांच नहीं कराते। लेकिन क्या आप जानते हैं डॉक्टर आपकी आंख देखकर डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण बता सकते हैं। अक्सर सभी आंखों की समस्याओं को सिर्फ नजर से जोड़कर देखते हैं जैसे धुंधला दिखना, सिरदर्द या देर तक स्क्रीन देखने से जलन। लेकिन डॉक्टर मानते हैं कि आंखें आपके सेहत में आ रही गड़बड़ियों को भी काफी आराम से बता सकते हैं। कई बार डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां शुरुआत में कोई बड़ा लक्षण नहीं देतीं लेकिन उनके पहले संकेत आंखों और आंखों के आसपास दिखने लगते हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मुताबिक, यदि आपकी आंखों की पलकों पर और उनके अंदरूनी कोनों के पास पीले या हल्के सफेद धब्बे दिखने लगें तो उन्हें जैंथेलाज्मा कहा जाता है और ये अक्सर खून में बढ़े कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकते हैं। जॉन हापकिंस मेडिसिन के मुताबिक, अगर आपकी नजर कभी साफ और कभी अचानक धुंधली हो जाती है तो इसे सिर्फ थकान या मोबाइल स्क्रीन का असर मान लेना सही नहीं। ब्लड शुगर के उतार-चढ़ाव का असर सीधे आंखों के लेंस पर पड़ता है जिससे फोकस बदल जाता है और नजर धुंधली हो सकती है।

# पूर्व में मिली अनुमति के अनुसार होना चाहिए पेड़ों की कटाई

**हाईकोर्ट ने दिए आदेश**

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में पेड़ों की छंटाई, कटाई पूरी तरह से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा बनाई गई कमेटी और संबंधित ट्री ऑफिसर से पहले से मिली परमिशन के अनुसार होनी चाहिये। युगलपीठ ने सरकार को निर्देषित किया है कि काटे गये पेड़ों की सही प्रकृति, उनकी उम्र, उनकी मोटाई के संबंध में जानकारी के साथ मुआवजे के तौर पर लगाये जाने वाले पेड़ों के संबंध में बेहतर हलफनामा पेश करें। राजधानी भोपाल के पास भोजपुर-बैरसिया सड़क निर्माण के लिए बिना अनुमति के ही सैकड़ों पेड़ काटने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रही है। याचिका की सुनवाई के दौरान हस्ताक्षेपकर्ता की तरफ से आवेदन पेश कर बताया गया था कि भोपाल में एमएलए क्वार्टर्स निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए बिना अनुमत्ति पेडों को कटा गया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए युगलपीठ ने कितने पेड़ काटे गए हैं और कितने और काटे जाने इस संबंध में विधानसभा सचिव को स्टेटस रिपोर्ट पेश कराने के निर्देष दिये थे। याचिका की सुनवाई के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट के लिए पूर्व में 112 पेड़ काटे गये हैं तथा 132 पेड़ और काटा जाना है। सरकार ने इन्हें शिफ्ट करने और वृक्षारोपण की कार्ययोजना की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गयी। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से काटे गए पेड़ों और प्रस्तावित मुआवजे के तौर पर लगाए जाने वाले पेड़-पौधों के असर की जांच के लिए बनाई गई एक्सपर्ट बॉडी की रिपोर्ट फाइल करने की इजाजत मांगी है।

## एएसपी के स्थानांतरण पर मांगा जवाब, गृह सचिव सहित अन्य को नोटिस

जबलपुर। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा को सिविनी से भोपाल मुख्यालय स्थानांतरित किए जाने पर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए सात जनवरी तक का समय दिया गया है। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता का स्थानांतरण चंबल क्षेत्र से हालही में सिवनी किया गया था। वहीं सिवनी में पदस्थ एसडीओपी दीपक मिश्रा को पदोन्नत कर भोपाल मुख्यालय में एएसपी नियुक्त किया गया था। इसके बाद अपीलकर्ता का स्थानातंरण भोपाल मुख्यालय कर दिया गया और उनके स्थान पर सिवनी में पुन- दीपक मिश्रा को एएसपी के पद पर पदस्थ कर दिया गया। जिसे हाई कोर्ट में याचिका के जरिए चुनौती दी थी, लेकिन राहत नहीं मिली, अत- अपील दायर की गई। अपीलकर्ता की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के प्रकाश सिंह के मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि आवेदक का स्थानातंरण पुलिस स्टेबलिसमेंट बोर्ड की अनुमति व अनुशंसा पर नहीं किया गया।

# एलडीसी को बनाया बार काउंसिल का सचिव, हटाने के दिए निर्देश

**जागरण, जबलपुर।** लोअर डिविजनल क्लर्क को नियम विरुद्ध स्टेट बार काउंसिल का सचिव बनाये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ ने याचिका की सुनवाई करते हुए श्रीमती गीता शुक्ला को सचिव पद से हटाकर उनके मूल पद पर भेजने के आदेश जारी किये हैं। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि स्टेट बार काउसिंल दो माह में सचिव पद की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय को अवगत करवाये। स्टेट बार काउंसिल सदस्य शैलेन्द्र वर्मा, अहादुल्ला उसमानी सहित अन्य पांच की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि श्रीमती गीता लोअर डिविजनल क्लर्क के पद पर पदस्थ थीं। उनके नियम विरुद्ध तरीके से प्रमोशन देकर स्टेट बार काउंसिल ने 31 जनवरी 2022 को एलडीसी के पद से सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया। इसके बाद 9 जुलाई 2024 को उन्हें सचिव बना दिया गया। याचिका में कहा गया था कि योग्यता नहीं होने के बावजूद भी उन्हें 6 पदो का प्रमोशन देकर सहायक सचिव बनाया गया था। स्टेट बार काउंसिलिंग ने साल 2019 में सहायक सचिव पद के लिए परीक्षा का आयोजन किया था। उक्त परीक्षा में गीता शुक्ला भी शामिल हुईं थीं और उन्हें सिर्फ पांच अंक प्राप्त हुए थे और उनकी रैकिंग 12 थी। पांच साल के अधिवक्ता का अनुभव नहीं होने के बावजूद भी वह परीक्षा में षामिल हुई थी। उन्हें नियमों को तक में रखकर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि सचिव का पद एक महत्वपूर्ण पद है और इस पद पर नियुक्ति के लिए योग्यताएं नियमों द्वारा निर्धारित की गई हैं। नियुक्ति से पहले इन्हें पूरा करना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट बार काउंसिल ने गीता शुक्ला को सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया और फिर उन्हें सचिव के पद पर नियुक्त किया। स्पष्ट रूप से यह कार्रवाई अधिवक्ता अधिनियम, 1961, मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल नियमों के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन है। आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए एग्जीक्यूटिव कमेटी की कोई सिफारिश नहीं की थी।



## हाईकोर्ट ने दिये हटाने के आदेश

# खरगोन से आए थाना प्रभारी का धार के होटल में मिला शव



**जागरण, धार।** शहर के मोहन टॉकीज इलाके में स्थित एक होटल में शुक्रवार को एक थाना प्रभारी का शव मिला है। अधिकारी उर्स ड्यूटी के सिलसिले में खरगोन से धार आए थे। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। मृतक की पहचान खरगोन जिले के थाना प्रभारी करण सिंह रावत के रूप में हुई है। वे बरूड़ थाने के प्रभारी रह चुके थे और वर्तमान में लाइन अटैच थे। वे 13 दिसंबर से उर्स आयोजन के दौरान धार में ड्यूटी पर तैनात थे और मोहन टॉकीज स्थित होटल में ठहरे हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी लंबे समय से लीवर से जुड़ी बीमारी से पीड़ित थे। कमरे में फैले हुए खून देखकर आशंका जताई जा रही थी कि उन्हें खून की उल्टियां हुई थीं। हालांकि मौत के सटीक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एसपी मयंक अवस्थी भी होटल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया लेकिन टीम यहां नहीं होने के कारण नहीं पहुंची। इसके चलते थाना प्रभारी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए धार जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। होटल के जिस कमरे में शव मिला है, वहां किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# छापे का एक सालः तीन एजेंसियों को नहीं मिले प्रीतम और प्यारे

## सौरभ के यहां छापे में 100 करोड़ गोल्ड-कैश के साथ मिली थी 500 करोड़ की प्रॉपर्टी, ईडी का चालान पेश, लोकायुक्त-आयकर की जांच अब तक अधूरी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सौरभ शर्मा के यहां लोकायुक्त के छापों के बाद पिछले साल 19 और 20 दिसंबर की दरम्यानी रात इनकम टैक्स और एमपी पुलिस की टीम ने मेंडोरी इलाके में खड़ी एक इनोवा कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश बरामद किया था। इसे आयकर विभाग ने अटैच कर लिया था और उसके बाद ईडी ने भी सौरभ के ठिकानों पर छापे मारे थे। इस छापे के एक साल बाद भी लोकायुक्त, ईडी और इनकम टैक्स जैसी तीन एजेंसियां मिलकर अब तक इस केस के दो आरोपियों प्रीतम और प्यारे को खोज नहीं पाई हैं। इनमें से प्यारेलाल केवट उस कार का ड्राइवर था जो मेंडोरी इलाके में खड़ी मिली थी, वहीं प्रीतम उस शख्स का नाम था जिसने सोने की ये खेप लाकर सौरभ को दी थी। दोनों इस खुलासे के बाद से फरार हैं और अब भी जांच एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। इस मामले में भले ही सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर अभी जेल में बंद हैं लेकिन जांच एजेंसियों की इस केस में रफ्तार अब सुस्त हो चुकी है।

### लोकायुक्त जांच नहीं हो पाई पूरी, मामले में मिली आरोपियों को जमानत

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की हकीकत का खुलासा सबसे पहले लोकायुक्त पुलिस ने ही किया था। पिछले साल राज्य सरकार की इसी एजेंसी ने सबसे पहले उसके ठिकानों पर छापे मारे थे। इस रेड में अकूत संपत्ति मिली, लेकिन अब तक लोकायुक्त पुलिस अपनी जांच पूरी कर कोर्ट में चालान तक पेश नहीं कर पाई। आलम ये रहा कि छापों के बाद लोकायुक्त पुलिस उसकी लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर सकी। छापों के 40 दिन बाद 27 जनवरी को अपने वकील के साथ सौरभ स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट भोपाल पहुंचा और सरेंडर का आवेदन दिया। अदालत ने उसे अगले दिन हाजिर होने का आदेश देकर वापस भेज दिया। अगले दिन नाटकीय ढंग से सौरभ को लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट आने से पहले गिरफ्तार कर लिया और उसी दिन ताबड़तोड़ ढंग से उसके सहयोगी शरद और चेतन भी अरेस्ट कर लिए गए। तीनों को कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस की रिमांड पर सौंप दिया। लगभग 14 दिनो तक पूछताछ के बाद लोकायुक्त पुलिस ने तीनों की रिमांड बढ़ाने से इंकार कर दिया। कोर्ट में कोलाकयुकत पुलिस ने तय 90 दिनों की समय सीमा में चालान ही पेश नहीं किया इसलिए लोकायुक्त के मामले में तीनों को जमानत मिल गई। हालांकि ईडी के केस में आरोपी होने के कारण वे जेल से रिहा नहीं हो सके।





### ईडी ने पेश किया चालान, आठ आरोपी बनाए

ईडी ने इस मामले में लोकायुक्त के बजाय तेजी से एकशन लिया। कोर्ट से मंजूरी लेने के बाद ईडी ने सौरभ समेत शरद और चेतन को रिमांड पर लिया और उनसे पूछताछ शुरू की। बाद में ईडी ने दावा किया कि सौरभ ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि कार में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ का कैश उसकी ही थी। इसके अलावा ईडी ने इस मामले में सौरभ के गोल्ड और कैश समेत लगभग 100 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच कर ली। इस मामले में तय समय सीमा के भीतर ही ईडी ने स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चालान भी पेश किया, जिसमें सौरभ, शरद और चेतन के साथ उसकी मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी, ड्राइवर प्यारेलाल केवट समेत आठ लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें से सौरभ, शरद और चेतन को छोड़कर अन्य सभी को जमानत मिल गई है, जबकि प्यारे अब तक फरार है। आगामी 22 तारीख को भोपाल जिला अदालत में इस मामले की सुनवाई होनी है।

### आयकर की कस्टडी में गोल्ड और कैश, अब जानकारी देने को तैयार नहीं अफसर

जांच की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयकर और पुलिस की टीम के छापों के दौरान मिले गोल्ड और कैश को आयकर विभाग की कस्टडी में सौंपा गया था। इसे बेनामी संपत्ति के तहत आयकर विभाग ने अटैच कर रखा है। इसी संपत्ति को ईडी ने भी कुर्क कर रखा है। आयकर विभाग ने सौरभ, शरद और चेतन से जेल में जाकर कई बार पूछताछ की। इसके बाद भी आयकर विभाग की छानबीन अब तक नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। आलम ये है कि अब सौरभ से जुड़े मामले की हालिया स्थिति बताने के लिए आयकर विभाग भोपाल की इन्वेस्टिगेशन विंग के अफसर तैयार ही नहीं हैं। आयकर विभाग की जांच में ही उजागर हुआ था कि गोल्ड की खेप देने के लिए प्रीतम नाम का एक एजेंट उसके घर आता था। छापों के बाद से उसका कोई अता-पता नहीं है।

> इस मामले में तीन नामजद आरोपियों सौरभ, शरद और चेतन के खिलाफ एफआईआर है। इस मामले में अब भी जांच जारी है। मामले में जांच के बाद जब फाइनल रिपोर्ट बनेगी तो आरोपियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जांच कब तक पूरी होगी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।
>
> ■ **दुर्गेश राठौर**, एसपी लोकायुक्त भोपाल

# ऑनलाइन गेम में 30 लाख रुपए हारा कारोबारी, दुकान के अंदर लगाई फांसी

## सुसाइड नोट में लिखा-रिश्तेदारों से उधार लेकर खेला था गेम, चुकाने में असमर्थ

**जागरण, भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में एक कारोबारी ने ऑनलाइन गेम में करीब 30 लाख रुपए हारने के बाद फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को मौके से मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने ऑनलाइन गेम खेलने के लिए भारी रकम उधार लेने की बात कही। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय शिवान गुप्ता पति नरेश गुप्ता थाना क्षेत्र के पीछे शारदा नगर में किराए में मकान में रहता था। वह एक सिविल कांट्रेक्टर था। परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है। शिवान अपने रिश्तेदार आदर्श गुप्ता के साथ मिलकर राज बिजनेस पार्क में गुप्ता इंटरप्राइजेस नाम से दुकान संचालित करता था। जहां से ऑनलाइन सामान की सप्लाई का काम किया जाता था। बुधवार को शिवान घर से काम पर जाने के लिए निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उसकी दुकान की शटर में ताला नहीं होने पर शटर खोलकर देखा तो शिवान का शव पंखे पर बने फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। तलाशी लेने पर पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने लिखा था कि ऑनलाइन गेम एविएटर में उसने करीब 30 से 35 लाख रुपए गंवा दिए थे। यह रकम उसने रिश्तेदारों से उधार लेकर खेली थी, जिसे चुकाने में वह असमर्थ है। इसीलिए वह सुसाइड कर रहा है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।



### अयोध्या नगर का मामला

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इधर, पिपलानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 60 वर्षीय चंदा बाई ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग महिला भेल क्वाटर में रहती थी वह लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## नेहरू नगर में युवक ने खुद का गला रेतकर की खुदकुशी



**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र में युवक ने खुद का गला रेत लिया। गुरुवार रात उसने अपने घर में सब्जी काटने वाली नए चाकू से घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय आयुष मेहता नेहरू नगर में रहता था। उसके पिता इंजीनियर थे, जिनका कुछ समय पहले निधन हो चुका है। जबकि मां अनुराधा महेता शासकीय कॉलेज से रिटायर्ड प्रोफेसर है। वह उनका इकलौता बेटा था। आयुष ने एमबीए की पढ़ाई की थी, लेकिन चार साल से मानसिक बीमारी के चलते घर पर ही रह रहा था। परिजन उसका मनोचिकित्सक से इलाज करवा रहे थे। आयुष आए दिन बहकी-बहकी बातें करता था और शादी की बात को लेकर मां से विवाद करता था। गुरुवार रात आत्महत्या करने से पहले उसने मां से कहा था कि नासा की गर्लफ्रेंड बुला रही है, वह उसके साथ अंतरिक्ष जाना चाहता है। इसके बाद रात 9 बजे वे दोनों अपने कमरे में सोने चले गए। करीब 10 बजे मां उठी तो उसने अपने बेडरूम में नए चाकू से गला काट रखा था। लहुलूहान हालत में परिजन उसे तुरंत हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरो ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। आयुष इससे पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। अक्टूबर महीने में उसने गला रेता था, लेकिन समय रहते अस्पताल पहुंचने से उसकी जान बच गई।

## भदभदा तालाब में कूदकर फोटोग्राफर ने की खुदकुशी



**जागरण,भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र के भदभदा तालाब में एक युवक ने छलांग लगाकर जान दे दी। सुसाइड से पहले युवक ने अपने फोन से सोशल मीडिया पर स्टेटस डाला था। पुलिस ने शव बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय हेमंत राय रातीबढ़ के विशाल नगर का रहने वाला था। वह शादी-पार्टियों में वीडियोग्राफी का काम करता था। साथ ही रातीबढ़ इलाके में नमकीन की दुकान में काम करता था। गुरूवार रात 8 बजे वह अपनी बाइक से भदभदा ब्रिज पर पहुंचा। जहां उसने सुसाइड करने पहले इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप स्टेटस डाला। इसमें उसने लिखा था कि मैं अपनी मर्जी से जान दे रहा हूं, किसी का कोई दबाव नहीं है। भदभदा पुल पर हूं। इसके बाद वह तालाब में कूद गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रात करीब 1 बजे भदभदा तालाब से शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन के मुताबिक हेमंत को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। फिलहाल पुलिस परिजनों और मृतक की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

# 21 से 1100 थानों में हर रविवार ध्यान करेगी पुलिस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस की तनावपूर्ण ड्यूटी और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच एमपी पुलिस अब जवानों की मानसिक सेहत सुधारने के लिए एक नया कदम उठाने जा रही है। 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रदेश के 1100 से अधिक पुलिस थानों में साप्ताहिक ध्यान का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद हर रविवार सुबह एक घंटे ध्यान स्टाफ को ध्यान के जरिए मानसिक तनाव से निपटने के गुर सिखाएं जाएंगे। प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाणा का कहना है कि इसका मकसद पुलिसकर्मियों के मानसिक तनाव को कम कर उनके पारिवारिक सामंजस्य एवं कार्यक्षमता को बेहतर बनाना है। इसके लिए एमपी पुलिस ने हार्टफुलनेस नाम की संस्था के साथ एक एमओयू भी किया है।

### आम जनता भी हो सकेगी शामिल

पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे प्रदेश के पुलिस थानों के साथ ट्रेफिक, महिला और एजेके थानों एवं क्राइम ब्रांच में भी सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान हर थाने में हार्टफुलनेस संस्था के हैदराबाद स्थित कान्हा शांतिवनम मुख्यालय से सीधा प्रसारण भी होगा। पुलिस विभाग ने इस पहल को खुश रहने का प्रयोग नाम देते हुए हर जिले में एडिशनल एसपी को इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी है।

# रिटायर्ड महिला शिक्षक पर धार्मिक किताब जलाने का आरोप, घेरा थाना

**जागरण, रतलाम।** जिले के जावरा में हुसैन टेकरी क्षेत्र में रोजाना रोड स्थित इमामबाड़े के पीछे रिटायर्ड शिक्षक आतिया खान पर धार्मिक किताब जलाने का आरोप लगा है। मामले में मुस्लिम समुदाय के विरोध के बाद केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जानकारी लगने पर मुस्लिम समाजजन औद्योगिक क्षेत्र थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। देर रात तक कार्रवाई नहीं होने पर समाजजनों ने थाने का घेराव किया।

# युवती ने प्रेमी संग की शादी, परिवार ने अर्थी निकाल दाह संस्कार किया

## परिजन बोले- लाड़-प्यार से पाला था, लेकिन बेटी के फैसले ने तोड़ा दिल

**जागरण विदिशा ।** शहर में शुक्रवार को एक अलग ही मामला सामने आया। जहां एक परिवार ने अपनी बेटी के जिदां होते हुए उसका पुतला बनाकर उसकी अर्थी निकाली और मुक्तिधाम जाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया। जिस बेटी को परिवार ने बड़े लाड़ और प्यार से पाला था वह अपने प्रेमी के साथ चली गई, जिससे परिवार सदमे में आ गया और उन्होंने बेटी का पुतला बनाकर उसकी अर्थी सजाई एवं उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

मामला विदिशा में चूना वाली गली का है। यहां रहने वाले कुशवाह परिवार की 23 वर्षीय बेटी 13 दिसंबर को अचानक घर छोड़कर चली गई। परिवार वालों ने आसपास तलाश किया। रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजन ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सविता को ढूंढ़कर परिजन के सामने पेश किया। सविता ने घरवालों के साथ जाने से मना कर दिया। कहा कि उसने अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली है। उसी के साथ रहना चाहती है। यह सुनकर कुशवाह परिवार सदमे में आ गया। परिजनों ने खुद को घर में बंद कर लिया।

मामले का पता चलते ही रिश्तेदारों ने परिजन से संपर्क किया। उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद सविता के परिजनों ने उसे मरा मानकर अंतिम क्रिया करने का फैसला किया। शुक्रवार को कुशवाह परिवार ने रिश्तेदारों को इकट्ठा किया और अपनी बेटी का आटे का पुतला बनाया। उसे चिता पर लिटाया फिर ढपलों के साथ शहर के चौक-चौराहों से अंतिम यात्रा निकाली। रिश्तेदारों के मुताबिक सविता के दो भाई और तीन बहनें हैं। वह सबसे छोटी है। एक भाई और एक बहन की शादी हो गई है। सविता ग्रेजुएशन कम्प्लीट कर चुकी है। प्रेमी उसके भाई का परिचित था। घर पर आता.जाता रहता था। बेटी के पिता रामबाबू कुशवाहा ने रोते हुए कहा. बेटी के फैसले से हम टूट चुके हैं।



### प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने घर फूंका, 3 महिलाओं समेत 8 गिरफ्तार

**जागरण, झाबुआ।** बेटी द्वारा घर से भागकर प्रेम विवाह करने से झाबुआ के एक गांव में भारी विवाद हो गया। लड़की के नाराज परिजनों ने लड़के के घर में भारी तोड़फोड़ कर आग लगा दी। लड़के घर की गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। यह मामला जिले के कल्याणपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भगोर का है। शुक्रवार शाम हुई इस आगजनी में घर का कीमती सामान और बाहर खड़ी बाइक भी पूरी तरह जल गई। बताया जाता है कि 10 दिसंबर को गांव का एक युवक और युवती लापता हो गए थे। युवती के बालिग होने के कारण पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी, लेकिन लड़की पक्ष के दबाव के चलते लड़के का परिवार घर पर ताला लगाकर धार जिले में चला गया था। 18 दिसंबर को जैसे ही यह सूचना मिली कि दोनों ने आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया है और इंदौर के थाने में बयान दर्ज करा दिए हैं, लड़की पक्ष आगबबूला हो गया और लड़के के बंद घर पर धावा बोल दिया।

**विवादित बयान** — वर्ष 2016 जैसी ताकत हमें फिर से दिखानी होगी

# वर्मा बोले-फिर बनना पड़ेगा माई का लाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने बयान की वजह से विवाद में फंसे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष वर्मा का एक नया बयान सामने आया है, जिसमें उनके द्वारा समाज के लोगों से एक बार फिर से माई का लाल बनने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 जैसी ताकत हमें फिर से दिखानी होगी। जानकारों की माने तो वर्मा का यह बयान अजाक्स के सम्मेलन का ही है, जिसमें उनके द्वारा समाज के लोगों को अपनी ताकत दिखाने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों और हाईकोर्ट को लेकर दिया गया बयान चर्चाओं में रहा। ब्राम्हण समाज द्वारा वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लामबंद भी हुआ है। राज्य सरकार ने भी वर्मा के खिलाफ प्रशासनिक तौर पर एक्शन लेते हुए उनसे दायित्व लेकर बिना विभाग के मंत्रालय में पदस्थ किया है। प्रदेश में एक बार फिर आईएएस अधिकारी के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अजाक्स से जुड़ी आईएएस मीनाक्षी सिंह के एक बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसे लेकर सियासी और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इसी तरह महिला आईएएस अधिकारी मीनाक्षी सिंह का बयान भी सुर्खियों में है,जिसमें उनके द्वारा बच्चों को अपनी जातिगत पहचान जरुर बताने की बात कही गई है।

### मंत्री ने कहा- अनिल भाई से कोई वास्ता नहीं

इधर नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्वीकार किया कि गांजा तस्करी में गिरफ्तार अनिल उनका भाई है,लेकिन वह पिछले 5 साल से उसका परिवार से कोई वास्ता नहीं है। इसी तरह बहनोई से भी उनका कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस कानून के तहत अपना काम कर रही है,जिसमें किसी भी तरह का कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहाहै। उन्होंने कहा कि उनका कोई रिश्तेदार यदि गलत काम करेगा,तो उसके प्रति हम सख्ती बरतेंगे। ऐसे में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2008 में उनकी शादी होने के बाद वे ससुराल में रही। शादी के बाद किसी भी लड़की का मायके से कितना संबंध रहता है,यह तो सभी समझ सकते है। हम लोगों को ससुराल से मायके साल भर में एक या दो बार आने मिलता था। मोबाइल का दौर है,उसी के जरिए संपर्क होता रहता है। मंत्री बागरी ने बताया कि वर्ष 2010 में उन्हें यह जानकारी मिली कि उनकी बहन घर छोड़कर चली गई है। उन्होंने किस से शादी की। किसी को जानकारी नहीं थी। ऐसे में जिसने घर छोड़ा,उसे बहन बताना उचित नहीं समझा,तो उसके पति को कैसे बहनोई मानूं।

# नीम और फॉरेस्ट फ्लेवर का शहद और आदिवासी तेल बने वन मेले का आकर्षण



**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान पर आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले में 24 राज्यों से लगभग 350 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें औषधीय जड़ी-बूटियां और अन्य वन उत्पाद उपलब्ध है। मेले में देश भर से आए 200 आयुर्वेदिक डॉक्टर और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सलाह दे रहे है। मेले के दौरान रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे है। इसके अलावा 50 ओपीडी स्टॉल और एक किड्स जोन भी हैं। 'समृद्ध वन खुशहाल वन' की थीम पर आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय वन मेला 17 से 23 दिसंबर तक लाल परेड मैदान में चलेगा।

**108 से अधिक जड़ी-बूटियों से तैयार आदिवासी तेल:** वन मेले में 108 से अधिक जड़ी-बूटियों से तैयार आदिवासी लक्ष्मी हर्बल हेयर ऑयल खास है। कर्नाटक के मैसूर से आए प्रेमनाथ अपने साथ आदिवासी तेल सहित विभिन्न जड़ी-बूटियों से निर्मित सामग्री लेकर आए हैं। प्रेमनाथ बताते हैं कि हम आदिवासी हैं। हमारे पूर्वजों से यह कला हमें मिली है। हमारे पूर्वज भी जंगलों से जड़ी-बूटियां जुटाकर तेल एवं दवाईयां तैयार करते थे। इसको 5 से 8 दिन में तैयार किया जाता है। इसके साथ ही अन्य सामग्रियां भी लेकर आए हैं।


**पिता और दादा से सीखा नाड़ी के माध्यम से परंपरागत इलाज:** छिंदवाड़ा से आए वैद्य केशवदास यादव ने बताया कि उनकी कई पीढ़ियां परंपरागत इलाज करते हैं। इसके पहले पिता और दादा यह कार्य करते थे, उनसे हमने सीखा। केशव दास का मानना है कि बीमार होने पर सीधे डॉक्टर के पास जाना और दवाएं लेना गलत है। व्यक्ति को चाहिए कि वह कुछ इंतजार करें, शरीर में सभी प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। घरेलू इलाज से बुखार, बुखार, सिरदर्द, सर्दी- जुकाम सहित अन्य बीमारियां का इलाज किया जा सकता है। लोग वर्तमान में एंटीबायोटिक हाईडोज से कई बड़ी बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं। पथरी, मोटापा, गैस, शुगर, बवासीर, लकवा सहित अन्य बीमारियों की करीब 50 प्रकार की दवाएं मेले में लेकर आए हैं।

**नीम और फॉरेस्ट फ्लेवर जैसे शहद:** वन मेले में आनंद पटेल ने शहद का स्टाल लगाया है। इस स्टाल पर पचमढ़ी और छिंदवाड़ा के जंगलों से लाया गया शुद्ध व प्राकृतिक शहद प्रदर्शित किया गया है। अजवाइन, जामुन, लीची, नीम, बेरी और फॉरेस्ट फ्लेवर जैसे विभिन्न प्रकार के शहद लोगों को खासा लुभा रहे हैं। आनंद पटेल ने बताया कि यह शहद सीधे जंगलों से, पारंपरिक और वैज्ञानिक पद्धति से संग्रहित किया गया है, जिससे इसकी औषधीय गुणवत्ता बनी रहती है। स्टाल पर शहद के साथ मधुमक्खी पालन की जानकारी भी दी जा रही है।

### बावेर घास (सवई) से बनाए रस्सी और शो पीस

वन विभाग की एक पहल से वनक्षेत्र में रहने वाले भारिया जनजाती के 28 गांव के लोगों रोजगार मिला है। इसके साथ ही 41 लोगों की समिति सहित स्व-सहायता समूह के 150 से अधिक लोग भी स्वरोजगार से जुड़े हैं। जंगल क्षेत्र में होने वाली बावेर घास (सवई) से रस्सी का निर्माण किया जा रहा है। लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही इसका बड़ा फायदा यह भी कि इस सूखी घास से जगल में आग लगने की घटनाओं में भी कमी आई है। वन विभाग इस सतपुड़ा बावेर रस्सी केंद्र के माध्यम से हर वर्ष करीब 1100 से 1200 क्विंटल रस्सी का निर्माण करा रहा है। इसके साथ ही इस घास के माध्यम से पैन बॉक्स, लैम्प, रोटी टोकरी, गुलदस्ता, फल-फूल की टोकरी सहित करीब 18 प्रकार की वस्तुओं का निर्माण भी किया जा रहा है। इन रस्सी सहित अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदेशभर में उपयोग किया जा रहा है।

# ग्रामीण बैंक ने देश के विकास में योगदान देते हुए पूरे किए स्वर्णिम 50 वर्ष




## ग्रामीण क्षेत्र के विकास में है मप्र ग्रामीण बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका

**आंचलिक डेस्क।** भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सन 1975 से शुरू हुए। देश में 2 अक्टूबर 1975 को प्रथम ग्रामीण बैंक मुरादाबाद उत्तर प्रदेश सहित पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। ग्रामीण बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में बैंकिंग सुविधाओं से वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत पर छोटे किसानों खेतिहर मजदूरों छोटे व्यापारियों एवं उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ उनकी साख एवं ऋण सुविधाओं को उपलब्ध कराना था। ग्रामीण बैंकों ने 2 अक्टूबर 2025 को देश के विकास में योगदान देते हुए अपने स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे किए। ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं के विकास, बचत, पूंजी निवेश और गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ देने में ग्रामीण बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण और सराहनीय रही।

### ग्रामीण बैंक की 22000 से अधिक शाखाएं हैं कार्यरत

ग्रामीण बैंक के विलय के चौथे चरण में भारत के 26 राज्यों दो केंद्र शासित प्रदेश में 43 ग्रामीण बैंक कार्यरत थे जो 1 मई 2025 से 26 राज्य एवं दो केंद्र शासित प्रदेश में विलय के पश्चात 28 ग्रामीण बैंक की 700 जिलों में लगभग 22000 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं। ग्रामीण बैंकों में वर्तमान में लगभग वही सुविधाएं आमजनता को दी जा रही हैं जो राष्ट्रीयकृत बैंकों से प्राप्त होते हैं। ग्रामीण बैंक शासन और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियंत्रण में बैंकिंग व्यवसाय कर रहे हैं। इन 50 वर्षों में ग्रामीण बैंकों के स्थानीय सेवायुक्तों द्वारा अपनी स्थानीय बोली भाषा व्यवहार खान-पान वेशभूषा से स्थानीय गरीब किसान मजदूरों के बीच अच्छी छवि एवं पैठ बनाकर ग्रामीण बैंकों का व्यवसाय उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर ले गए वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्रामीण बैंक की कुल जमा राशि 5.62 लाख करोड़ थी जो वित्तीय वर्ष 23 - 24 मैं बढ़कर 8.40 लाख करोड़ हो गई वित्तीय वर्ष 2023 24 में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 7571 करोड़ तक पहुंच गया। वर्ष 2022 में कर्मचारियों की संख्या 95833 थी।

### महिला सशक्तिकरण में निभा रहा महती भूमिका

ग्रामीण बैंकों की वित्तीय सहायता से अल्पकालीन मध्यमकालीन दीर्घकालीन ऋणों के माध्यम से किसान व्यवसायी मजदूर पशुपालकों बकरी पालकों मछली पालकों कपड़ा चमड़ा उद्योग साइकिल रिक्शा वेल्डिंग आदि अनेक गतिविधियों के माध्यम से अपना अपना उत्पादन एवं कारोबार भी बढ़ाकर ग्रामीण आवास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निरंतर वृद्धि की इस हेतु शासकीय योजनाओं यथा आईआरडीपी महिलाओं के समूहों को बनाकर महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसके लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा भी समय-समय पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अनुदान उपलब्ध कराया गया। पात्र हितग्राहियों को हितलाभ, पेंशन तथा कर्मचारियों को वेतन का भुगतान भी ग्रामीण बैंक के खाते से किया जा रहा है। ग्रामीण बैंक के सेवा कर्मियों के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही आज ग्रामीण बैंक की सेवायुक्त स्केल 5 अर्थात सहायक महाप्रबंधक के पद तक पदोन्नत होकर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष और महाप्रबंधक वाणिज्यिक बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तक पदोन्नत होकर राष्ट्रीयकृत बैंकों में समतुल्य पदों पर कार्य कर रहे हैं।

### राष्ट्रीयकृत बैंको के समान मिल रहे वेतन, भत्ते एवं पेंशन

सरकार द्वारा 30 अप्रैल 1990 को दिए गए निर्णय अनुसार अपना अवार्ड दिया यह 22 फरवरी 1991 से ग्रामीण बैंक और राष्ट्रीयकृत बैंकों के वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं को समान कर दिया। ग्रामीण बैंक के पेंशन भोगी कर्मचारियों को भी राष्ट्रीयकृत बैंकों के समान पेंशन दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में ग्रामीण बैंकों के माध्यम से करोड़ों जनधन खाते खुलवाकर महिला सशक्तिकरण हितग्राहियों को सीधे ट्रांसफर बेनिफिट ग्रामीण रोजगार बढ़ाने के लिए शत-प्रतिशत कंप्यूटरीकृत बैंकिंग एटीएम नेफ्ट आरटीजीएस नेट बैंकिंग सुविधा ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका अदा की है। आज इन बैंकों की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन बैंकों की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सर्वोच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायालयों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ग्रामीण बैंक आज अपने सफलतम 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। निश्चित रूप से ग्रामीण बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अपने उद्देश्य में पूर्ण सफल रहा।

# धान खरीदी केंद्र वेयर हाउस डभौरा में किसानों ने लगाया धान गायब होने का आरोप

## खाद्य नागरिक आपूर्ति वेयर हाउस के कर्मचारियों के सह पर हो रही धान गायब



**डभौरा नि.प्र.।** जिला प्रशासन रीवा द्वारा वेयर हाउस डभौरा को सेवा सहकारी समिति मर्यादित डभौरा का धान खरीदी केंद्र बनाकर धान खरीदी के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में वेयर हाउस डभौरा में धान की खरीदी की जा रही है वा अभी तक करीब 15हजार किंवटल से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है। संवाददाता को स्थानीय किसानों ने बताया कि आये दिन वेयर हाउस में बिक्री हेतु रखी धान की बोरियां गायब हो जाने से परेशान किसानों ने खाद्य नागरिक आपूर्ति के वेयर हाउस डभौरा कर्मचारियों के सह पर धान के गायब होने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि वेयर हाउस डभौरा में स्थानीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित डभौरा का खरीदी केंद्र जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया है जिससे किसानों की धान खरीदी शासन के मंशानुरूप की जा सके, लेकिन वेयर हाउस डभौरा में आये दिन रखी धान गायब होने से किसान सहित धान खरीदी केंद्र प्रभारी परेशान भी परेशान हैं। एक रात्रि में सैकड़ो बोरी धान गायब हो जाती है, जब किसान धान मिलवाने आते हैं तो धान कम निकलती है, कहते हैं कि इतनी ही थी वा किसान अपना माथा पीटते रहते हैं। इस संबंध में धान खरीदी केंद्र प्रभारी डभौरा प्रेम नारायण मिश्र ने संवाददाता को बताया वेयर हाऊस प्रबंधक के पास पूरे गोदाम की चांभी रहती है। धान की रक्षा सुरक्षा का भी दियित्व भी वेयर हाउस डभौरा प्रबंधक के पास है। बारदाना की कमी के चलते दो से तीन दिन तक धान खरीदी बंद रहती है। किसानों के सैकड़ों क्विंटल धान वेयर हाउस परिसर में ही रखी रहती है। रात्रि में धान की सैकड़ों बोरियां गायब हो जाती है, जिससे परेशान किसानों ने खाद्य नागरिक आपूर्ति प्रबंधक एवं कर्मचारियों पर धान गायब होने पर चिंता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा पर कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराया विरोध

## एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा

**सिरमौर, नि.प्र.।** सिरमौर ब्लॉक में विष्णु शुक्ला फरहद के नाम की घोषणा के साथ ही पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के समर्थकों ने बगावत के स्वर दिखाई देने लगे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संवाददाता को बताया कि उनके समर्थकों ने पार्टी नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा है कि चार दशकों से निरंतर पतनशील कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं की मांग और भावनाओं को नजरंदाज कर अपने ताबूत में आखिरी कील ही ठोंक दिया है। अनेकों मंडलम अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्षों ने लिखित रूप से जिला कांग्रेस कमेटी को हस्ताक्षरित मांग पत्र सौंपा था, जिसमें पार्टी हित में बृजेश पाण्डेय को ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने की मांग किया था किन्तु एक ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष बना दिया गया जिसे आम कार्यकर्ता से कोई सरोकार नहीं है। पाण्डेय समर्थक अनिल द्विवेदी, केशव तिवारी, जय प्रकाश मिश्रा, रवि गुप्ता, राकेश पाण्डेय, राम करण मिश्रा, सुशील कुमार पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अंशुमान मिश्रा सहित एक दर्जन से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने उक्त आरोप लगाते हुए सामूहिक इस्तीफे की घोषणा करते हुए हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया है। राम करण मिश्रा ने कहा कि पार्टी में न आंतरिक लोकतंत्र है और नहि कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान है । राम शुमारी एकमात्र ढोंग है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मनमानी और तानाशाही चलती है। विधानसभा प्रत्याशी भी ऐसे व्यक्ति को थोप दिया जाता है जिसे न तो कार्यकर्ता स्वीकार्य है। और कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी स्वीकार्य है। ऐसे में हम लोगों को पार्टी में बने रहना स्वीकार्य नहीं है।

# सांसद खेल महोत्सव पीएम श्री विद्यालय गुढ़ में हुआ आयोजित

## विधायक नागेंद्र सिंह रहे मुख्य अतिथि




**गुढ़ ( नि.प्र )।** गुढ़ नगर स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के पुत्र तथागत मिश्रा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने किया। आयोजन में भाजपा मंडल गुढ़, गोविंदगढ़, रायपुर कर्चुलियान एवं महसाव अंतर्गत विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच पूर्व में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर पर सहभागिता के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ के महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, डॉ. ज्ञानेश्वर द्विवेदी, बी.के. पाण्डेय, अलखमुनि तिवारी, दिलीप दुबे, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, श्रीमती ज्योति सिंह, सुनील सिंह, सौरभ मिश्रा, इश्तियाक खान, अखिलेश मिश्रा, पूनम दुबे, विमला सिंह, नीलम पांडेय, विनोद तिवारी, जगन्नाथ दुबे, महेंद्र तिवारी, संतोष सिंह, दीपमाला पांडेय, सर्वेश्वर शुक्ला, सारिका द्विवेदी, बाबूलाल सोंधिया, श्यामलाल बंसल, सूर्यकांत तिवारी, गौरीशंकर कोल, नितिन पांडेय, मुकेश पटेल सहित लगभग तीन सौ की संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यालयीन स्टाफ एवं प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शेष कार्यों की स्वीकृति, भुगतान में सुधार के निर्देश

## ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**रीवा।** जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला प्रबंधक एनआरएलएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री, बी.एम. एवं ए.बी.एम. एनआरएलएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले की प्रगति प्रदेश स्तर पर 34वें स्थान पर है, जबकि 21 नवम्बर 2025 को जिला 22वें स्थान पर था। लक्ष्य 900 कार्यों के विरुद्ध मात्र 852 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सबसे कम प्रगति जनपद पंचायत गंगेव (86) एवं रीवा (89) की पाई गई। डैशबोर्ड पर केवल 778 कार्य दर्शित हैं। मजदूरी मद में 48.40 लाख रुपए तथा सामग्री मद में 48.16 लाख रुपए व्यय होने के कारण जिले को 100 में से केवल 49.73 अंक प्राप्त हो रहे हैं। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शेष कार्यों की स्वीकृति एवं भुगतान में सुधार के निर्देश दिए गए। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत सक्रिय श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रगति मात्र 38.34 प्रतिशत पाई गई। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान, गंगेव, हनुमना एवं त्योंथर में प्रगति अत्यंत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। निर्देश दिए गए कि 25 दिसम्बर 2025 से पूर्व ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं मेट के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। बैठक में नरेगा के रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन की भी समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक कुल 449 मजदूरी भुगतान के ट्रांजेक्शन लंबित पाए गए। इन्हें 20 दिसम्बर 2025 तक निराकृत करने तथा भविष्य में 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समयबद्ध मजदूरी भुगतान की स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में यह प्रतिशत 94.59 है। भुगतान में विलंब होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# कौशल विकास के 14 दिवसीय प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता के सीखे गुर




## महिलाओं के सशक्तिकरण की ओर एक प्रभावी कदम

**आंचलिक डेस्क।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा के तत्वावधान में नगर परिषद मनगवां में 14 दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस सहभागी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर परिषद मनगवां की अध्यक्ष बुटला बंसल द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनको शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बेसिक प्लम्बिंग एवं वाटर मीटर रीडिंग से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं हेतु स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना, पानी के महत्व को समझाना तथा पानी की बर्बादी रोकने में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को प्लम्बिंग कार्य में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों तथा प्लम्बिंग सिस्टम के प्रमुख पार्ट्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे कार्य को व्यावहारिक रूप से समझ सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सीडीओ शैलेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सोशल सेफगार्ड प्रोफेशनल, सिविल इंजीनियर एवं फील्ड इंजीनियर सहित संविदाकार की तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने प्रशिक्षण को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं ने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का प्रदर्शन किया। सभी प्रशिक्षार्थियों की प्रतिभा, मेहनत एवं सीखने की लगन की सराहना की गई। यह प्रशिक्षण महिलाओं को रोज़गार से जोड़ने, आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा।

# सेमरिया में तीन मतदान केन्द्र के स्थल में परिर्वतन


**रीवा।** नगर परिषद सेमरिया में नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए स्थापित तीन मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया में वार्ड क्रमांक 7 के लिए तहसील राजस्व भवन का मतदान केन्द्र क्रमांक 7 अब आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 8 बी में स्थापित किया गया है। वार्ड क्रमांक 12 का मतदान केन्द्र क्रमांक 12 वन विभाग पुराना कार्यालय भवन को अब अनुसूचित जाति कन्या आश्रम में स्थानांतरित किया गया है। वार्ड क्रमांक 13 का मतदान केन्द्र क्रमांक 14 नगर परिषद सेमरिया जनगणना कक्ष के भाग दो में स्थापित था। इसे अब आंगनवाड़ी केन्द्र भवन वार्ड क्रमांक 13 बी में स्थापित किया गया है। अब नवीन भवनों में ही इन तीनों मतदान केन्द्रों को स्थापित माना जाएगा। नगर परिषद के संबंधित वार्डों में भी मतदान केन्द्र परिवर्तन की सूचना चस्पा कर दी गई है। मतदान केन्द्रों के स्थान परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के तहत की गई है।

# प्रांजलि तिवारी को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित



**गुढ़, नि.प्र.।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में रीवा एम.ए. (इतिहास ) में पूरे विश्वविद्यालय में टॉप करने पर प्रांजल तिवारी, पुत्री संतोष कुमार तिवारी (प्राचार्य गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुढ़) को प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा एसीएसयू के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह, भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# नशे में धुत शिक्षक छात्रों का भविष्य कर रहा बर्बाद



## कलेक्टर से कार्यवाही कि मांग

**जवा ब्यूरो।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पाटी संकुल पनवार में पदस्थ शिक्षक दुर्गा प्रसाद कोल के कृत्यों से छात्र अभिभावक परेशान हैं छात्रों का भविष्य अंधकार मय है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि स्कूल समय में नशे में धुत शिक्षक से छात्र परेशान है। स्कूल में दो सहायक शिक्षक भी है परंतु उनकी भी यही स्थिति है। कलेक्टर रीवा एवं डीईओ रीवा से तत्काल कार्यवाही करने की मांग कि गई हैं। उक्त शिक्षक के विरुद्ध संकुल प्राचार्य पनवार द्वारा जांच कर कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी रीवा एवं कलेक्टर रीवा के पास प्रतिवेदन भेज चुके हैं परंतु आज तक लापरवाह शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहनलाल अदिवासी ने तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

# खपत से तीन गुना ज्यादा भेजा बिजली बिल

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना बिजली विभाग में मनमानी बिजली के बिल भेजने का मामला सामने आया है। उपभोक्ता ने आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि उनके मीटर में रीडिंग से तीन गुना ज्यादा बिजली का बिल भेजा गया है तथा शिकायत करने पर मामले पर कार्यवाही नहीं की गयी तथा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर उसे फोर्सफुली बंद करा दिया गया। मामला भमरहा निवासी भवानी शंकर द्विवेदी का है जिनके मीटर की रीडिंग आज दिनांक तक 875 मात्र है परंतु विभाग के द्वारा 2300 रीडिंग दिखा कर भरी भरकम राशि वसूली जा रही। जब इसकी सूचना हनुमना जेई आर के पटेल को दी गई, उनको मीटर की फोटो दिखाई गई आवदेन दिया गया तो उन्होंने गलती मानते हुए सुधार का आश्वासन दिया लेकिन फिर वही ज्यादा बिल आने पर उपभोक्ता द्वारा जब सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की गई तो अरविंद शुक्ला कंप्यूटर ऑपरेटर द्वार फोरस्ली शिकायत बंद करवाना चाही जब नही हो पाई स्वतः ही 2300 मीटर की रीडिंग सही बता कर शिकायत बंद करवाना चाहते हैं।

# 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में दिखी देश की बहुरंगी संस्कृति

## शा.उ.मा.वि. बदरांव में हुआ आयोजन



**आंचलिक डेस्क।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रीवा नगर में स्थित शा.उ.मा.वि. बदरांव में बच्चों को शामिल करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने देश विविध राज्यों की कला, संस्कृति व विशेषताओं की जानकारी दी गई। छात्रों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आरके जैन द्वारा की गई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदाय किये गए। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की माध्यमिक शिक्षक अदिति पाठक ने बताया कि शासन द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच सक्रिय रूप से बातचीत को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य उनके बीच अधिक आपसी समझ को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का संयोजन माध्यमिक शिक्षक अनीता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विद्यामणि शुक्ला, लच्छू बसोर, विनय तिवारी आदि शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# हर विकासखण्ड में जल स्वावलंबी गांव बनाएं: कमिश्नर

## खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण कराने के निर्देश



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने उच्च प्राथमिकता के कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आवंटित खाद्यान्न का समय पर उठाव करके उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं। समय पर खाद्यान्न न पहुंचाने वाले परिवहनकर्ताओं पर कार्यवाही करें। राजस्व अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर धान उपार्जन के संबंध में प्रतिदिन जानकारी लेकर इससे जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। समितियों में उपार्जित धान का अधिकतम तीन दिवस में परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं जिससे किसानों को भुगतान हो सके। किसानों को अधिकतम सात दिवस की अवधि में भुगतान सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से आने वाली धान पाए जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करें। सिकमी और बटाईदार किसानों के सत्यापन के मामले तीन दिवस में निराकृत करें। कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक पेयजल समस्यामूलक गांव का चयन करें। इस गांव में जल संरक्षण के कार्य कराकर इसे जल स्वावलंबी गांव बनाएं।

# भारत ने किया टी-20 सीरीज जीतकर साल का यादगार अंत

**टीम इंडिया ने अंतिम मुकाबला 30 रन से जीता, पांच मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम की**

**प्लेयर ऑफ द मैच : हार्दिक 63 रन और 1 विकेट**
**प्लेयर ऑफ द सीरीज : वरुण 10 विकेट**

जेएनएन, अहमदाबाद

भारत ने अहमदाबाद में खेले गए पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर वर्ष 2025 का अंत सीरीज 3-1 से जीतकर किया। टी-20 फॉर्मेट में भारत ने लगातार आठवीं द्विपक्षीय सीरीज जीती है और अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस फॉर्मेट में लगातार सबसे अधिक द्विपक्षीय 10 सीरीज जीत का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम है। वहीं भारत ने पहली बार घर पर दक्षिण अफ्रीका से टी-20 सीरीज जीती। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने आक्रामक शुरूआत दिलाई थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए केवल 34 गेंद में 63 रनों की साझेदारी की थी। हार्दिक पंड्या ने अर्धशतक सिर्फ 16 गेंदों में बनाया जो भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। वहीं तिलक वर्मा ने 73 रन जोड़े, जिसकी मदद से भारत ने पांच विकेट पर 231 रन बनाए। पंड्या ने चौथे विकेट के लिए तिलक के साथ 44 गेंद में 105 रन की साझेदारी की। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआत अच्छी की और क्विंटन डिकॉक (65) के क्रीज पर रहते टीम जीत की ओर बढ़त रही थी, लेकिन आखिरी सात विकेट 81 रन के भीतर गंवाकर आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। डिकॉक ने अर्शदीप सिंह को दो ओवर में छह चौके और एक छक्का लगाकर पावरप्ले में जबर्दस्त शुरुआत की।




**16** गेंद में हार्दिक ने अर्धशतक पूरा किया। यह भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे तेज अर्धशतक है। सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड युवराज सिंह (12 गेंद) के नाम है।

■ तिलक टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बन गए। तिलक 10 पारियों में 496 रन बना चुके हैं। रोहित शर्मा ने 17 पारियों में 429 रन जोड़े थे। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुममार यादव तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 14 पारियों में 406 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

**भारतः 231/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो. लिंडे | 37 | 22 | 4 | 2 |
| अभिषेक का. डिकॉक बो. बॉश | 34 | 21 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा रनआउट | 73 | 42 | 10 | 1 |
| सूर्यकुमार का. मिलर बो. बॉश | 5 | 7 | 0 | 0 |
| हार्दिक का. हेंड्रिक्स बो. बार्टमैन | 63 | 25 | 5 | 5 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 3 | 1 | 1 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 20 ओवर में पांच विकेट पर 231 रन, **विकेट पतनः** 1-63, 2-97, 3-115, 4-220, 5-227, **गेंदबाजीः** लुंगी एन्गिडी 4-0-29-0, मार्को यानसन 4-0-50-0, ऑटनील बार्टमैन 3-0-39-1, कॉर्बिन बॉश 3-0-44-2, डॉनोवन फरेरा 2-0-20-0, जॉर्ज लिंडे 4-0-46-1.

**दक्षिण अफ्रीकाः 201/8 (20 ओवर))**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का. एंड बो. बुमराह | 65 | 35 | 9 | 3 |
| हेंड्रिक्स का. शिवम बो. वरुण | 13 | 12 | 1 | 0 |
| ब्रेविस का. सुंदर बो. हार्दिक | 31 | 17 | 3 | 2 |
| मिलर का. सैमसन बो. अर्शदीप | 18 | 14 | 2 | 0 |
| मारक्रम पगबाधा बो. वरुण | 6 | 4 | 1 | 0 |
| डॉनोवन फरेरा बो. वरुण | 0 | 1 | 0 | 0 |
| जॉर्ज लिंडे बो. वरुण | 16 | 8 | 0 | 2 |
| यानसन का. सैमसन बो. बुमराह | 14 | 5 | 0 | 2 |
| कॉर्बिन बॉश नाबाद | 17 | 15 | 1 | 1 |
| लुंगी एन्गिडी नाबाद | 7 | 9 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 14 **कुलः** 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन, **विकेट पतनः** 1-69, 2-120, 3-122, 4-135, 5-135, 6-154, 7-163, 8-177, **गेंदबाजीः** अर्शदीप सिंह 4-0-47-1, सुंदर 4-0-30-0, बुमराह 4-0-17-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-53-4, हार्दिक 3-0-41-1, अभिषेक शर्मा 1-0-13-0.

**न्यूजीलैंड और टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान आज**

# सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम में अप्रत्याशित चयन की संभावना नहीं

जेएनएन, मुंबई

कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके उप-कप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम का चयन करते समय कोई चौंकाने वाला बदलाव किए जाने की संभावना लगभग नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सात फरवरी को टी-20 विश्व कप शुरू होने तक चुने हुए 15 खिलाड़ियों में से किसी को भी बदलने की छूट होगी। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई की धीमी पिचों को ध्यान में रखते हुए वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई में हालांकि कोई भी इस बात को स्पष्ट रूप से नहीं कह रहा है, लेकिन भारत में होने वाला यह वैश्विक टूर्नामेंट सूर्यकुमार के लिए राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के रूप में आखिरी हो सकता है। वह 35 वर्ष के हो चुके हैं और पिछले एक साल से खराब लय में हैं। सूर्यकुमार कप्तान होने के कारण ही लगभग 14 महीनों और 24 मैचों में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड के लिए टी-20 टीम का भी करेगी और यह टीम विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली टीम के समान ही होगी। टी-20 विश्व कप अगर छह महीने दूर होता तो चयन समिति के पास कप्तानी के लिए वैकल्पिक नामों पर विचार करने की गुंजाइश होती। लेकिन सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ होने वाले विश्व कप के शुरुआती मुकाबले से पहले केवल पांच मैच बचे हैं, ऐसे में कोई भी चयन समिति इस निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहेगी। इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम न्यूजीलैंड और उसके बाद टी-20 विश्व कप में भी खेलेगी।



**संभावित टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर। स्टैंड बाईः यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, शाहबाज अहमद/नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा।

**गिल पर सवाल?** मौजूदा भारतीय टी-20 टीम में किसी भी स्थान के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, लेकिन जायसवाल जैसा शानदार विकल्प होने के बावजूद टीम में गिल की मौजूदगी पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता जायसवाल को न्यूजीलैंड सीरीज के लिए अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल करते हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका मूल्यांकन किया जा सके। टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर फिलहाल संजू सैमसन है। सैमसन को शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन से गिल की वापसी के बाद उन्हें इस भूमिका से हटा दिया। सैमसन के लिए विकेटकीपिंग में भी अब दूसरे विकल्प (जितेश शर्मा पहले पसंद के विकेटकीपर और फिनिशर हैं) होने और गिल को उप-कप्तान बनाए जाने के कारण जायसवाल के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल है। जायसवाल किसी अन्य विशिष्ट भूमिका में फिट नहीं बैठते।

## खेल एक नजर

### वर्ल्ड टूर फाइनल्सः सात्विक-चिराग ने नॉकआउट में जगह पक्की की



**हांगझोउ, जेएनएन।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपने अजेय अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को ग्रुप-बी के अपने अंतिम मैच में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को हराकर सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद संयम और रणनीतिक सूझबूझ दिखाते हुए पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेताओं को 70 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हरा दिया। इस तरह वे सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी हैं। इस ग्रुप में सात्विक-चिराग की एकमात्र अजेय जोड़ी को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सिर्फ एक जीत की जरूरत थी। वे मलेशियाई खिलाड़ियों के खिलाफ जीत के रिकॉर्ड में 5-11 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव करके अपने विरोधियों को दबाव में लाकर हरा दिया। साल के आखिर में होने वाले बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स में भारत की मौजूदगी कम ही रही है। पीवी सिंधू एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने यह खिताब जीता है। उन्होंने 2018 में महिला एकल का खिताब जीता था, जबकि साइना नेहवाल 2011 में फाइनल में पहुंची थीं।

### टी-20 विश्व कपः असलंका की जगह शनाका श्रीलंका के कप्तान



**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप की प्रारंभिक टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटाते हुए दासुन शनाका को कप्तान बनाया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि पिछले तीन विश्व कप खेलने का शनाका का अनुभव और बल्लेबाजी में असलंका का खराब फॉर्म इस फैसले का आधार था।

**श्रीलंका प्रारंभिक टीमः** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू।

# हेड के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया जीत की ओर

**एशेज सीरीज तीसरा टेस्टः इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 356 रन की बढ़त**



■ हेड की एडिलेड ओवल में पिछले चार मैचों में उनकी लगातार चौथी सेंचुरी है। वे ऐसा करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डॉन ब्रेडमैन, माइकल क्लार्क और स्टीव स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं।

जेएनएन, एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला, जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और जो रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया। पर्थ में पारी का आगाज करने के लिए भेजे जाने के बाद से पांच पारियों में उनका दूसरा शतक था। तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था, लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।

### बेन-आर्चर के बीच 9वें विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली। बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाये जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 213 रन से की।

**सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया**

# भारत आठवीं बार अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत पाक से




**दुबई, जेएनएन।** उपकप्तान विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार पारियों के दम पर भारत ने वर्षाबाधित सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। बारिश के कारण मैच प्रति टीम 20 ओवर का कर दिया गया। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। जवाब में मल्होत्रा ने 45 गेंद में नाबाद 61 रन बनाए। हाल ही में आईपीएल मिनी नीलामी में आरसीबी द्वारा खरीदे गए मल्होत्रा ने शानदार स्ट्रोक्स लगाए। उनके साथ जॉर्ज ने 49 गेंद में 58 रन की नाबाद पारी खेली। भारत ने लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। मल्होत्रा और जॉर्ज के बीच 114 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत आठवीं बार फाइनल में पहुंचा है। भारत की सेमीफाइनल में शुरुआत खराब रही जब आयुष म्हात्रे (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) को तेज गेंदबाज रसित निम्सारा ने आउट किया। इसके बाद मल्होत्रा ने निम्सारा को छक्का लगाकर दबाव कम किया। उन्हें जॉर्ज के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले छह ओवर में श्रीलंका के तीन विकेट 28 रन पर निकाल दिए। इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा (32) और चमिका हीनातिगाला (42) ने 45 रन की साझेदारी की। सेथमिका सेनेविरत्ने ने 22 गेंद में 30 रन बनाए।

# रिषभ पंत दिल्ली के कप्तान, विराट कोहली खेलेंगे विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैच



**नई दिल्ली, जेएनएन।** विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली ने रिषभ पंत को कप्तान नियुक्त किया है। विराट कोहली को भी 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया हैं। डीडीसीए ने बताया कि इशांत शर्मा और नवदीप सैनी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा हर्षित राणा भी जैसे ही उपलब्ध होंगे, उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 दिसंबर से होगी। अभी यह तय नहीं है कि पंत और कोहली इन सभी मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं, क्योंकि 11 जनवरी से भारत और न्यूीलैंड के बीच वनडे सीरी की शुरुआत होगी। अगर पंत उपलब्ध नहीं होते हैं, तो टूर्नामेंट के पहले दो मैचों के लिए अनुज रावत को स्टैंडबाई विकेटकीपर के तौर पर दिल्ली की टीम में शामिल किया गया है। आयुष बदोनी को टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

### शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे रोहित शर्मा और जायसवाल

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम पहले दो मैच में नहीं खेलेंगे, क्योंकि चयनकर्ता मुंबई की टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे भी शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने बताया, रोहित, यशस्वी, दुबे और यहां तक कि रहाणे भी कम से कम पहले दो मुकाबलों के लिए मुंबई टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा, यशस्वी पेट की समस्या का उपचार करवा रहे हैं और वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

# कॉन्वे ने जड़ा करियर का दूसरा दोहरा शतक, किंग और कैंपबेल ने दिलाई वेस्टइंडीज को ठोस शुरुआत

**तीसरा टेस्टः न्यूजीलैंड ने 575/8 पर घोषित की पारी, विंडीज के बिना विकेट गंवाए 110 रन**



**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), जेएनएन।** डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आई और टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 और जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। किंग ने 63 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था। टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने शुक्रवार को दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने कुल 155 ओवर गेंदबाजी की जिनमें से दूसरे दिन का 65 ओवर शामिल है।




# मोरक्को ने जीता अरब कप

**दोहा, जेएनएन।** अब्दररच्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्व. जीएस पठानिया : अरेरा अकादमी ने उड़ान को हराया

**भोपाल, खेप्र।** अरेरा क्रिकेट अकादमी ने स्व. जीएस पठानिया सर अंडर-18 बॉयज इंटर क्लब/अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में पहली पारी में बढ़त के आधार पर उड़ान क्रिकेट अकादमी को शिकस्त दी। ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान पर उड़ान क्रिकेट अकादमी 28 ओवर में 61 रन पर सिमट गई। विकास पटेल ने 31 रन बनाए। अरेरा क्रिकेट अकादमी के द्रोण श्रीवास्तव ने पांच विकेट झटके। केतन रेवाड़ीकर और अर्जुन शुक्ला को दो-दो सफलता मिली। इस तरह अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 372 रनों की बढ़त हासिल की। अरेरा ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 19 ओवर में 2 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। अर्जुन शुक्ला ने 36 रन की पारी खेली। पीयूष सिंह 50 और शिखर देशमुख 25 रन बनाकर नाबाद रहे। उड़ान अकादमी के अकुल वाघमारे ने 2 विकेट लिए। अरेरा अकादमी ने पहली पारी में अर्जुन शुक्ला (177) के शतक और आर्यन सिंह (67) के अर्धशतक की मदद से 433 रन का विशाल स्कोर बनाया था।

### करातेः 13 साल की दीक्षा सिंह ने जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल, खेप्र।** शहर की 13 साल की दीक्षा सिंह गुरूंग ने 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स कराते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दीक्षा ने अंडर-50 किलोग्राम भारवर्ग में यह पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दीक्षा ने फाइनल मुकाबले में विद्या भारती की खिलाड़ी के विरुद्ध 8-0 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### ई-स्पोर्ट्सः बीजीएमआई में क्रेसेंट वुल्फ बनी चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) में ई-स्पोर्ट्स एरीना चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। ई स्पोर्ट्स के तहत फ्री फायर प्रतियोगिता में टीम एक्स विजेता और उपविजेता एमपी स्पोर्ट्स अकादमी रही। अनुज कीर को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का टाइटल दिया गया। बीजीएमआई गेम कैटेगरी में क्रेसेंट वुल्फ ई-स्पोर्ट्स विजेता और नेवर जेनेसिस उपविजेता रही और प्रिंस को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमुख संस्थानों से 145 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपी की बैठक कल

**रीवा।** पैरामिलिट्री पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन की बैठक रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे सरदार पटेल संस्थान निराला नगर सरस्वती स्कूल के पास आहुत की गई है। बैठक में कन्टीन लीकर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिन कर्मचारियों के हस्ताक्षर हो जाएंगे, उनकी सूची दिलली हेड क्वॉर्टर भेजी जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की समस्याएं सुनीं

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास न्यू सर्किट हाउस रीवा में स्थानीय जनों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये।

# बुजुर्ग के साथ लूट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

### पांडेन टोला के समीप हुई थी घटना



**जागरण, रीवा।** मार्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग के साथ चाकू दिखाकर लूट की घटना बीते 15 दिसंबर को पांडेन टोला के समीप अंजाम दिया गया था। फरियादी आबिद हुसैन पिता इनायत हुसैन निवासी घोघर द्वारा इस संबंध में शिकायत भी की गई थी। उन्होंने बताया कि अपनी स्कूटी से रोजाना की तरह रानी तालाब की ओर मॉर्निंग वॉक करने के लिये जा रहे थे, पाण्डेन टोला के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिना नंबर की मोटर साइकिल से रोक कर चाकू अड़ाकर उनका एक मोबाइल एवं 5570 रुपए नगद लूट करने की घटना बताने पर अज्ञात के विरुद्ध लूट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना सिटी कोतवाली से लूट करने वाले आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई जो मुखबिर एवं तकनीकी माध्यम से संदेही आरोपी आनंद उर्फ नंदू बंसल एवं आशीष उर्फ चोबा बंसल को अभिरक्षा मे लेकर बारीकी से पूछताछ की गई, जिन्होंने लूट की वारदात की घटना को स्वीकार करते हुए बताया की स्कूटी सवार व्यक्ति से अपनी चोरी की मोटर साइकिल का उपयोग करते हुए अपने अन्य साथियों के साथ लूट की एवं लूट के पैसे एवं मोबाइल को चार लोगों के बीच में बाटने की घटना को स्वीकार किया। प्रकरण के आरोपी आनंद उर्फ नन्दू बंसल एवं आशीष उर्फ चोबा बंसल से लूट की घटना में प्रयुक्त चोरी की बिना नम्बर की हीरो स्पेलेण्डर मोटर साइकिल एवं लूट के दो हजार रुपए नकद बरामद किया जाकर गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण के अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी है।

## जनपद पंचायत गंगेव में दो मतदान केन्द्रों में परिवर्तन

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत बड़ोखर तथा खरहरी में मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ोखर में शासकीय प्राथमिक शाला में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 70 को सामुदायिक भवन बड़ोखर में स्थापित किया गया है। ग्राम पंचायत खरहरी में शासकीय प्राथमिक शाला में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 41 को ग्राम पंचाय भवन खरहरी में स्थापित किया गया है।





































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com